


लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल
- 12



इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक
- 12



नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध
- 13



जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर
- 14

आज का मौसम
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 06.02


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वादशी 04:01 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 14 फरवरी 2026, वर्ष 7, अंक 81, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# सेवा तीर्थ से चलेगी सरकार

## नए कार्यालय के उद्घाटन पर मोदी बोले- पुरानी इमारतें गुलामी की प्रतीक

- कहा- सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन विकसित भारत की यात्रा में बनेंगे मील का पत्थर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) और केंद्रीय सचिवालय के नए भवन विकसित भारत की दिशा में देश की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और ये नागरिक-केंद्रित शासन एवं राष्ट्रीय प्रगति के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। नए प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों का उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि इन इमारतों का निर्माण भारत के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय का नाम सेवा तीर्थ रखा गया है जबकि केंद्रीय सचिवालय की दो इमारतों को कर्तव्य भवन 1 और 2 कहा जाएगा।

उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों, वरिष्ठ नौकरशाहों और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, सेवा तीर्थ, कर्तव्य भवन नागरिक-केंद्रित शासन और राष्ट्रीय प्रगति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में शासन का एक नया मॉडल उभरा है जहां नागरिक निर्णय लेने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि नागरिक देवो भव (नागरिक भगवान के समान है) केवल एक वाक्यांश नहीं है, बल्कि यह कार्य संस्कृति है, जिसे अधिकारियों को इन नए भवनों में प्रवेश करते समय अपनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत तेजी से नई ऊंचाइयों और एक नए युग की ओर बढ़ रहा है, और आने वाले वर्षों में राष्ट्र की पहचान केवल उसकी अर्थव्यवस्था से ही नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, नीतियों की स्पष्टता और कर्मयोगियों के समर्पण से भी परिभाषित होगी। उन्होंने कहा कि सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन में लिया गया हर निर्णय केवल एक फाइल की मंजूरी नहीं होगा, बल्कि यह विकसित भारत 2047 की दिशा तय करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक जैसी ऐतिहासिक इमारतें, जिनमें अब तक प्रधानमंत्री कार्यालय के अलावा रक्षा, गृह और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय स्थित हैं, ब्रिटिश साम्राज्य के आदर्शों को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई थीं, लेकिन सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन का निर्माण देश की जनता की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए किया गया है। कहा कि पुरानी इमारतें गुलामी का प्रतीक बन चुकी हैं।



नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व जितेंद्र सिंह।

### मोदी बोले- यहां लिए गए निर्णय 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की नींव बनेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां लिए गए निर्णय किसी सम्राट की इच्छा को प्रतिबिंबित करने के बजाय 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने की नींव बनेंगे। इसी भावना के साथ, मैं सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन को देश की जनता को समर्पित करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 'सुधार एक्सप्रेस' पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया अध्याय लिख रहा है और व्यापार समझौतों के माध्यम से नए द्वार खोल रहा है। देश तेजी से संतृप्ति लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, और काम की नई गति और सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवनों में नए सिरे से विश्वास राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। कहा कि यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि ये संरचनाएं मूल रूप से अंग्रेजों के प्रतीक के रूप में बनाई गई थीं।

# वंदे मातरम नहीं गाने वालों को कान पकड़ कर करें बाहर : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विधानसभा में मुख्यमंत्री के तीखे तेवर कहा- हिंदुस्तान की खाएंगे लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे
- कहा-विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा मातृशक्ति का अपमान

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वंदेमातरम का कोई अपमान नहीं कर सकता। वंदेमातरम का जो विरोध करता है उसका कान पकड़ करके धक्का देकर बाहर करना चाहिए। बोले कि 'वंदेमातरम का जो विरोध करेगा, वह वहीं जाए जहां पर उसको विरोध का स्वर दिखाई देता है, हिंदुस्तान की धरती पर रहने का अधिकार नहीं है'।

योगी ने लोकसभा में कांग्रेस व सपा सांसद के बयान पर चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुस्तान की खाएंगे, लेकिन वंदेमातरम नहीं गाएंगे। मुख्यमंत्री योगी ने सदन में 2 घंटे 13 मिनट तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए सपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण के दौरान हंगामा करके मुख्य विपक्षी दल सपा ने न केवल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख बल्कि मातृ शक्ति का भी अपमान किया। सनातन धर्म की परंपरा में मां की उम्र या अपनी उम्र से बड़ी महिला को मां के समान सम्मान देने का विधान है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर तंज कसते हुए गालिब का शेर भी पढ़ा कि 'उम्र भर मैं ये भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी और आईना साफ करता रहा।'



मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पिछले नौ वर्षों की यात्रा अपराध और अव्यवस्था से अनुशासन की यात्रा है। कर्फ्यू से कानून के राज की यात्रा है। उपद्रव से उत्सव की यात्रा है। समस्या से समाधान की यात्रा है और अविश्वास से आत्मविश्वास की यात्रा है। उन्होंने प्रदेश की उपलब्धियों, नीतिगत बदलावों और भविष्य की दिशा का व्यापक खाका प्रस्तुत किया। बताया कि आज यूपी बीमारू राज्य नहीं है, आज यह ट्रिपल-टी का एक प्रतीक बना है। ट्रिपल टी मतलब टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन। यानी एक त्रिवेणी बनकर के उभरा है। महिलाओं की सुरक्षा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले देख सपाई बिटिया घबराई जैसी कहावत प्रचलित थी, लेकिन आज महिलाएं नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सपा पर सीधा हमला बोलते हुए उसे अपराधियों की जननी बताया। एनकाउंटर और कानून-व्यवस्था पर कहा कि कानून से बड़ा कोई नहीं है।

## मुख्तार अंसारी के शूटर रहे बॉबी की गोली मारकर हत्या

**बाराबंकी।** 27 साल पहले हुए जेलर हत्याकांड में आरोपी व मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य रहे शोएब किदवई उर्फ बॉबी की शुक्रवार दोपहर गोलियों से छलनी कर हत्या कर दी गई। लखनऊ से कचेहरी आते समय बदमाशों ने कार को घेर बाबी पर ताबड़तोड़ 10 राउंड फायर किया। बॉबी को तीन से चार गोलियां लगीं।

मौके पर पहुंचे एडीजी प्रवीण व एसपी ने घटनास्थल की पड़ताल की। अयोध्या राजमार्ग पर असेनी मोड़ पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे डीएम आवास से कुछ ही दूरी पर रहने वाले अधिवक्ता शोएब किदवई उर्फ बॉबी लखनऊ से अकेले ही कार चलाकर बाराबंकी वापस आ रहे थे तभी बाइक पर सवार दो बदमाश आगे आ गए और फायरिंग शुरू कर दी। दस राउंड फायरिंग में तीन गोलियां लगने से बॉबी की मौत हो गई।

# बांग्लादेश में बीएनपी की बड़ी जीत तारिक रहमान का पीएम बनना तय

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में गुरुवार को हुए 297 सीटों पर हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। बीएनपी गठबंधन ने 209 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को करीब 68 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी।

2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है।



- 20 साल बाद सत्ता में वापसी 297 में से 209 सीटें जीतीं तारिक नए चेहरे के तौर पर उभरे

(संबंधित देश-दुनिया पर)

### मोदी ने तारिक से बात कर जीत की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने बीएनपी की जीत पर उसके नेता तारिक रहमान से बात की और दोनों देशों के लोगों की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए भारत की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि वह साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए बांग्लादेश के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। रहमान की जीत उनके नेतृत्व में बांग्लादेश का भरोसा दर्शाती है।




## शहर में आज

- जिले के समस्त थानों में समाधान दिवस सुबह 10 बजे से।
- मोहल्ला भूरे खां में मदरसा सरचश्मे हिदायत उन जामियातुल रजविया मदीनतुल इस्लाम में वैक्सीनेशन कैंप सुबह 09 बजे से।
- समस्त राशन की दुकानों पर राशन सुबह 08 बजे से।
- श्रीबालाजी नींव करौरी धाम काशीराम ईदगाह कॉलोनी में हवन दोपहर 12 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदर के हमले में बालक घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार** : बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। संत नगर कॉलोनी निवासी कृपाल सिंह का छह वर्षीय पुत्र रितिक स्कूल से आने के बाद पड़ोस के हैप्पी व अंशुल के साथ खेल रहा था। इसी दौरान एक बंदर छत से नीचे उतर आया और रितिक को हमला कर घायल कर दिया। शोर सुनकर लोग पहुंचे और बचाया। घायल को सीएचसी भर्ती कराया है।

### पति ने पीटकर महिला को किया लहूलुहान

**पीलीभीत, अमृत विचार** : एक महिला की उसके पति ने पिटाई कर दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शेर मोहम्मद निवासी मेहनाज बी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति मोहम्मद नदीम उसके साथ आए दिन झगड़ा करता है। आरोप है कि अन्य महिलाओं के साथ संबंध है। जिसके चलते पति उसे और उसके बच्चों को पीटता है। आठ फरवरी की शाम छह बजे वह घर पर खाना बना रही थी। तभी पति ने झगड़ा करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। उसके सिर पर कुकर मार दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### बिछड़ी मासूम को परिवार से मिलाया

**दियोरियाकलां** : एसओ गौतम सिंह ने बताया कि गांव जमुनिया महुआ निवासी रामसिंह मानसिक रुप से अस्वस्थ हैं। उसकी छह वर्षीय भतीजी दिव्या चाचा संग घूमने चली गई और मानसिक रुप से स्वस्थ होने के चलते वह रास्ता भटक गया। इसकी सूचना मिलने पर गए थे। टीम के साथ छह घंटे में बच्ची को बरामद कर परिवार के सुपुर्द कर दिया है।

# अवैध कॉलोनी में पहुंचते ही बजी घंटी, सिटी मजिस्ट्रेट के साथ पहुंची टीम का बदला रुख

## टीम ने दूसरी कॉलोनी में पहुंचकर निभाई कार्रवाई की औपचारिकता, 15 से अधिक कॉलोनियां रडार पर

- एक माननीय के कॉल के बाद टीम के वापस जाने की चर्चाएं तेज
- सिटी मजिस्ट्रेट बोले- चल रहा है अभियान, आगे भी रहेगा जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पिंक सिटी के पीछे की तरफ विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर किए निर्माण को ध्वस्त कराते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसने के दावों के साथ प्रशासन की ओर से शुरू किए गए अभियान की दूसरी कार्रवाई भी ठोस साबित नहीं हो सकी। सिटी मजिस्ट्रेट की अगुवाई में पहुंची टीम ने नकटादाना चौराहा के पास पिंक सिटी कॉलोनी के पीछे की तरफ स्थापित एक कॉलोनी पर किए गए नींव आदि निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। वहीं, नजदीक की ही एक कॉलोनी पर जेसीबी गरजते ही बताते हैं कि माननीय के कॉल की घंटी बजी और फिर आधी अधूरी कार्रवाई कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली गई। फिलहाल अधिकारियों का कहना है कि चिन्हित की गई करीब 15 से अधिक अवैध कॉलोनियां रडार पर हैं। उन पर आगे सख्त एक्शन लिया जाएगा।

कुछ समय में तेजी से शहर व आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल फैलता चला गया। इन पर कार्रवाई के नाम पर पूर्व में नोटिस जारी किए और फिर जिम्मेदार भूल गए। बीते दिनों माधोटांडा रोड पर नए बाइपास के पास 12 लोगों को पकके निर्माण करनेपर नोटिस जारी किए गए। निर्माण कार्य ध्वस्त करने की चेतावनी भी दी गई थी। इसी स्थान पर कई नई कॉलोनियां भी अवैध तरीके से विकसित की जा रही हैं। इन पर कार्रवाई करने की बात बीते दिनों की गई।

शुक्रवार को जब प्रशासन की टीम निकली तो माना जा रहा था कि माधोटांडा रोड पर स्थित कॉलोनियों पर शिकंजा कसेगा। मगर, ये मुहिम अचानक तब्दील हुई और सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर की अगुवाई में टीम नकटादाना चौराहा के पास पिंक सिटी कॉलोनी के पीछे की तरफ पहुंची। नगरपालिका की जेसीबी इस बार भी नहीं मिल सकी। किराए पर जेसीबी मंगवाई गई।

पुलिस बल भी साथ रहा। बताते हैं कि पहले टीम ने एक अवैध कॉलोनी पर हुए निर्माण कार्य को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। कुछ हिस्से के छिटपुट निर्माण पर जेसीबी चल सकी थी कि अचानक टीम आगे की ओर बढ़ गई। बताते हैं कि एक माननीय की कॉल के बाद यहां पर कार्रवाई को आधा अधूरा ही छोड़ दिया गया। फिर कुछ दूरी पर पहुंचकर टीम ने एक जगह विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई की। यहां पर टीम करीब एक घंटा रुकी और जेसीबी से परिसर में किए गए छिटपुट निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर कर्तव्यों से इतिश्री कर ली गई। हालांकि बताते हैं कि यहां पर हुई कार्रवाई का अधिक असर कॉलोनाइजर पर नहीं पड़ा। वह तो पहले ही अधिकांश प्लाट बेच चुका है। फिर टीम लौट गई। इस दौरान खलबली मची रही।

### शत्रु संपत्ति होने का शोर, पाइप लाइन किसने डलवाई

जिस अवैध कॉलोनी पर प्रशासन की ओर से कार्रवाई की गई। उक्त जमीन को लेकर भी संशय की स्थिति बनी रही। कार्रवाई के दौरान जमा हुए कुछ लोगों का तो कहना था कि जिन लोगों ने कॉलोनी विकसित की है। उनके द्वारा शत्रु संपत्ति पर कब्जा कर कॉलोनी काट दी गई है। इसके प्लाट भी बेचे जा चुके हैं। इसके अलावा अवैध कॉलोनी तक पानी की पाइप लाइन भी डाली गई थी। जिसे सरकारी बताया जा रहा था। इसे सुनकर सिटी मजिस्ट्रेट भी दंग रह गए। फिलहाल उन्होंने इस दिशा में भी जांच कराने की बात कही है।

### सत्ता तो कहीं विपक्ष का साथ, कार्रवाई नहीं आसान

माधोटांडा रोड पर नए बाइपास के पास विकसित की जा रही कॉलोनियां भी प्रशासन की ओर से चिन्हित की गई हैं। अभी तक इन स्थानों पर कार्रवाई नहीं हो सकी है। अधिकारी आगे सख्ती का दावा कर रहे हैं। मगर, बताते हैं कि इन पर कार्रवाई करना इतना आसान नहीं है। बिना नक्शा पास कराए स्थापित की जा रही कॉलोनियों के साथ कहीं सत्ता तो कहीं विपक्षी दल के नेताओं के नाम चर्चित हैं। यहां तक कि कुछ के तो पार्टनर होने तक का शोर लंबे समय हैं। अभी तक कोई एक्शन लिए जाने के पीछे भी इसी को वजह माना जा रहा है।

> बिना नक्शा पास कराए विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में लगातार कार्रवाई चल रही है। शुक्रवार को भी दो कॉलोनियों पर किए गए निर्माण कार्य कोध्वस्त किया गया है। अभी आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। करीब 15 कॉलोनियों को चिन्हित किया गया है। - **विजय वर्धन तोमर**, सिटी मजिस्ट्रेट।

# चरमराई यातायात व्यवस्था में सुधार करने की मांग



एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा से मुलाकात करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एसपी से मिले व्यापारी, कई बिंदुओं पर की चर्चा

**अमृत विचारः** नवागत एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा से व्यापारियों ने मुलाकात की। इस दौरान शहर की यातायात और कानून व्यवस्था समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को पुलिस लाइन स्थित कार्यालय में एसपी से मिला। व्यापारियों व पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर चर्चा रही। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल महेंद्रू, जिला अध्यक्ष एमए जिलानी ने एसपी का अभिनंदन किया। व्यापारियों की सुरक्षा और शहर की चरमराई यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष एमए जिलानी ने बाज़ार की सुरक्षा को लेकर बात रखी। कहा कि मुख्य बाज़ारों और थोक मंडियों में रात के समय पुलिस की गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है ताकि चोरी और लूट जैसी घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लग सके। बीट स्तर पर नियमित बैठकों का भी सुझाव दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने शहर के मुख्य चौराहों और बाज़ारों में लगने वाले भीषण जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। कहा कि बेतरतीब पार्किंग और अतिक्रमण के कारण न केवल ग्राहक परेशान होते हैं, बल्कि व्यापार भी प्रभावित है।

उन्होंने सुझाव दिया कि व्यापारियों के सहयोग से एक नया ट्रैफिक मास्टर प्लान तैयार किया जाए। नगराध्यक्ष रणवीर पाठक ने सीसीटीवी के नेटवर्क को और मज़बूत करने का आग्रह किया। इस मौके पर शैली शर्मा, सुनील वर्मा, नाहिद ख़ान, ललित अग्नानी, विक्रांत, आशीष लोधी, ऋषभ सिंह , सलमान ख़ान, विक्रांत मिश्रा, सुनील वर्मा आदि मौजूद रहे

# 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जसनप्रीत और उजैफ रहीं प्रथम

- वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन
- खेलों से होता है शारीरिक एवं मानसिक विकास: प्रधानाचार्य

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** एसके पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक जगजीत सिंह और विशिष्ट अतिथि अजय चक्रवर्ती ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों को खेल भावना का महत्व बताया।

प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी ने कहा कि खेलों से विद्यार्थियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। शैक्षणिक निदेशक राजेन्द्र सिंह ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जनसप्रीत कौर प्रथम, अराध्या गंगवार द्वितीय और स्नेहलप्रीत कौर तृतीय रहीं। बालक वर्ग में मोहम्मद उजैफ प्रथम, हिमांशु द्वितीय और जयकीर्तनिया तृतीय रहे। गोला फेंक बालक वर्ग में हरगुन सिंह प्रथम, मोहित सिरोला द्वितीय और मनविंदर सिंह तृतीय रहे, जबकि बालिका वर्ग में अमनप्रीत कौर प्रथम, जसकिरत कौर द्वितीय व संगम कुमारी तृतीय रहीं। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में हरकिरत कौर प्रथम, वंशिका द्वितीय, खुशी नलवा तृतीय रहीं। बालक वर्ग में अंशराज प्रथम, अमन कुमार द्वितीय, श्रेयांश तृतीय रहे। लंबी कूद बालिका वर्ग में दीपशिखा प्रथम, नवदीप कौर द्वितीय, लोनिका सक्सेना तृतीय रहीं। बालक वर्ग में वंश प्रथम, उजैफ द्वितीय, रणवीर तृतीय रहे। संचालन लक्ष्मण सिंह, सीपी सक्सेना ने किया।

# खाना बनाते लगी आग, सामान जला

**दियोरियाकलां, अमृत विचारः** खाना बनाते वक्त लगी आग कमरे में रखे सामान तक चली गई। इसमें काफी सामान जल गया। राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन किया। ग्राम मधवापुर निवासी मेवाराम के दो बेटे हरीश कुमार और पंकज कुमार हैं। गुरुवार रात आठ बजे हरीश कुमार की पत्नी दीपिका कमरे में गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी। इस दौरान अचानक आग लग गई। जिसने कमरे में रखे फ्रिज, कूलर अलमारी, डबल बेड,कपड़े, रजाई गद्दा कुर्सी समेत डेढ़ का सामान जल गया। शोर पर जमा हुए आसपास के ग्रामीणों की मदद से आग को बुझाया जा सका। हादसे के चलते मौके पर भीड़ रही।

# बोर्ड परीक्षा के लिए चार मंडलीय सचल दलों का किया गठन

- खीरी जिले सहित मंडल के सभी जिलों में करेंगे निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए मंडलीय स्तर पर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। परीक्षा व्यवस्था की प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक, लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार ने चार मंडलीय सचल दलों का गठन किया है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय के मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि पहले सचल दल के प्रभारी स्वयं संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार होंगे। दूसरे सचल दल की प्रभारी उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक रेखा दिवाकर को बनाया गया है।तीसरे दल की जिम्मेदारी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) श्याम किशोर तिवारी को सौंपी गई है, जबकि चौथे सचल दल का दायित्व डॉ. दिनेश कुमार को दिया गया है।

18 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान ये सचल दल लखनऊ मंडल के छह जिलों खीरी, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली, हरदोई और लखनऊ के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण में परीक्षा की गोपनीयता, केंद्रों की व्यवस्थाएं और नकल रोकने के उपायों की जांच की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल रिपोर्ट बनाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक सचल दल में एक प्रभारी के साथ दो पुरुष और दो महिला सदस्य शामिल किए गए हैं, जिससे परीक्षा की निगरानी प्रभावी ढंग से की जा सके।

# आईटीआई में बनेगा 60 बेड का महिला हॉस्टल और हाईटेक ऑडिटोरियम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



आईटीआई कॉलेज का भवन। ● अमृत विचार

- प्रशिक्षण और सेमिनार को मिलेगा नया मंच, सात करोड़ होंगे खर्च

**अमृत विचार** : आईटीआई कॉलेज को विकसित करने और दूर दराज से आने वाली छात्राओं के लिए सुविधा मुहैया कराने के उदेश्य से महिला हॉस्टल और हाईटेक ऑडिटोरियम स्थापित किया जाएगा। इन दोनों प्रोजेक्ट के लिए सात करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। जिसको स्वीकृति मिल गई। अब सिर्फ बजट का इंतजार है। जिसके बाद काम शुरु करा दिया जाएगा। इस ऑडिटोरियम बनने से आईटीआई को प्रशिक्षण और सेमिनार के लिए एक अत्याधुनिक मंच मिल सकेगा।

शहर के मोहल्ला देशनगर में आईटीआई कॉलेज की स्थापना दशकों पहले की गई थी। जहां छात्र-छात्राओं को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों के प्रशिक्षण कराए जाते हैं। आईटीआई के पास खुद की काफी जगह खाली पड़ी हुई है, लेकिन उनके पास सेमिनार और प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम कराने के लिए कोई स्थायी मंच नहीं था। जिसको लेकर प्रस्ताव बनाया गया था।

आईटीआई कॉलेज में 500 सीट का हाईटेक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। जिसमें साउंड आदि के साथ कुर्सी मेज आदि की स्थायी व्यवस्था होगी। जहां बड़े- बड़े सेमिनार का आयोजन हो सकता है। इसके अलावा आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण ले रही दूर दराज की छात्राओं को बाहर किराए पर कमरा लेकर रहना पड़ता है। इसको लेकर भी विभाग की ओर से 60 बेड का महिला हॉस्टल भी बनाया जाएगा। यह कार्य अल्पसंख्यक विभाग की ओर से कराया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए 7 करोड़ का एस्टीमेट पास हुआ है। आईटीआई कॉलेज के प्रधानाचार्य यज्ञ प्रकाश ने बताया कि जमीन चिन्हित की जा रही है। इन दोनों सुविधाओं के शुरु होने से काफी सहूलियत मिलेगी। प्रोजेक्ट पास हो चुके हैं। अब बजट का इंतजार है।

# आरसेटी में मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण संपन्न



प्रशिक्षण के समापन पर मौजूद युवा। ● अमृत विचार

**गजरौला, अमृत विचारः** विकास भवन स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (आरसेटी) में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया।

इसमें युवक-युवतियों को मशरूम की खेती की बारीकियां सिखाई गईं, ताकि वह आत्मनिर्भर बन सकें। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को बीज प्रबंधन, पैकेजिंग और विपणन जैसी तकनीकें सिखाई गईं। उन्हें एक मशरूम फार्म और ट्रेनिंग सेंटर का दौरा भी कराया गया, जहां उन्होंने ऑयस्टर, मिल्की और बटन मशरूम का उत्पादन करना सीखा। डॉ. चंद्रशेखर और आकाश शुक्ला ने प्रशिक्षक के रूप में मौजूद रहकर जानकारी दी। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ संकाय अभिनव सहगल, फिजा खानम आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# मारपीट करने के बाद फेंके पत्थर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम वसंतापुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र भूपराम शर्मा ने न्यूरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी की रात आठ बजे वह घर के बाहर बैठे थे। तभी गांव का अमित शर्मा आया, और उसके साथ गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपने भाई सचिन और रिश्तेदार राज शर्मा को बुला लिया। तीनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने अपने ताऊ चंद्रसेन की छत पर जाकर उसके ऊपर ईंट पत्थर फेंके। जिसमें उनके साथ ही पुत्र आनंद, हैप्पी और पत्नी घायल हो गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज की है।

**देवर ने पीटाः पीलीभीत।** गजरौला क्षेत्र के ग्राम गढ़ा पचपेड़ा निवासी वीरेंद्र कौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 फरवरी की दोपहर तीन बजे वह अपनी सास शीतल कौर को देखने गई थी। वहां मौजूद देवर राजवंश सिंह ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसको धक्का दे दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# विद्यार्थियों के सम्मान में हुआ आशीर्वचन समारोह



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, मझोला

**अमृत विचारः** चौधरी उमराव सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों के सम्मान में आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रबंधक सुरेन्द्र मल्ल, प्रधानाचार्य सत्येन्द्र सिंह, शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन करके कराई।

कक्षा एकादश के विद्यार्थियों ने सीनियर साथियों के लिए स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य सत्येन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। सफलता के साथ अच्छे संस्कार भी जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संदेश दिया। इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# यातायात नियमों का पालन करने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** डिवाइन कॉलेज में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रोड सेफ्टी क्लब द्वारा छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. हरचरन लाल ने विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सड़क पर चलते समय हमें अपनी गति नियंत्रित रखनी चाहिए, दो पहिया वाहन चलाते समय हैलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए। विशेष कर युवा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।भरतवीर हेमन्त, ऊषा राना, लवली वर्मा, प्रिया सिंह, खुशी भारती, मुन्तहा, रतन प्रभा, कोमल, शिफा, रामसिंह, पायल सिंह, पायल गंगवार, कविता, शीतल, मेघा, मधु, नेहा गंगवार, सोनाली, संजना, सपना, स्वाती, आकाश, धनदेवी, शिखा, नीलोफर, स्वाती गुप्ता, यश गंगवार, स्नेहा शर्मा, पूजा, सौरभ, पलक, अश्विन, दिशा मौर्या, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार जायसवाल ने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की।

चेतावनी

## डीएम ने लगाया प्रतिबंध, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत की जाएगी कार्रवाई

# खेतों में ब्लेड वाले या कंटीले तार लगाए तो कार्रवाई होना तय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



फसलों को बचाने के लिए खेत के किनारे लगे ब्लेड वाले तार।

- पीटीआर व वन एवं वन्यजीव प्रभाग को वन सीमा के नजदीक नजर रखने के निर्देश

**अमृत विचारः** फसल सुरक्षा को लेकर खेत के चारों तरफ ब्लेड वाले या फिर कंटीले तार लगाना महंगा साबित हो सकता है। ऐसे तार लगाने वाले किसानों पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। शासन से मिले निर्देश के बाद जनपद में ऐसे तारों को लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस बाबत डीएम ने सभी एसडीएम और तहसीलदार को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

जनपद में खास तौर पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे इलाकों में छुट्टा पशुओं एवं वन्यजीवों से कृषि फसलों को बचाने के लिए किसानों द्वारा खेतों के चारों ओर कंटीले तार लगाए जाते हैं, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान से रोका जा सके। हालांकि कई बार यह कंटीले तार छुट्टा पशुओं के अलावा वन्यजीवों के लिए मुसीबत का सबब भी बन रहे हैं।

अक्सर इन कंटीले तारों में फंसकर पशुओं के घायल होने के साथ मौत भी हो जाती है। पूर्व में ऐसे मामले सामने भी आ चुके हैं। हालांकि किसी गोवंश एवं अन्य पशुओं के साथ वन्यजीवों के अंगभंग करना, उसके जीवन को संकट उत्पन्न करने वाली किसी परिस्थिति में लाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में शासन ने खेतों के चारों तरफ ब्लेड वाले एवं कंटीले तार लगाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिशा निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि किसानों द्वारा खेतों की फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए ब्लेड वाले/ कंटीले तार को पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है। किसानों द्वारा फसल सुरक्षा को लेकर लगाए जाने वाले ब्लेड वाले एवं कंटीले तारों से गोवंशों के साथ-साथ वन्यजीव भी घायल हो जाते हैं। ऐसे में अब यदि कोई किसान अपने खेतों में ऐसा करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई को सकती है। किसान विकल्प के तौर पर साधारण तार या रस्सी का प्रयोग कर सकते हैं। इस बाबत डीएम ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को अपने स्तर से राजस्व कार्मिकों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि यदि किसी किसान द्वारा खेतों में ब्लेड वाले एवं कंटीले तारों को लगाया जाता हे तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### दोनों प्रभागों को भी निर्देश जारी

फसल सुरक्षा को लेकर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के सटे इलाकों में किसानों द्वारा खेतों के किनारों पर बड़े पैमाने पर ब्लेड वाले या कंटीले तार लगाए गए हैं। जंगल से बाहर निकलने वाले शाकाहारी वन्यजीव इन कंटीले तारों में फंसकर चोटिल हो रहे हैं। पूर्व वर्षों में एक साथ तीन-चार हिरन इन कंटीले तारों में फंसकर घायल हो गए थे। बताते हैं कि इसमें दो हिरनों की मौत भी हो गई थी। ऐसे में डीएम ने पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ को भी अपने स्तर से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

> फसल सुरक्षा को लेकर खेतों में ब्लेड वाले एवं कंटीले तारों को लगाए जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इनसे गोवंशों के साथ-साथ वन्यजीव भी घायल होते हैं। इसकी रोकथाम के लिए सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया गया है। -**ज्ञानेंद्र सिंह**, जिलाधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात माह पूर्व थाना घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली उसकी भांजी घर आई थी। वह उसके घर रह रही थी। गांव के पड़ोस का उमेश अपनी भाभी ममता देवी की मदद से किशोरी को फुसलाकर सात फरवरी को ले गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी संजीव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 जनवरी की शाम चार बजे बिलसंडा से बीसलपुर बाइक से आ रहे थे। उनके साथ मोहल्ला हबीबुल्लाह का जनूबी का वीरेंद्र कुमार भी था। मानपुर पुल के पास कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले में कार चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### बंदर के हमले से महिला गिरकर घायल

**निगोही, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोहल्ला पालबस्ती निवासी जाकरी बेगम शुक्रवार को दिन में 11बजे मकान की छत पर किसी काम से गयी थी। एक बंदर ने उनके ऊपर हमला कर दिया। महिला ने शोर मपया तो छत से भागी। इस दौरान पैर फिसलने से जीने से गिरकर महिला घायल हो गयी। परिवार वाले उसे सीएचसी पर ले गए।

### महिला को पीटकर घर से निकाला

**पीलीभीत,अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम धनकुना निवासी रुखसार की ओर से एसपी के आदेश पर न्यूरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी 25 नवंबर 2024 को भुता बरेली के मोहल्ला नई बस्ती निवासी तौफीक पुत्र गुलाम नबी से हुई थी। शादी के बाद से उसके पति तौफीक, ससुर गुलाब नबी, सांस कुवरा बेगम, देवर तसलीम, नफीस, आनीस दहेज में प्लॉट और पांच लाख रुपये व जेवर की मांग कर रहे थे। इसके पूरा न होने पर 15 नवंबर 2025 को पीटकर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# मुर्गे के रुपये मांगने पर युवक ने किया फायर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के गांव उमरसड़ निवासी रवि ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कस्बे की बाजार में मुर्गे बेचते हैं। गुरुवार को वह गांव की बाजार में मुर्गे बेच रहा था। इसी क्षेत्र के गांव कनाकोर निवासी हरवंश पुत्र बुद्धसेन वहां आया और मुर्गो खरीदने की बात कही। सौदा तय होने के बाद भी आरोपी ने उसे कम रुपये देकर जाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज करते हुए वहां से चला गया।

थोड़ी देर बाद वह बाजार में तमंचा लेकर आया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने तमंचे से फायर कर दिया। जिसमें वह बाल बाल बच गया। इतना ही नहीं फयरिंग की आवाज सुनकर भगदड़ मच गई। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### ग्रामीण को किया घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम करनपुर लायकराम निवासी उमेश कुमार ने बताया कि 21 जनवरी को वह ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना लेकर लुहिचा सेंटर पर तौल कराने गए थे। गन्ना क्रय केंद्र पर ग्राम लुहिचा के अशोक कुमार, अनु, कश्मीर, सल्ले, निराले, मोना आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# जंगली हाथियों का उत्पात रोकने के लिए लगीं चार टीमें

- माला रेंज से सटे इलाकों में कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं जंगली हाथी
- वन महकमे के लिए हाथियों को जंगल के अंदर रोकना बनता जा रहा चुनौती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जंगली हाथियों द्वारा तोड़ी गई फेसिंग को दुरुस्त करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। इन दिनों माला रेंज से सटे गांवों में इन हाथियों को आतंक जारी है। जंगली हाथियों के झुंड लगातार कृषि फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान भी जंगली हाथियों के डर खेतों में रखवाली करने नहीं जा रहे हैं। यह दीगर बात है कि जिंम्मेदार जंगली हाथियों से निजात पाने को कोई ठोस इंतजाम न कर महज निगरानी करके काम चला रहे है। हालांकि माला रेंज के वन अफसर निगरानी के लिए चार टीम लगाने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि निगरानी के साथ-साथ किसानों को जागरुक भी किया जा रहा है।

जनपद में पिछले कई सालों से नेपाली हाथी पड़ोसी देश नेपाल और पीलीभीत टाइगर रिजर्व से ही सटी हुई लखीमपुर खीरी की किशनपुर सेंचुरी से आते-जाते रहते हैं। हालांकि नेपाल की ओर से जंगली हाथी दशकों पूर्व से आते रहे हैं। उस दौरान बड़ी संख्या में हाथियों के अलावा गैंडें समेत अन्य वन्यजीवों की आवाजाही रहती थी। दरअसल लग्गा-भग्गा के जंगल के जिस रास्ते से नेपाली हाथी और गैंडें आते रहते हैं, वह इन वन्यजीवों का दशकों पुराना एक सुरक्षित कॉरिडोर रहा है। जंगली हाथियों का झुंड यहां के जंगलों में कई-कई दिन तक विचरण कर वापस लौट जाता था। अब आलम यह है कि जंगली हाथी कई-कई दिनों तक दिन भर टाइगर रिजर्व के जंगल में डेरा डालने के बाद रात को बाहर निकलकर उत्पात मचा रहे हैं। इन दिनों पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज से सटे गांवों में हाथियों के झुंड उत्पात मचाए हुए हैं।

> चार टीम लगातार जंगली हाथियों की मॉनिटरिंग में लगी हुई हैं। निगरानी के साथ संबंधित क्षेत्रों के किसानों को भी जागरूक किया जा रहा है। हाथी आबादी क्षेत्र में न पहुंचे, इसको लेकर उन्हें जंगल के अंदर ही रोकने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं।
> – **रॉबिन सिंह**, क्षेत्रीय वनाधिकारी, माला रेंज।

जंगली हाथियों के झुंड खेतों में खड़ी गेहूं, गन्ना एवं सरसों की फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताते हैं कि नेपाल की गौरीफंटा सेंचुरी से निकला जंगली हाथियों का झुंड लग्गा-भग्गा होते हुए पीलीभीत टाइगर रिजर्व में घुसा है। यही झुंड यह लंबे समय से माला रेंज को ठिकाना बनाए हुए हैं। इधर किसान जंगली हाथियों के आतंक से इस कदर डरे हुए हैं कि खेतों में फसलों की रखवाली करने तक नहीं जा रहे हैं। इधर इन हाथियों की निगरानी करने एवं इन्हें जंगल से बाहर निकलने से रोकने के लिए वन कर्मियों की चार टीमें लगाई गई है। यह टीमें हाथी प्रभावित क्षेत्रों में घूमकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का जायजा लेने के साथ किसानों को अपनी फसलों को नुकसान से बचाने के उपायों जैसे की रोशनी, ड्रम आदि का उपयोग एवं शोर-शराबा करने आदि के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# बाबूगिरी करने वाला बीसलपुर इंटर कॉलेज का चपरासी निलंबित

## पत्नी के खाते में सरकारी एक करोड़ से अधिक की धनराशि भेजने के मामले में हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



डीआईओएस दफ्तर में इसी कमरे में काम करता इल्हाम शम्सी।

- डीआईओएस ने दिखाई सख्ती, गठित की गई कमेटी की जांच की गति धीमी

**अमृत विचारः** कई सालों से मूल पद इंटर कॉलेज में चपरासी का काम छोड़ अवैध तरीके से डीआईओएस कार्यालय में बाबूगिरी करने वाले इल्हाम शम्सी पर विभागीय शिकंजा कसा है। एक करोड़ से अधिक रुपये की सरकारी धनराशि पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए जाने के बाद फंसे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई की गई। उसे निलंबित कर दिया गया है। इधर, डीएम के निर्देश सीडीओ की अगुवाई में कमेटी मामले की जांच कर रही है।

मूल रूप से बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर तैनात इल्हाम शम्सी कई सालों से डीआईओएस दफ्तर में बाबूगिरी कर रहा था। अवैध तरीके से अटैचमेंट के नाम पर वह मुख्य पटलों का कार्यभार दे रखा था। बीते दिनों एक मामला बैंक के अधिकारियों द्वारा पकड़ा गया और एक बड़े घोटाले की ओर इशारा हुआ। बताते हैं कि इल्हाम शम्सी की पत्नी के बैंक खाते में एक करोड़ से अधिक रुपये पहुंचे थे। ये ट्रांजेक्शन डीआईओएस कार्यालय से जुड़े सरकारी धनराशि के थे।

प्रथम दृष्टया सामने आया है कि ये रकम शिक्षकों के वेतन फंड से जुड़ी थी। जिसके बाद उसकी पत्नी के खाते को फ्रीज कर दिया गया था। मामला संज्ञान में आने पर डीआईओएस राजीव कुमार से रिपोर्ट मांगी गई। वहीं, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने प्रकरण में सीडीओ की अगुवाई में कमेटी गठित कर जांच शुरू कराई है, जोकि अभी सुस्त गति से चल रही है। माना जा रहा है कि गहनता से जांच की गई तो इसमें कई जिम्मेदारों की गर्दन फंस सकती है। इधर, प्रकरण सुर्खियां बनने के बाद अब विभागीय कार्रवाई कर दी गई है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम शम्सी को निलंबित कर दिया गया है। हालांकि अभी भी इस मामले में पूरी तरह से तस्वीर साफ करने से जिम्मेदार बचते नजर आ रहे हैं।

### पटल पर काबिज होने के लिए कर्मचारियों के बीच जद्दोजहद तेज

लंबे समय से बीसलपुर के इंटर कॉलेज का इल्हाम शम्सी डीआईओएस कार्यालय में महत्वपूर्ण पटलों की जिम्मेदारी संभाल रहा था। अब उसके निलंबन के बाद ये काम किसी न किसी दूसरे कर्मचारी को दिया जाना है। ऐसे में संबंधित पटल पर काबिज होने के लिए भी कर्मचारियों के बीच जद्दोजहद तेज होती दिख रही है। बताते हैं कि कुछ ऐसे भी कर्मचारी हैं, जोकि इन पटलों पर पूर्व से ही काबिज होने का प्रयास करते रहे हैं। अब उन्हें इस प्रकरण के बाद एक बार फिर खुद को काबिज कराने का अवसर मिला है, तो जोर आजमाइश की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

### अटैचमेंट के बिना कई अन्य भी कर रहे हैं काम

माध्यमिक शिक्षा विभाग से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम से जुड़ा मामला सामने आने के बाद जांच चल रही है। उसका अटैचमेंट होने की बात कही जाती थी, लेकिन बताते हैं कि शासन के आदेश पर समस्त अटैचमेंट पूर्व में ही खत्म हो चुके थे। अधिकारियों ने अपने कार्य को सहूलियत देने के लिए पटलों पर जिम्मेदारी दे रखी थी। मगर, अभी भी कुछ अन्य कर्मचारी भी हैं, जिनको इसी तरह से अटैचमेंट के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से डीआईओएस दफ्तर आदि में लगा रखा है। जबकि उनकी मूल तैनाती कहीं और ही है। इसे लेकर सख्ती अभी भी नहीं की जा सकी है।

# सड़क से हटे मंगल बाजार और पिज्जा कैफे से केबिन

- राष्ट्र रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, अमृत विचारः** राष्ट्र रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पुलिस लाइन पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें अवैध तरीके से संचालित पिज्जा कैफे के केबिन, बॉडी मसाज सेंटर और साप्ताहिक मंगल बाजार को सड़क से हटवाने की मांग की है।

एसपी को दिए ज्ञापन में बताया कि शहर में संचालित पिज्जा सेंटरों में केबिन बनवा रखे हैं। इसमें नाबालिग छात्र छात्राओं को बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। इन केबिनों में पर्दों की व्यवस्था है ताकि केबिन के भीतर की आपत्तिजनक स्थिति छिपाई जा सके। पूर्व में भी कई बार ऐसी घटनाएं उजागर हो चुकी है। इसी तरह से बॉडी मसाज सेंटरों पर भी आपत्तिजनक कृत्य हो रहे हैं। जिसका असर समाज पर पड़ रहा है। वहीं, साप्ताहिक मंगल बाजार से सड़क पर लगने वाले जाम का हवाला देते हुए इस पर भी कार्रवाई की मांग की है। मांगों के पूरा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। इस मौके पर केशव वैश्य, विनय, वीरेंद्र कुमार, मान सिंह, जॉली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# बाघ एवं तेंदुओं तक ही सीमित न रहें बाघ मित्र



वन सभागार में बाघ मित्रों को जानकारी देते डॉ. गोचरन। ● अमृत विचार

- अन्य वन्यजीवों को भी सुरक्षित रेस्क्यू करने में दे योगदान
- वन्यजीव रेस्क्यू एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व की ओर से दो दिवसीय वन्यजीव रेस्क्यू एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाघ मित्रों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीएसए फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा पीपीटी के माध्यम से छोटे वन्यजीवों को रेस्क्यू करने एवं घायल आदि होने पर प्राथमिक उपचार करने के बारे में बताया गया।

फील्ड डायरेक्टर कार्यालय परिसर के वन सभागार में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय वन्यजीव रेस्क्यू एवं प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में बाघ मित्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मगर, अब बाघ मित्र केवल बाघ-तेंदुओं तक ही सीमित न रहें। जंगल से बाहर निकलने वाले अन्य वन्यजीवों को सुरक्षित रेस्क्यू में अपना योगदान दें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन एसओएस डॉ. गोचरन ने पीपीटी के माध्यम से सभी बाघ मित्रों को छोटे स्तनधारी, सरीसृप वर्ग के जीवों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर के अलावा टीएसए फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. शैलेंद्र सिंह, विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार, हर्षित सिंह समेत बाघमित्र मौजूद रहे।

# रात्रि गश्त को बनाया जाए प्रभावी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एसपी को शिव दरबार का चित्र भेंट करते हिंदू महासभा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- हिंदू महासभा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, दिया शिव दरबार का चित्र

**अमृत विचारः** अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष पंकज शर्मा की अगुवाई में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा से मुलाकात की। शिव दरबार का चित्र भेंट किया और फिर विभिन्न मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि कई रेस्टोरेंट में बंद केबिन संचालित हैं, जिसमें संदिग्ध गतिविधियों की आशंका है। ऐसे प्रतिष्ठानों की सिविल ड्रेस में पुलिस टीम द्वारा जांच कराई जाए। बाजार और प्रमुख चौराहों पर अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न रहती है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए नियमित अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। हाल ही में भर्ती हुए कुछ पुलिस कर्मियों के व्यवहार को लेकर आम नागरिकों में असंतोष होने की बात कही।

ऐसे में व्यवहारिक प्रशिक्षण आयोजित करने का अनुरोध किया गया। कहा कि गली मोहल्लों में नियमित होने वाली रात्रि गश्त वर्तमान में शिथिल प्रतीत हो रही है, जिससे असामाजिक तत्व सक्रिय होते हैं। ऐसे में संगठन ने रात्रि गश्त को पुनः प्रभावी ढंग से प्रारंभ करने की मांग की। इस मौके पर मयंक जायसवाल, गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, सुनील कश्यप, सर्वेश कश्यप, अमन संजोग, प्रकाश अग्निहोत्री, राहुल राठौर, दीपक रस्तोगी, वीरेंद्र कुमार, प्रतीक ठाकरे, अनूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# घर के बाहर खड़े हो रहे लोडेड ट्रक, अनहोनी का डर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अशोक कॉलोनी के एक व्यक्ति ने एसपी से की शिकायत

**अमृत विचारः** अशोक कॉलोनी के एक व्यक्ति ने एसपी से दुखड़ा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। उसने खुद को घर के बाहर आए दिन खड़े होने वाले ओवरलोड ट्रकों की समस्या का समाधान न होने और विरोध पर अभद्रता से परेशान बताया।

सुनगढ़ी क्षेत्र की अशोक कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने एसपी को दिए शिकायत पत्र में बताया कि उनके आवास के पीछे की तरफ एक व्यापारी रहते हैं। उनकी दो फर्म शहर में है। इसका गोदाम कॉलोनी में है। आरोप है कि उनके घर के सामने हैवी लोडेड ट्रक हर दो-तीन दिन में खड़े हो जाते हैं। इसके बाद लोडिंग/अनलोडिंग कराई जाती है। अवैध तरीके से गोदाम बनाने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि जब इसका विरोध किया जाए तो झगड़ा करने पर उतारू होते हैं। जान से मारने की धमकी देते हैं। पूर्व में उनके मकान में लगे सीसीटीवी तोड़ने की कोशिश की जा चुकी है। जिसके फोटो उनके पास हैं। उनका कहना है कि वह कार्य से अक्सर बाहर रहते हैं। घर पर पुत्री और पत्नी रहती है। ऐसे में माल उतारने के लिए जो श्रमिक आते हैं, वह घर के सामने खड़े रहते हैं। डनलप भी घर के सामने खड़ा करते हैं। मामले में कार्रवाई की मांग की है।

# सभासदों की शिकायत पर शासन ने मांगी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एक गुट के सभासदों ने लगाए भ्रष्टाचार समेत संगीन आरोप
- चेयरमैन बोलीं-आरोप निराधार छवि धूमिल करने की साजिश

**अमृत विचार :** नगरपालिका में चल रही गुटबाजी के बीच बीते दिनों एक पक्ष के सभासदों की ओर से शासन स्तर पर की गई शिकायत का संज्ञान लिया गया है। नगर विकास विभाग के अनु सचिव संजय कुमार तिवारी ने डीएम से मामले में जांच कराकर रिपोर्ट मांगी है। उधर, चेयरमैन ने लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार और धूमिल करने साजिश करार दिया है।

काफी समय से नगरपालिका में गुटबाजी चली आ रही है। सभासदों के दो गुट बने हुए हैं। एक गुट चेयरमैन के पक्ष तो दूसरा चेयरमैन के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें कर रहा है। बीते दिनों नगर पालिका की सभासद रत्ना शुक्ला, शिवम श्रीवास्तव, पुष्पा उपाध्याय,चैतन्य गंगवार, एहतिशाम वली खां, शिखा वर्मा, श्यामलता, पल्लवी, सुरेश कुमार, ऊषा देवी, महनाज बेगम, राजेंद्र कुमार, माया देवी की ओर से मुख्यमंत्री और प्रमुख सचिव को शिकायती पत्र भेजा गया था। जिसमें चेयरमैन के पति व भाई पर पालिका कार्यों में हस्तक्षेप करने, भ्रष्टाचार आदि के आरोप लगाए गए थे। इसके अलावा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों को लेकर भी आरोप लगाए गए थे।

सफाई निरीक्षक साबिर अली और जलकल प्रभारी तारिक हसन खां की भी शिकायत की थी। सफाई निरीक्षक पर करीबियों की फर्म बनाकर ठेकेदारी का भी आरोप था। जलकल प्रभारी पर फर्जी तरीके से बिल सत्यापन कर डीजल खर्च निकालने का आरोप था। अब पूर्व में की गई इस शिकायत पर शासन स्तर से डीएम से जांच कराकर रिपोर्ट मांगी गई है।

उधर, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल का कहना है कि लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। दुर्भावना पूर्ण ढंग से आरोप लगाए गए है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है, कई बार जांच भी हो चुकी है, यह विरोधियों की उन्हें बदनाम करने की साजिश है। जांच में पुनः हकीकत सामने आ जाएगी।

# भाईचारे का दें संदेश मिलजुल कर मनाएं पर्व



पीस कमेटी बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- महाशिवरात्रि को लेकर हुई पीस कमेटी बैठक

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। इसे लेकर गश्त बढ़ाकर निगरानी कराई जा रही है। थाना स्तर पर पीस कमेटी बैठक आयोजित कर संभ्रांत नागरिकों से संवाद किया जा रहा है।

एसपी सुकीर्ति माधव मिश्रा के निर्देशन में शुक्रवार को भी विभिन्न थानों पर पीस कमेटी बैठकें आयोजित की गईं। जिसमें थाना पुलिस ने धर्मगुरुओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की। इस दौरान अपील की गई कि आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ त्यौहार मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

# बाइकों के टकराने से घायल की मौत रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचारः** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम परेवा अनूप निवासी राजवती पत्नी घनश्याम ने गजरौला पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह फरवरी को उसके पति गुर्ज गौटिया माधोटांडा से बाइक से घर आ रहे थे। उनके साथ बराइक वर सवार देवेंद्र कुमार भी थे। शाम को करीब छह बजे गुर्ज गौटिया से आगे बढ़ते ही सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पति और उनके साथ बाइक पर सवार देवेंद्र कुमार घायल हो गए। दोनों घालों के लिए अस्पताल ले जाया गया। सात फरवरी को दोपहर तीन बजे उसके पति की मौत हो गई। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# विकास कार्यों में सचिव ने किया खेल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने जांच में दोषी मिले सचिव का वेतन रोका, कारण बताओ नोटिस जारी

**अमृत विचारः** धार्मिक स्थल के पास हैंडपंप रिबोर कराने समेत अन्य विकास कार्यों के नाम पर पंचायत सचिव ने प्रधान के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा कर डाला। डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने पूरनपुर ब्लाक के संबंधित पंचायत सचिव का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बता दें कि शिकायत के बाद डीएम द्वारा कराई गई जांच में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।

मामला पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत गोपालपुर का है। गांव निवासी एक महिला ने डीएम को शपथ पत्र सहित की गई शिकायत में ग्राम प्रधान एवं सचिव पर हैंडपंप रिबोर, मरम्मत, सीमेंट बैंच निर्माण, हयूम पाइप खरीद में शासकीय धन का गबन करने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। जिस पर डीएम ने जिला विकास अधिकारी संजय कुमार एवं पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के सहायक अभियंता को जांच अधिकारी नामित करते हुए शिकायती की जांच करने के आदेश दिए थे। टीम ने जांच की और ग्राम प्रधान पूजा देवी एवं पंचायत सचिव मंजुल मिश्रा को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। जांच के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 में भूमसेन बाबा स्थल के पास हैंडपंप रिबोर न कराकर 31,300 रुपये का गबन पाया गया। हयूम पाइप खरीद को लेकर गोलमाल करना पाया गया। पंचायत सचिव द्वारा जांच टीम को इससे संबंधित जो अभिलेख उपलब्ध कराए, उसमें खरीदे गए हयूम पाइपों का आगणन और साइज आदि अंकित नहीं है। खास बात यह है कि जांच के बाद दोषी सचिव को प्रकरण से संबंधित अभिलेख लेकर कार्यालय में उपस्थिति होने के निर्देश दिए, लेकिन पंचायत सचिव कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बाद कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, मगर पंचायत सचिव ने अपना जवाब दाखिल नहीं किया। जांच रिपोर्ट आने के बाद प्रथम दृष्टया दोषी मिली ग्राम प्रधान पूजा देवी को पूर्व में नोटिस जारी किया है।

डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ रोहित भारती ने दोषी पंचायत सचिव मंजुल मिश्रा का फरवरी का वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में 15 दिन के अंदर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समयावधि के अंदर जवाब दाखिल न करने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि संबंधित सचिव का वेतन रोका है। कारण बताओ नोटिस दिया गया है।

# तेंदुआ ने बछड़े को बनाया निवाला

**मझोला, अमृत विचारः** दियूनी डैम रोड पर ग्राम गिधौर में तेंदुआ की दस्तक ने ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया। गांव के ही अमनदीप सिंह के घर के पास गुरुवार रात करीब नौ बजे तेंदुआ ने बछड़े को निवाला बनाया। बताते हैं कि ग्रामीण खेतों में आवारा पशुओं से फसल बचाने के लिए साइकिल से रखवाली करने गए थे। मार्ग किनारे खेत की तरफ अचानक हलचल हुई। टॉर्च की रोशनी में देखा तो तेंदुआ बछड़े को दबोच चुका था। वह घबराकर गांव की तरफ भाग गए। शोर पर काफी लोग जमा हुए। गांव के ही जसविंदर सिंह के खेत में बछड़े का शव मिला। ग्रामीणों ने वन विभाग से समाधान की मांग की है।


## कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

पत्रांक : 6128/का.ब.वि.प्रा./2024-25 दिनांक : 13.2.26

### विज्ञप्ति का प्रारूप

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूहेलखण्ड एजुकेशनल चैरिटेबिल ट्रस्ट, बरेली द्वारा चेयरमैन डा. केशव कुमार पुत्र स्व. श्री किशन कुमार निवासी ए-6, रामपुर बाग, बरेली द्वारा ग्राम नवदिया जोगियान के खसरा नम्बर-228, 229, 230 एवं 237 क्षेत्रफल-3749.53 वर्गमी. पर छात्रावास भवन निर्माण की अनुज्ञा हेतु ऑनलाइन मानचित्र संख्या-बी.डी.ए./बी.पी./25-26/0229 प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार स्थल पर भू-उपयोग आवासीय है व स्थल के सम्मुख 12 मीटर चौड़ा मार्ग दर्शित है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर-15.3.2 के उप प्रस्तर-5.12(ब) के अन्तर्गत छात्रावास क्रिया आवासीय भू-उपयोग में न्यूनतम 12 मीटर चौड़ा मार्ग होने पर अनुमन्य है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या (iv) में उल्लेख है कि "महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

# कॉलोनाइजर के दफ्तर में लटका मिला युवक का शव

## परिवार वालों ने लगाया हत्या का आरोप, परिवार के लोगों ने सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** सिपाही की नौकरी छोड़ कॉलोनाइजर बने वेद प्रकाश कश्यप के दफ्तर की छत से सड़क की तरफ एक युवक का फंदे से लटका शव मिला। मृतक पूर्व में इसी दफ्तर में काम करता था और चार दिन पहले ही उसे नौकरी से हटाया गया था। परिवार वालों ने कॉलोनाइजर पर हत्या का आरोप लगाते हुए कई बार सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। सीओ सिटी ने आश्वासन देकर शांत कराया। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर भी दो थानों की पुलिस मुस्तैद रही। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस बल की मौजूदगी में ही शव का अंतिम संस्कार कराया गया।


पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन से वार्ता करते सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी।


मृतक अनिल।

- तनाव को देख जुटी रही दो थानों की पुलिस पोस्टमार्टम के बाद कराया अंतिम संस्कार

> घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।
> –**दीपक चतुर्वेदी**, सीओ सिटी।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला छोटा खुदागंज निवासी 24 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र सीताराम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शुक्रवार सुबह उसका शव मोहल्ला देशनगर में कॉलोनाइजर वेदप्रकाश कश्यप के दफ्तर (मधुरवानी फर्म) की छत पर सड़क की तरफ फंदे से लटका मिला। राहगीरों की नजर शव पर पड़ी तो कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और परिवार वाले भी आ गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान परिवार वालों से जानकारी की गई। परिजन ने हत्या का आरोप कॉलोनाइजर पर लगाया है।

बताते हैं कि उक्त कॉलोनाइजर पूर्व में पुलिस विभाग में सिपाही पद पर था और बीआरएस ले लिया था। इदसके बाद वह कॉलोनाइजर बना। परिजन ने बताया कि मृतक अनिल करीब सात साल से मोहल्ला देशनगर स्थित कॉलोनाइजर के दफ्तर में काम करता था। चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर कॉलोनाइजर ने उसे काम से निकाल दिया था। इसके बाद वह सिविल लाइंस क्षेत्र में कहीं काम करने लगा था।

परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह अचानक करीब चार बजे अनिल के पास कॉलोनाइजर की कॉल आई और उसे दोबारा काम पर आने के लिए कहा। इस पर दफ्तर के लिए जाने की बात कहकर वह घर से निकला था। मगर, तीन घंटे बाद ही सुबह करीब सात बजे दफ्तर से दो युवक घर आए और अनिल के फंदा लगाकर खुदकुशी करने की सूचना परिजन को दी गई। जब वह पहुंचे तो दफ्तर की छत पर सड़क की तरफ अनिल का शव फंदे से लटका था। मौके पर भीड़ लगी हुई थी।

उन्होंने हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस पर कोतवाली और सुनगढ़ी दो थानों की पुलिस मुस्तैद रही। कई बार परिवार की ओर से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए हंगाम किया गया। इस पर सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और परिवार से वार्ता कर आश्वस्त किया। सपा के पूर्व जिला महासचिव यूसुफ कादरी ने भी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर मृतक के परिजन से मुलाकात की और पुलिस अधिकारियों से की जा रही कार्रवाई की जानकारी की। तीन चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस की मौजूदगी में देर शाम अंतिम संस्कार किया गया। परिजन ने मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि देर शाम तक इस पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

### मुख्य दरबाजा था बंद, सीसीटीवी फुटेज अधूरी

हत्या का आरोप लगा रहे अनिल के परिवार वालों ने संदिग्ध हालातों को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि घटना के वक्त कॉलोनाइजर के दफ्तर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। सीसीटीवी की फुटेज चेक की गई। इसमें मृतक अनिल कार्यालय के अंदर प्रवेश करते दिखाई दे रहा है। मगर इसके बाद बीच-बीच में फुटेज गायब तो कहीं बंद हैं। सवाल उठाते हुए कहा कि अगर अनिल को खुदकुशी करना होती तो वह इस तरह से क्यों करता। मृतक के भाई सुनील ने आरोप लगाया कि एक महिला कर्मचारी से अनिल के बातचीत करने पर कॉलोनाइजर नाराज रहता था। इसी रंजिश में हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया। इसे लेकर पुलिस से भी परिजनों की नोकझोंक हुई। परिजनों का आरोप है कि घटना के वक्त भी कॉलोनाइजर अपने दफ्तर में बैठा रहा और बाहर नहीं निकला।

### परिजनों ने की न्याय को सख्त कार्रवाई की मांग

अनिल की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। रोते विलखते परिवार वालों के चेहरे पर गम और गुस्सा साफ दिखाई दे रहा था। उनकी बस एक ही मांग थी कि आरोपी कॉलोनाइजर पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसी को लेकर कई बार पुलिस से नोकझोंक पोस्टमार्टम हाउस पर भी होती रही। मां सुखदेवी का कहना था कि कॉलोनाइजर ने बेटे को पहले नौकरी से हटा दिया था। इसके बाद शुक्रवार को सुबह चार बजे फोन कर बुलाया था। जिसके बाद उसकी मौत की खबर सुनने को मिली। ऐसा कौना सा काम था जो कॉलोनाइजर ने सुबह-सुबह बुलाया। जबकि दफ्तर हमेशा दस बजे खुलता था। सीसीटीवी फुटेज गायब मिलना और बाहर से गेट बंद होना अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है। मृतक तीन भाईयों में छोटा था। उसके दो बड़े भाई रामऔतार व सुनील है। वह भी मजदूरी करते हैं।

# आलू की खेती को किसानों को किया गया जागरूक


ममरी की गोष्ठी में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- बताईं बोने की विधियां और अधिक उपज लेने के तरीके

**अमृत विचारः** एबीआई परियोजना के तहत केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र जालंधर की टीम ने क्षेत्र के किसानों को आलू की खेती करने के लिये प्रेरित कर बोने की विधियां और अधिक उपज लेने के तरीके बताए।

भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोसन और शेरजंग सिंह विर्क के नेतृत्व में आदित्य रिजॉर्ट ममरी में आलू बीज में बिजनेस की संभावनाओं पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीपीआरआई के वैज्ञानिकों डॉ. सुखविंदर सिंह, डॉ. प्रिंस कुमार एवं डॉ. ब्रजेश नारे ने आलू उत्पादकों को आलू बीज की विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बीज की खेती में बिजनेस की संभावनाओं के लिए जागरूक किया। वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ चर्चा की, जिसमें किसानों द्वारा इस क्षेत्र को आलू बीज उत्पादन के प्रति दृढ़ संकल्प एवं प्रयास करने की इच्छा व्यक्त की। गोष्ठी में 120 आलू के किसानों, बीज उत्पादको, आलू हित धारकों ने भाग लिया।

# दो बाइकों की भिड़ंत में वृद्ध की मौत, दो घायल


संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार :** बाइक पर सवार काम से टिकरी गांव जा रहे वृद्ध की सड़क हादसे में मौत हो गई। पीलीभीत-बीसलपुर मुख्य मार्ग पर वाहन मोड़ते वक्त दूसरी बाइक से टक्कर हो गई थी। दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को चोट आई। उन्हें भीड़ ने पकड़ लिया। पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कार्रवाई में जुट गई है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के मुड़िया हुलास के निवासी 60 वर्षीय हरीश कुमार पुत्र हीरालाल खेती करते थे। वह शुक्रवार सुबह बाइक पर सवार होकर बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी जाने के लिए निकले थे। इस दौरान पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर टिकरी गांव के पास पहुंचते ही बाइक मोड़ते वक्त दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में हरीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गए, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को मामूली चोट आई। उन्हें भीड़ ने पकड़ लिया। इसकी सूचना मिलने पर बरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। हादसा स्थल बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र का था। ऐसे में बीसलपुर कोतवाली पुलिस को भी जानकारी दी गई। इधर, आनन-फानन में घायल हरीश कुमार को बरखेड़ा सीएचसी भेजा गया। वहां उन्हें चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बीसलपुर कोतवाली से सीएचसी बरखेड़ा पहुंचे दरोगा अतुल चौधरी ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर


हादसे के बाद विलाप करते मृतक के परिवार वाले। ● अमृत विचार

मृतक की पत्नी समेत अन्य परिवार वाले भी सीएचसी आ गए थे। उनका रोकर बुरा हाल रहा। वाहन संबंधित थाना पुलिस ने कब्जे में ले लिए हैं। परिवार से कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी गई है। पत्नी ऊषा देवी का रोकर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन पुत्र और दो पुत्री है।


हरीश कुमार

- पीलीभीत-बीसलपुर रोड पर टिकरी गांव के पास हुआ हादसा

# केवल प्रथम पाली में हुई मदरसा बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के तहत संचालित हो रही हैं। शुक्रवार को जिले में मदरसा बोर्ड की परीक्षा एक पाली में आयोजित हुई। शुक्रवार को प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। शुक्रवार की परीक्षा में कुल 587 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 495 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 92 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निगरानी के बीच पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

मदरसा बोर्ड की शुक्रवार की परीक्षा के लिए कुल 587 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 495 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 92 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। शुक्रवार की परीक्षा में 84.3 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, वहीं 15.6 प्रतिशत छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। शुक्रवार को भी सचल दल ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।


कंट्रोल रूम में सीसीटीवी से परीक्षा केंद्रों को देखते अधिकारी। ● अमृत विचार

- 84.3 प्रतिशत परीक्षार्थी हुए शामिल

परीक्षा के दौरान केंद्रों पर अनुशासन और व्यवस्था संतोषजनक रही। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने के लिए विभाग की ओर से पूर्व तैयारियां सुनिश्चित की गई थीं। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जा रही है और परीक्षा संचालन में पारदर्शिता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 9 फरवरी से शुरू हुई थीं और 14 फरवरी को समाप्त हो जाएंगी। विभाग की प्राथमिकता है कि शेष एक दिन की परीक्षाएं भी शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों।

# डीसीएम की टक्कर से घायल युवक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी-बंडा, अमृत विचारः** वेहटी निवासी 35 वर्षीय अकरम बाइक से ससुराल जा रहा था। लखनऊ- पलिया नेशनल हाईवे पर स्थित बादशाहनगर चौराहे के ओवरब्रिज के नीचे से निकलकर हाईवे पर पहुंचा, पीछे से डीसीएम चालक ने टक्कर मार दी। अकरम सड़क पर गिर पड़ा। चौराहे पर यात्री वाहन का इंतजार कर रहे लोग जब दौड़कर मौके की ओर बढ़े तो चालक वाहन लेकर शहर की ओर भाग निकला। गंभीर हालत में अकरम को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मेडिकल कॉलेज से मेमो मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। अकरम चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से पत्नी आरती और पुत्र राज तथा राघव का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव

**खुटार, अमृत विचारः** शुक्रवार को किसी बात को लेकर युवक की अपने घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। युवक घर में किसी को बगैर कुछ बताए चला गया। ग्रामीणों ने करीब दोपहर एक बजे युवक का शव उसके घर के पीछे बाग में पेड़ पर रस्सी से लटका देखा। शव लटका देखकर ग्रामीणों ने इसकी खबर युवक के परिजनों को दी। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि युवक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। जांच की जा रही है कि युवक ने फांसी क्यों लगाई थी। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मेहंदी प्रतियोगिता में गौसिया एण्ड टीम ने पाया प्रथम स्थान

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सीजीएन पीजी कॉलेज में कराई गई मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं की 43 टीमें शामिल रहीं। गौसिया एण्ड टीम को प्रथम स्थान दिया गया।कॉलेज के नेहरू सभागार में हुई मेहंदी प्रतियोगिता का आरंभ प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

प्रतियोगिता में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की कुल 43 टीमों ने भाग लिया। निर्णायक मण्डल/अतिथि ज्योति वर्मा, कृति गुप्ता रहीं। जिन्होंने छात्राओं के रचे हाथ देखकर गौसिया एंड टीम को प्रथम, अनुरुचि एण्ड टीम को द्वितीय, अनुष्का वर्मा एवं दिव्या वर्मा एण्ड टीम को तृतीय तथा रूखसार बानो एवं सलोनी कश्यप एण्ड टीम को सांत्वना स्थान दिया। इन छात्राओं की टीम में प्रथम पुरस्कार 1000 रुपया प्राचार्य द्वारा, द्वितीय पुरस्कार 750 रुपया डॉ. रीमा छाबड़ा द्वारा और तृतीय पुरस्कार 500 रुपया अनिल कुमार सिंह पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा एवं सांत्वना पुरस्कार 101 रुपया डॉ. विवेक कुमार सिंह एवं आये अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र सहित प्रदान किये गए।


गोला के सीजीएन पीजी कॉलेज में छात्राओं के मेहंदी रचे हाथ।

- सीजीएन पीजी कॉलेज में हुए कार्यक्रम में 43 टीमों ने लिया भाग

प्राचार्य श्री सिंह ने इसे स्किल डेवलपमेंट का हिस्सा मानते हुए आगामी वर्षा में भी इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. रीमा छाबड़ा, पूर्वा श्रीवास्तव, नीलम शर्मा तथा सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय – प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज
स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर
मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

# शिवरात्रि पर भक्त तीर्थ में नहीं कर सकेंगे स्नान

## छोटी काशी में शिव उत्सव कार्यक्रम के चलते लिया गया निर्णय, ट्यूबवेल के पाइप को किया गया बंद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)

**अमृत विचारः** छोटी काशी में महाशिवरात्रि पर्व पर इस बार भी श्रद्धालु गोकर्ण तीर्थ में स्नान और आचमन नहीं कर सकेंगे। 22 फरवरी को शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला की पहली वर्षगांठ होने से चलते तीर्थ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी है, जिसके चलते गोकर्ण तीर्थ में जल भराया जाना संभव नहीं है। ट्यूबवेल की पाइप को नट बोल्ट से कसकर सील कर दिया गया है।

धार्मिक एवं व्यवसायिक नगरी छोटी काशी में महाशिवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। शिव मंदिर कॉरिडोर के निर्माण कार्यों के चलते प्रमुख पर्वों पर श्रद्धालु गोकर्ण तीर्थ में इस वर्ष स्नान नहीं कर सके। महाशिवरात्रि पर्व पर दूर-दराज से श्रद्धालु आकर गोकर्ण तीर्थ में आचमन, स्नान कर दान पुण्य करते हैं। इस वर्ष 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को मौनी अमावस्या, 23 को बसंत पंचमी, एक फरवरी को माघ पूर्णिमा पर्व पर भी श्रद्धालु तीर्थ में स्नान नहीं कर सके। 15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि है, लेकिन निर्माणाधीन कॉरिडोर की आधारशिला 22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा रखी गई थी, जिसके चलते विधायक अमन गिरि ने पहली वर्षगांठ पर भव्य शिवोत्सव मनाने की तैयारी की है। तीर्थ में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में तीर्थ में जल भराया जाना संभव नहीं है। इसलिए श्रद्धालु तीर्थ में स्नान, आचमन करने से वंचित रह जाएंगे।



पौराणिक शिव मंदिर जाने के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग। ● अमृत विचार



गोकर्ण तीर्थ में नट बोल्ट लगाकर सील किया गया पाइप।

> गोकर्ण तीर्थ में जल भराया जाएगा या नहीं यह मंदिर प्रबंध समिति के पदाधिकारी तय करेंगे।
> –**संजय कुमार**, ईओ नगर पालिका

> छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर की पहली वर्षगांठ होने के चलते 22 फरवरी रविवार को शिवोत्सव मनाया जाएगा। तीर्थ में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में जल भरने के बाद कम समय में जल की निकासी, तीर्थ की साफ सफाई संभव नहीं है।– **जनार्दन गिरि**, अध्यक्ष मंदिर प्रबंध समिति

### महाशिवरात्रि पर आज से रूट रहेगा डायवर्ट

**गोला गोकर्णनाथ।** महाशिवरात्रि पर लाखों भीड़ जुटने की संभावना वश प्रशासन ने रूट डायवर्जन की तैयारी शुरू की हैं। बड़े वाहनों का नगर में प्रवेश वर्जित रहेगा। रोडवेज की बसों के लिए नगर सीमा पर अस्थाई बस अड्डा बनाया गया है। साथ ही सभी मार्गों पर पार्किंग स्थल की व्यवस्था लिखी गई है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए एएसपी सहित तीन सीओ, 328 पुलिसकर्मियों के साथ ड्यूटी, दो प्लाटून पीएसी की ड्यूटी भी लगाई गई है। एएसपी पश्चिम अमित कुमार राय ने बताया कि मंदिर परिसर से लेकर पार्किंग स्थल तक 32 ड्यूटी पॉइंट बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में एएसपी, तीन सीओ, 14 इंस्पेक्टर, 61 दरोगा, 193 कांस्टेबल, 56 महिला कांस्टेबल के साथ दो प्लाटून पीएसी बल तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के चलते पौराणिक शिव मंदिर के अंदर की व्यवस्था मितौली सीओ यादवेंद्र सिंह और बाहर की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी निघासन के सीओ शिवम संभालेंगे। पूरा शिव मंदिर परिक्षेत्र सीसीटीवी कैमरे और पुलिस बल की निगरानी में रहेगा।

### स्टेशन रोड पर मुख्य द्वार से शिव मंदिर पहुंचेंगे श्रद्धालु

**गोला गोकर्णनाथ।** सीओ रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि लखीमपुर की ओर से आने वाले वाहन लखीमपुर मार्ग स्थित पशु बाजार, पब्लिक इंटर कॉलेज जूनियर विभाग, राजेंद्र गिरि स्टेडियम, कृषक समाज इंटर कॉलेज, मोहम्मदी रोड और खुटार की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए चीनी मिल गन्ना यार्ड, अलीगंज रोड से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति में पार्किंग स्थल बनाया गया है। पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक, दर्शन, पूजन करने आने वाले शिव भक्त स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर कॉरिडोर के मुख्य प्रवेश द्वार से मंदिर पहुंच सकेंगे और उनका निकास पौराणिक शिव मंदिर के दक्षिण द्वार होते हुए वीआईपी मार्ग से होगा। बताया कि रुट डायवर्जन शनिवार 14 फरवरी की शाम से 16 फरवरी सोमवार की दोपहर तक रहेगा। इस दौरान रोडवेज बसों का संचालन मोहम्मदी रोड बाईपास चैराहा स्थित सत्य प्रकाश अग्रवाल के राइस मिल से होगा।

## शिविर में पात्रों को उपलब्ध कराई जाएगी सुविधा



विद्यार्थियों को जानकारी देते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एसीजेएम प्रदीप कुमार कुशवाहा।

- मनु ला कालेज में छात्र-छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज शिव कुमार सिंह के निर्देशन में मनु ला कॉलेज में विधिक जागरुकता व विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ। शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर हुई। मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एसीजेएम प्रदीप कुमार कुशवाहा ने विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से पात्र लोगो को मिलने वाली कानूनी सहूलियतों के बारे में जानकारी दी।

मुख्य अतिथि ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत समाज के कमजोर वर्ग को निःशुल्क कानूनी सेवाए प्रदान करने के लिए व विवादों के सौहार्द्र पूर्ण समाधान के लिए लोक अदालतों का आयोजन होता है। 22 फरवरी को राजापुर आईटीआई परिसर में वृहद विधिक जागरूकता व सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। बताया कि सभी सरकारी विभागों के स्टाल लगाकर पात्र लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, छड़ी, चश्मे, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, शिक्षा का अधिकार के तहत स्कूलों में बच्चों का प्रवेश, मत्स्य पालन आदि उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में लगभग दो दर्जन विभागों के स्टाल लगेंगे। मो. सईद खान ने मुकदमों की पैरवी को मुफ्त अधिवक्ता उपलब्ध कराने को जानकारी दी। शिविर में अधिवक्ता सौरभ त्रिपाठी ने भी कानूनी जानकारी दी। संचालन प्रवक्ता संदीप वर्मा ने किया। कॉलेज के डायरेक्टर कपिल श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि को स्मृतिचिन्ह भेट कर आभार जताया। इस मौके पर विधि की छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन की चपेट में आई महिला की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीतापुर जिले के थाना तम्बौर क्षेत्र के गांव रोहा चांदी खेड़ा निवासी रमेश चंद्र की 56 वर्षीय पत्नी राम देवी लखीमपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव पनगी स्थित अपनी ननद के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम में आई थी। रमेश ने बताया कि सुबह वह शौच के लिए सुबह 4 बजे सड़क पार रही थी। तभी किसी वाहन की चपेट में आ गई, हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घर वाले आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने राम देवी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया।

### कब्जे को लेकर मारपीट, तीन घायल

**खमरिया, अमृत विचार :** गांव खानीपुर निवासी संध्या ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे गांव के ही जग्गा, नेता, जग्गा की पत्नी व उसकी मां ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए संध्या की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचीं सुनीता देवी और पूजा से भी मारपीट की। आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### नौ वारंटी गिरफ्तार

**धौरहरा, अमृत विचार :** थानाध्यक्ष रवीन्द्र सोनकर ने बताया कि पुलिस टीम ने कैलाश उर्फ गड्डू निवासी हौंकना मटेरा, बदलू निवासी अकठी, नंद किशोर निवासी खरवहिया, छोट्टन, विशंभर निवासी रसूलपुर, होनहार, कन्नौजी लाल निवासी धारीदासपुरवा, हरीश व राजेश निवासी देवीपुरवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। सभी विभिन्न आपराधिक मामलों में वांछित चल रहे थे। कोर्ट ने वारंट जारी किए थे।

### मारपीट में महिला घायल, हालत गंभीर

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना खमरिया के गांव सुजावलपुर निवासी कन्हैयालाल ने बताया कि शाम करीब 5 बजे उनके पड़ोसी नीरज ने उनकी भाभी चमेली से गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने लात-घूंसों व लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल चमेली को एंबुलेंस 108 से सीएचसी खमरिया ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## योगी से मिले विधायक साहनी ने क्षेत्रीय विकास पर की चर्चा

- विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और इस मौके पर उनके पुत्र भी मौजूद रहे

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर पलिया क्षेत्र के विकास एवं जनहितकारी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर उनके पुत्र भी मौजूद रहे।

विधायक ने फोन पर अमृत विचार को बताया कि कल उनका जन्मदिन था। वे उसके उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी जी से आज आशीर्वाद लेने गए थे। जहां उन्होंने पलिया क्षेत्र के विकास एवं दुधवा नेशनल पार्क को विश्व पटल पर विकसित करने पर देर तक चर्चा की और यहां की सड़कें, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग की ।



मुख्यमंत्री से भेंट करते पलिया विधायक रोमी साहनी।

भेंट के दौरान उनके दोनों पुत्र अंकित साहनी व बादल साहनी भी उनके साथ रहे। उन्होंने आगे बताया कि मुख्यमंत्री योगी जी ने उनकी जन सेवा व उनके सकारात्मक कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## गन्ना क्रय केंद्र से 10 लोहे के बांट चोरी

**निघासन, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के बंगलहा कुटी स्थित गन्ना क्रय केंद्र पर रखे 50-50 किलोग्राम के 10 बांट चोरी हो गए। बंगलहा कुटी निवासी ज्ञान प्रकाश सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के गन्ना क्रय केंद्र पर चौकीदारी का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि देर रात वह केंद्र पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे। झोपड़ी के बाहर कांटे पर रखे 50-50 किलो के कुल 10 लोहे के बांट जंजीर व ताले से बंधे हुए थे। रात करीब 1 बजे जब उनकी नींद खुली तो सभी बांट जंजीर सहित गायब मिले। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना यूपी 112 पुलिस को दी और मुख्य गन्ना अधिकारी सहित अन्य किसानों को भी घटना की जानकारी दी। चौकीदार ने बताया कि गन्ना सेंटर के आसपास कई बार बाघ देखे जाने के कारण वह झोपड़ी के अंदर सोते हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नक्षत्रों के संयोग में महाशिवरात्रि साधना के लिए उत्तम

- 15 फरवरी को महाशिवरात्रि की मंदिरों में तैयारियां तेज

संवाददाता, मूड़ा सवारान

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि इस बार उत्तराषाढा और श्रवण नक्षत्र के विशेष संयोग में रविवार को है। ज्योतिषाचार्य इसे विशेष युग्म संयोग मान रहे हैं। शिवरात्रि पर शाम 7.48 बजे तक उत्तराषाढा नक्षत्र और उसके बाद श्रवण नक्षत्र के साथ सर्वार्थ सिद्धि व अन्य शुभ योग बने रहेंगे। जो पूजा साधना के लिए उत्तम माने गए हैं।

पं. योगेश कुमार मिश्र ने बताया कि फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 15 फरवरी को शाम 5 बजकर 4 मिनट पर होगी। वहीं अगले दिन यानी 16 फरवरी को शाम 5.34 बजे तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व 15 फरवरी मनाया जाएगा।

### इस बार बन रहा दुर्लभ संयोग

महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा। 15 फरवरी को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजकर 48 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। यह योग जीवन के सभी कार्यों में सफलता और उन्नति का संकेत देता है। इसके साथ ही व्यतीपात और वारियान योग भी बन रहे हैं। जो पूरे दिन विद्यमान रहेंगे। आध्यात्मिक साधना और मंत्र जाप के लिए यह योग अत्यंत प्रभावशाली माने जाते हैं।

### शिव पूजा का विशेष महत्व

उत्तराषाढा और श्रवण नक्षत्र का संयोग शिव शक्ति मिलन का प्रतीक है, जिससे सूर्य की ऊर्जा, तेज सफलता और चंद्रमा का फल मानसिक शांति शीतलता दोनों प्राप्त होंगे और किए गए कार्यों में सिद्ध मिलेगी। इस योग में पूजा करने से जीवन में सुख, शांति, स्वास्थ्य और सफलता प्राप्त होगी। श्रवण नक्षत्र को ज्ञान साधना और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माना जाता है।

### चार प्रहर की पूजा का अलग होगा महत्व

शास्त्रों में महाशिवरात्रि की रात के चारों प्रहर में शिव पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। प्रत्येक प्रहर की पूजा का अलग-अलग आध्यात्मिक फल होता है। महाशिवरात्रि पर्व पर चारों प्रहर की पूजा करने से धन, यश स्थिरता और संतान से जुड़ी बाधाओं से मुक्ति मिलने की मान्यता है।

### शहर में निकलेगी शिव बारात

**लखीमपुर खीरी।** महाशिवरात्रि पर शहर में शाम को शिवबारात निकलेगी। इसके लिए पूरे शहर को सजाया जा रहा है। इसमें मेन रोड एवं सदर चौराहे की भव्यता देखते ही बनती है। देवकली स्थित श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के महंत प्रमोद दीक्षित बताते हैं कि इस दिन शिव की उपासना करना अत्यंत कल्याणकारी होता है। इसका कई गुना अधिक फल मिलता है। उधर, रविवार शाम छह जे से गढ़ी रोड स्थित शिव मंदिर से बारात निकलेगी, जो इमली चौराहा से मिश्राना चौराहा होते हुए श्रीराम यानि सदर चौराहा पहुंचेगी। इसके बाद बारात संकटा देवी मंदिर से भुईफोरवानाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी। शिव बारात के लिए सदर चौराहा से लेकर मेन रोड को सजाने का काम जारी है। इसके अतिरिक्त शहर के मुख्य शिव मंदिर भुईफोरवानाथ, जंगलीनाथ, लिलौटीनाथ, रथ मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों पर भव्य सजावट की जा रही है और बिजली की झालरों को लगाया जा रहा है। उधर, डीआईओएस कार्यालय पर शिवरात्रि को लेकर ठंडाई आदि का वितरण होगा।

## रेडियो खीरी ने श्रोताओं का किया सम्मान

- विश्व रेडियो दिवस: रेडियो स्टेशन खीरी ने प्रसारण केंद्र पर किया कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** विश्व रेडियो दिवस के मौके पर सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी ने अपने प्रसारण केंद्र पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर श्रोताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस पहल का उद्देश्य रेडियो और श्रोताओं के बीच आत्मीय संबंध को और मजबूत बनाना रहा।

शुक्रवार को इस मौके पर पिपरा करमचंद गांव से एक श्रोता समूह रेडियो स्टेशन पहुंचा। इस दौरान ग्रामीण श्रोताओं के साथ एक विशेष लाइव कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र मिश्रा, अर्चित वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सोनेलाल शर्मा, मोतीलाल भार्गव और आसाराम भार्गव ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लाइव कार्यक्रम में आरजे भावना और आरजे आशीष के साथ श्रोताओं ने रेडियो से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कई श्रोताओं ने बताया कि वे दशकों से नियमित रूप से रेडियो सुनते आ रहे हैं और रेडियो खीरी पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का लाभ उठा रहे हैं। रेडियो खीरी के संस्थापक संजय सिंह ने विश्व रेडियो दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि रेडियो संचार का एक सशक्त और सुलभ माध्यम है, जो समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रेडियो को अपने सामुदायिक मंच के रूप में अपनाएं, सूचनाएं प्राप्त करें और अधिक जागरूक बनें। सहायक निदेशक अमीशा सिंह ने टीम की ओर से सभी श्रोताओं को शुभकामनाएं दीं।





रेडियो के श्रोताओं को सम्मानित करते संस्थापक संजय सिंह। ● अमृत विचार

### आयुष्मान कार्ड की दी जानकारी

सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी की ओर से शुक्रवार को टीम ने लखीमपुर ब्लॉक अंतर्गत गांव ढसरापुर पहुंची, जहां महिलाओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की गई। आशा कार्यकर्ता गीता देवी के घर पर एकत्रित रेडियो समूह की महिलाओं के बीच सेहत सही, लाभ कई के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में समूह की सदस्य किरन, कामनी वर्मा, पूजा वर्मा, उर्मिला शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में टीम सदस्य मानसी जायसवाल और रूपांशी वर्मा ने ग्रामीणों को रेडियो खीरी पर प्रसारित होने वाले अन्य कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और कृषि नवाचार से जुड़े कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए नियमित रूप से रेडियो सुनने के लिए प्रेरित किया।

## नोकेन के चलते बंद हो रही चीनी मिल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** बजाज चीनी मिल को पेराई क्षमता के अनुरूप गन्ना नहीं मिल रहा है। इससे चीनी मिल नो केन में बंद हो रही है। इसे देखते हुए गन्ना समिति सचिव ने चीनी मिल के सभी सेंटर और गेट पर खुली तौल करने का आदेश दिया है। तीन दिन से चीनी मिल को गन्ना 25 प्रतिशत भी नहीं मिल रहा है, जिससे छोटी चीनी मिल तो बंद है और बड़ी मिल भी निरंतर नहीं चल पा रही है। किसानों को पर्चियां निरंतर जारी की जा रही हैं, लेकिन किसान गन्ना नहीं ला रहे हैं। सरकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी ने आदेश किया है कि 13 फरवरी से चीनी मिल में खुली खरीद की जा रही है, जो किसान चीनी मिल में गन्ना सप्लाई करना चाहते हैं वह बिना पर्ची किसी भी क्रय केंद्र पर या मिल गेट पर गन्ना लेकर आ जाएं।

## व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश

- एसपी ने पुलिस लाइन के कार्यालयों का किया निरीक्षण देखे अभिलेख

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण करने के बाद पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का भी मुआयना किया। अभिलेखों का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखीं और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस बल की परेड ड्रिल कराई गई। परेड में पुलिस लाइन का पुलिस बल, विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी व प्रशिक्षु रिक्रूट आरक्षी शामिल हुए। परेड के उपरांत एसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को स्वच्छ एवं साफ-सुथरी वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने के निर्देश दिए।



साप्ताहिक परेड में मातहत अफसरों को दिशा-निर्देश देतीं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

उन्होंने अनुशासन और पेशेवर आचरण को प्राथमिकता देने पर बल दिया। इसके बाद एसपी ने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं और कार्यालयों का भ्रमण कर अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव और उन्हें अद्यावधिक बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेस का भी जायजा लिया और भोजनालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

## विकास चौराहे पर फटे पाइप से पानी हो रहा बर्बाद

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के विकास चौराहा पर जल आपूर्ति के लोहे का पाइप तीन दिन से फटा है, जिससे रोज लाखों लीटर पेयजल सड़कों पर बह रहा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर भी लगातार पानी की बर्बादी के बावजूद संबंधित विभाग अब तक समस्या को ठीक कराने में असफल रहा है।

विकास चौराहे के निकट रहने वाले भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने लगातार अधिशासी अधिकारी, जूनियर इंजीनियर आदर्श मिश्र तथा जल निगम के ठेकेदार शिव भगवान को इस समस्या की सूचना दी, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि इतनी छोटी तकनीकी कमी को समय रहते ठीक किया जा सकता था, लेकिन नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया, जिससे लाखों लीटर पानी बर्बाद हो जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराने और पानी की बर्बादी रोकने की मांग की है।



गोला के विकास चौराहे पर टंकी से बहता पानी।

- नगर पालिका पर लगाया लापरवाही का आरोप

## पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत, साथी घायल

- निघासन-पलिया मार्ग पर नाथ बाबा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचारः** पलिया-निघासन मार्ग पर थाना मझगईं क्षेत्र के नाथ बाबा स्थान के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी निघासन भेजा, जहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हालत गंभीर होने पर दूसरे घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



मृतक मनोज कुमार।

निघासन कोतवाली क्षेत्र के मूड़ाबुजुर्ग गांव के सरपतहा निवासी अमेरिका प्रसाद का पुत्र मनोज कुमार (23) रिश्तेदारी में सियाराम निवासी नौगवां के यहां गया था। रात वह बाइक से बम्हनपुर से सामान लेकर नौगवां जा रहा था। रास्ते में नाथ बाबा स्थान से पहले मोड़ पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सेमल के पेड़ से टकरा गई। हादसे में मनोज और उसके साथ बैठा प्रकाश दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मनोज को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल प्रकाश को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि नौगवां में जागरण कार्यक्रम था, जिसमें शामिल होने के लिए मनोज जा रहा था। युवक की असामयिक मौत से परिवार और गांव में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल

- देर रात किसी वाहन ने बाइक में मार दी टक्कर
- घायलों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर किया रेफर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना पसगवां क्षेत्र के गांव बरखर के पास गुरुवार की देर रात किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि हालत गंभीर होने पर दोनों घायलों को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है।

सीतापुर जिले थाना महोली क्षेत्र के गांव बददापुर निवासी बृजपाल सिंह का 25 वर्षीय बेटा विक्रम सिंह गुरुवार की शाम गांव के ही अपने दो साथियों भूलर सिंह, मुन्ना सिंह के साथ बाइक से सदियापुर गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। तीनों एक ही बाइक से देर रात वापस अपने घर लौट रहे थे। बरखर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों घायलों को लेकर एंबुलेंस 108 से सीएचसी आई, जहां डॉक्टर ने विक्रम को मृत घोषित कर दिया। हालत गंभीर होने पर भूलर सिंह और मुन्ना सिंह को शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया।

## मजदूर पर फावड़े से हमला, घायल

**सिंगाही, अमृत विचारः** थाना सिंगाही के गांव खैरीगढ़ निवासी शिव पूजन कश्यप ने बताया कि वह गुरुवार को मनरेगा योजना में गांव के पास रास्ते पर मिट्टी पटाई का काम कर रहा था। इसी दौरान गांव का राजेश वर्मा पहुंचा। उनकी राजेश से मामूली कहासुनी हो गई। इससे नाराज राजेश वर्मा ने उस पर फावड़े से हमला कर दिया। हमले के दौरान बचाव में शिव पूजन ने जब अपना हाथ आगे किया तो फावड़ा लगने से उसकी हथेली फट गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को सीएचसी निघासन भेजा है।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

पत्रांक: 6129/का.ब.वि.प्रा./2024-25 दिनांक: 13.02.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूहेलखण्ड एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट, बरेली द्वारा चेयरमैन डॉ. केशव कुमार पुत्र स्व. किशन कुमार निवासी- ए-6 रामपुर बाग, बरेली द्वारा स्थल- ग्राम अधलखिया खसरा सं.- 503, 504, ग्राम लालपुर खसरा सं.- 314, 316, 317, 322 एवं ग्राम नवदिया हरिकिशन खसरा सं.- 1, 3, 4, 17, 18, 19, 20 एवं ग्राम बैसपुर खसरा सं.- 12, 13, 14 जिला बरेली के क्षेत्रफल 63484 वर्गमी. पर होटल क्रिया के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना- 2031 के अनुसार स्थल का भू- उपयोग आवासीय में दर्शित है। उ.प्र. के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन- 2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम संख्या- 2.6 के अन्तर्गत होटल क्रिया आवासीय भू-उपयोग में न्यूनतम 12 मीटर चौड़े मार्ग पर अनुमन्य है। स्थल के सम्मुख 30.00 मीटर चौड़ा महायोजना मार्ग दर्शित है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग, रेगुलेशलन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि " महोयाजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री मोहित कुमार (प्रथम) को प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# रामपुर में वकील की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

## जिला अधिवक्ता संघ ने डीएम कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन, प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग तेज

- दोषियों पर एनएसए लगाने की उठी आवाज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने जाते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना से अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। इस घटना के विरोध में जिला मुख्यालय के साथ ही सभी वाह्य न्यायालयों और तहसील मुख्यालयों पर अधिवक्ताओं ने जूलुस निकाला और प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे। जिला अधिवक्ता संघ ने डीएम कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री को संबोधित 6 सूत्री मांग पत्र डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को सौंपा।

अधिवक्ताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को और तेज कर दिया है।

रामपुर में अधिवक्ता फारुख अहमद अपनी पत्नी से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे थे, जहां उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओं में रोष फैल गया। शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में डीएम कार्यालय पर पहुंचे और प्रदर्शन कर जोरदार नारेबाजी की।

उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने इस जघन्य घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा अब गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। उन्होंने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत कठोर कार्रवाई की मांग की। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता महमूद आलम नदीम ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं पर हमले और हत्याओं की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो न्याय व्यवस्था के लिए खतरे का संकेत है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता कय्यूम खान ने कहा कि जो लोग दूसरों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़े होते हैं, वे स्वयं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।

अधिवक्ता अखिलेश सिंह, राकेश मिश्र, उमेश प्रताप सिंह चौहान, संतोष मिश्रा, राकेश शुक्ल, योगेश सक्सेना, डी.के. सिंह और विजय प्रताप सिंह सहित अनेक वकीलों ने एक स्वर में कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए पृथक अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**निघासन।** सेंट्रल बार एसोसिएशन ने जूलूस निकालकर नारेबाजी की और तहसील पहुंचकर एसडीएम राजीव निगम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि 11 फरवरी 2026 को रामपुर में न्यायालय में पैरवी के दौरान अधिवक्ता फारुख अहमद खां की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। घटना के बाद से हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर बार एसोसिएशन ने चिंता जताई है। मांग की गई कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। मृतक अधिवक्ता के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही न्यायालय परिसरों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। इस दौरान इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री समेत अन्य पदाधिकारी एवं अधिवक्ता मौजूद रहे। इस दौरान अध्यक्ष सर्वेश कुमार मिश्रा, मंत्री उमाकांत जायसवाल, लव कुमार तिवारी, मोहम्मद इजहार आदि शामिल रहे।

# शिया समुदाय ने प्रदर्शन कर पाकिस्तान का फूंका पुतला




हिदायतनगर में शिया मस्जिद के बाहर विरोध जताते हुसैनी टाइगर्स के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- शिया मस्जिद पर हमले का जताया विरोध, की नारेबाजी

**अमृत विचार:** पिछले जुम्मे को पाकिस्तान की एक शिया मस्जिद में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी व आत्मघाती हमले में कई लोगों की मौत हो जाने की घटना के विरोध में शुक्रवार को लखीमपुर के हिदायत नगर स्थित शिया मस्जिद में नमाज-ए-जुम्मा के बाद जोरदार प्रदर्शन किया गया।

नमाज के बाद बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग मस्जिद परिसर में एकत्र हुए और घटना की कड़ी निंदा की। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

शिया युवा संगठन हुसैनी टाइगर्स के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में मौलाना सलमान अब्बास साहब और संगठन के सिकंदर हुसैन के नेतृत्व में पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने इस्लामाबाद स्थित शिया मस्जिद में हुए हमले को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान में शिया मुसलमानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। साथ ही भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कूटनीतिक कदम उठाने, उच्चायोग को निष्कासित करने और कड़े प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सतर्क रही और प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# छुट्टा गोवंशों के लिए दो करोड़ से बनेगी गोशाला

संवाददाता, धौरहरा

- भूमि चिह्नीकरण के साथ शासन से मिली स्वीकृति

**अमृत विचार:** नगर क्षेत्र में छुट्टा गोवंश की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत में कान्हा गोशाला निर्माण को शासन की स्वीकृति मिल गई है। लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गोशाला के लिए भूमि भी चिह्नित कर ली गई है।

नगर पंचायत धौरहरा में छुट्टा गोवंशीय पशुओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कान्हा गोशाला निर्माण का प्रस्ताव चेयरमैन नफीस खां की अगुवाई में शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल चुकी है। गोशाला के निर्माण के बाद नगर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में घूम रहे छुट्टा गोवंशों को सुरक्षित ठिकाना मिल सकेगा।

धौरहरा के अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह ने बताया कि गोशाला में पशुओं के लिए शेड, चारा भंडारण, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, चिकित्सकीय सुविधा के साथ सोलर लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की तैयारी की जा रही है। धौरहरा व्यापार मंडल अध्यक्ष सुदीप निगम सिप्पू ने बताया कि सड़कों और मुख्य बाजारों में गोवंश के घूमने से आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कान्हा गोशाला बनने से गोवंश की देखभाल सुनिश्चित होगी।

# स्मृति महाविद्यालय के आठ छात्र यूपीएल में चयनित

**भानपुर, अमृत विचार:** स्मृति महाविद्यालय में शुक्रवार को लगे एग्रो-केमिकल कंपनी रे कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 40 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार प्रक्रिया में हिस्सा लिया।

लिखित एवं मौखिक परीक्षण के बाद विशेषज्ञों ने तार्किक क्षमता, विषय ज्ञान, आत्मविश्वास और संवाद कौशल के आधार पर 8 मेधावी छात्रों को चयनित किया। इस दौरान कंपनी की ओर से दुर्गेश सिंधे, गौरव शर्मा और ऋतुराज त्रिपाठी इंटरव्यू पैनल में शामिल रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी. शुक्ला ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

# कार-बाइक की टक्कर में दंपती और बच्ची घायल

संवाददाता, केशवापुर

- बरमबाबा स्थल पर हुए हादसे में दोनों वाहनों के उड़े परखच्चे
- अवनीश पत्नी और बच्ची के साथ अपनी ससुराल जा रहा था



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार।



इमलिया के पास हुई दुर्घटना में घायल दंपती।

**अमृत विचार:** थाना हैदराबाद की अज़ान चौकी क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। अजान-घरथनिया मार्ग पर इमलिया गांव के पास बरमबाबा स्थल पर बलेनो कार और बाइक के बीच हुई टक्कर में कार खंदक में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार सवार पति-पत्नी और उनकी दो साल की बच्ची घायल हो गए, जिनमें पत्नी को गंभीर चोटें आई हैं। बाइक चालक युवक बाल-बाल बच गया, लेकिन उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव लीलापुर निवासी अवनीश कुमार वर्मा (30) शुक्रवार दोपहर एक बजे अपनी पत्नी प्रीति वर्मा (28) और दो साल की बच्ची के साथ अपनी ससुराल संसारपुर बोझिया जा रहे थे। जब उनकी बलेनो कार अजान घरथनिया मार्ग पर स्थित गांव इमलिया के पास बरमबाबा देवस्थान पर पहुंची, तभी चठिया मदनी निवासी रामू पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने अपनी बाइक बगैर किसी संकेत के अचानक दाहिनी ओर मोड़ दी। बाइक सवार के एकाएक मोड़ने से कार बाइक में जोरदार टक्कर हो गई और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में जा गिरी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार दंपती और उनकी बच्ची अंदर फंस गए। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर घायल कार सवार अवनीश, उनकी पत्नी प्रीति और बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। इस घटना में प्रीति वर्मा गंभीर घायल हो गईं, जबकि अवनीश कुमार वर्मा और उनकी बच्ची को मामूली चोटें आईं।

गनीमत यह रही कि बाइक चालक रामू को कोई गंभीर चोट नहीं आई। घायल प्रीति वर्मा, अवनीश कुमार वर्मा और उनकी बच्ची को इलाज के लिए निजी वाहन से गोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह हादसा बाइक चालक द्वारा बिना संकेत दिए अचानक सड़क क्रास करने के कारण हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर देरी से पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

# शिक्षार्थ आएं-सेवार्थ जाएं के संकल्प के साथ दीक्षांत समारोह संपन्न



दीक्षान्त समारोह में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

- विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है

**अमृत विचार:** पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा 12 का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह का मूल संदेश रहा शिक्षार्थ आएं, सेवार्थ जाएं।

आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि राम जी दीक्षित, प्रबंधक विमल अग्रवाल, मुख्य वक्ता राजेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार आगा और प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। साथ ही वातावरण में वैदिक मंत्रोच्चार और वंदना की मधुर ध्वनि गूंज उठी। कक्षा 11 के आकाश गुप्ता और कक्षा 12 के प्रतीक सिंह चौहान ने विद्यालय से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए गुरुजनों के स्नेह, अनुशासन और विद्यालयी जीवन के यादगार क्षणों को भावुक शब्दों में व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि सुनील सिंह ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि राम जी दीक्षित, कोषाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार आगा, मुख्य वक्ता राजेश दीक्षित, आचार्य विजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। समारोह के दौरान विद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में प्रबंधक विमल अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार जताया। संचालन अर्पित एवं आर्यन वर्मा ने किया।

# समाचार पत्र वितरक को पितृशोक

**संसारपुर,** अमृत विचारः संसारपुर कस्बे में अमृत विचार के वितरक अखिलेश तिवारी के पिता पंडित आदर्श कुमार तिवारी का बीमारी के चलते निधन हो गया।

वह 62 वर्ष के थे। संसारपुर के पड़ोसी गांव बोझिया निवासी पं. आदर्श कुमार तिवारी का स्वास्थ्य कुछ दिनों से खराब चल रहा था, जिनका इलाज भी होता रहा, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उनके गांव बोझिया में ही निधन हो गया।

वह अपने पीछे पुत्र, पुत्री, पत्नी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी अंतिम यात्रा में रिश्तेदारों के साथ सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, पत्रकार, व्यापार मंडल के पदाधिकारी और गांववासी शामिल रहे।

# थारू गांव सूरमा में 128 मरीजों को मिला निःशुल्क इलाज



मानव चिकित्सा शिविर में मरीजों को देखते चिकित्सक। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार :** नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल की 39वीं वाहिनी के कमांडेंट के निर्देश पर सीमा चौकी सौनहा के कार्यक्षेत्र के वाइब्रेंट गाँव सुरमा में वाहिनी द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चन्दन चौकी के डॉ. अंकित पांडे ने मरीजों के स्वास्थ्य जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां दीं। शिविर में 47 पुरुष, 74 महिलाओं व सात बच्चों समेत 128 ग्रामीण नागरिकों का उपचार किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ मौसमी बीमारियों की पहचान कर आवश्यक परामर्श एवं औषधियां प्रदान की गईं।

# सर्वाधिक गन्ना उत्पान पर किसान सम्मानित

- डीसीएम ग्रुप ने एक हेक्टेयर में 1500 क्विंटल से अधिक गन्ना पैदा करने पर की सराहना

संवाददाता, पसगवां



किसान नीरज अवस्थी को सम्मानित करते ईडी रोशन लाल टामक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** क्राफ्ट कटिंग सत्र के दौरान डीसीएम श्रीराम ग्रुप की चारों इकाइयों में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन करने वाले अजबापुर चीनी मिल क्षेत्र के ग्राम पिपरी अजीज के किसान नीरज अवस्थी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिजनेस हेड रोशनलाल टामक व मुख्य कार्य अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने किसान को सम्मान प्रदान करते हुए उनके उत्कृष्ट उत्पादन की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान एक हेक्टेयर में 1500 कुंतल से अधिक उत्पादन करने वाले किसान सम्मानित किए गये। कार्यक्रम का संचालन रीजनल हेड रमेश चौधरी ने किया। उन्होंने गन्ना किसानों को अच्छे उत्पादन के लिए बुवाई के समय संपूर्ण बेसल डोज व गन्ने की बंधाई के समय तिरछी बंधाई और कम से कम तीन बार गन्ने की जड़ों पर मिट्टी चढ़ाई करने पर जोर दिया। वहीं ईडी रोशन लाल टामक ने उन्नत किस्म की प्रजाति को चयनित करने पर जोर दिया।

इकाई प्रमुख प्रभात कुमार सिंह व गन्ना विभाग प्रमुख हरेंद्र त्रिपाठी ने किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीसीएम श्रीराम ग्रुप के ईडी रोशन लाल टामक, सीईओ आशुतोष त्रिपाठी, डीसीएम ग्रुप के डीजीएम केन अलीआरजू जैदी, अपर गन्ना महाप्रबंधक अजय कुमार बघेल व चीनी मिल के समस्त क्षेत्रीय जोनल इंचार्ज, कामदार सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# मैगलगंज में राजकीय महाविद्यालय की मांग तेज

**मैगलगंज, अमृत विचार:** कस्बे में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना को लेकर स्थानीय स्तर पर उठी मांग अब उत्तर प्रदेश विधान परिषद तक पहुंच गई है। एडवोकेट कमलेश गुप्ता द्वारा प्रस्तुत याचिका को एमएलसी अनूप गुप्ता ने परिषद में उठाते हुए क्षेत्र में उच्च शिक्षा संस्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। याचिका में उल्लेख है कि मैगलगंज और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए 40-50 किलोमीटर दूर महाविद्यालयों में जाना पड़ता है, जिससे विशेषकर छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है। स्थानीय नागरिकों ने राजकीय महाविद्यालय की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि संस्थान की स्थापना से क्षेत्र के शैक्षिक, सामाजिक और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। जनप्रतिनिधियों की पहल के बाद अब लोगों की निगाहें शासन-प्रशासन के निर्णय पर टिकी हैं।

# परीक्षार्थी आत्मविश्वास व समय पर दें जोर



सरस्वती विद्या निकेतन में हाईस्कूल के आशीर्वाद समारोह में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- हाईस्कूल के विद्यार्थियों को विदाई समारोह में दिए परीक्षा संबंधी टिप्स

**अमृत विचारः** सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के विद्यार्थियों के आशीर्वाद समारोह में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी आवश्यक टिप्स देते हुए कहा कि परीक्षार्थी आत्मविश्वास, समय प्रबंधन पर विशेष जोर दे।

विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को आशीर्वाद कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती के चित्र का अनावरण एवं पुष्पार्चन से हुआ। वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्रनाथ पाठक ने कहा कि यह जीवन की प्रथम महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसमें अभ्यास एवं सावधानी से ही अच्छे अंक प्राप्त किये जा सकते है। प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को तनाव मुक्त अध्ययन की सलाह देते हुए समय पालन के महत्व को जरूरी बताया। कहा कि प्रश्नों के उत्तर क्रम से एवं स्वच्छ लेख में लिखने से अच्छे अंक मिलते हैं। परीक्षा के दौरान अपने साथ आवश्यक सामग्री, प्रवेश पत्र, पंजीकरण प्रपत्र, पेन पेंसिल आदि रख कर सावधानी पूर्वक लेकर जाने को निर्देशित किया। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने विद्यार्थियो को परीक्षोपयोगी मार्गदर्शन,परीक्षा में अच्छे अंक लाने का आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्होंने नवीन सत्र एक अप्रैल से शुरू होने की जानकारी दी।

न्यूज ब्रीफ

## 151 पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक 15 को



लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : शहर की पंजाबी कॉलोनी स्थित ऋषि आश्रम पर 151 पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक 15 फरवरी को सुबह दस बजे से होगा, जो दोपहर 12:30 बजे तक चलेगा। यह जानकारी देवकली आश्रम के आचार्य राजेश मिश्र ने दी।

## दो केंद्रों पर परीक्षा देंगे 2156 परीक्षार्थी

पलिया कलां, अमृत विचार : 18 फरवरी से शुरू हो रहीं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के लिए पलिया नगर में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिन पर क्षेत्रीय विद्यालयों के कुल 2156 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य केंद्र व्यवस्थापक डोरी लाल भार्गव ने बताया कि उनके परीक्षा केंद्र पर कुल 1417 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जिनमें हाईस्कूल के 808 और इंटरमीडिएट के 609 परीक्षार्थी होंगे।

## पति से कहासुनी पर खाया जहरीला पदार्थ, भर्ती

बरेली, अमृत विचार : पति से मामूली कहासुनी पर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। आंवला थाना क्षेत्र के गांव मानपुर की गायत्री (26) ने शुक्रवार को पति से कहासुनी के बाद गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार चल रहा है।

**खबरे www.amritvichar.com पर भी पढ़े।**

# दिव्यांग पत्नी की डंडे-भाले से की हत्या, पुलिस गिरफ्त में आरोपी

## चप्पल को लेकर विवाद बना हत्या की वजह, मृतका के बच्चों का रो-रोकर हाल बेहाल

संवाददाता, बरवर



घटना स्थल पर पड़ा खून।

**अमृत विचार:** बरवर पुलिस चौकी क्षेत्र के दिलावर नगर गांव में गुरुवार देर शाम दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। जहां शराब के नशे में पति ने मामूली विवाद के बाद अपनी दिव्यांग पत्नी की डंडे से पिटाई कर भाली घोंपकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

घटना गुरुवार शाम करीब आठ बजे हुई। जानकारी के अनुसार आरोपी छविनाथ पुत्र माधव राम निवासी सिकंदराबाद थाना नीमगांव आर्थिक तंगी के चलते करीब तीन माह पहले दिलावर नगर स्थित गोशाला में मजदूरी करने आया था। वह अपनी पत्नी सुजाता (45) और बेटी के साथ यहीं रह रहा था। मृतका की 13 वर्षीय बेटी नंदनी शुक्ला ने बताया कि



चश्मदीद बेटी नंदनी।

पापा शराब के नशे में थे और चप्पल को लेकर मम्मी से कहा सुनी हुई थी। इसके बाद पापा मम्मी को डंडे से मारने लगे और बाद में गर्दन में छोटी सी भाली मारकर हत्या कर दी। चौकी प्रभारी नरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने सुजाता (45) को सीएचसी मोहम्मदी भेजा जहां, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में आ गया। सुजाता मूलतः

> मृतक महिला के पुत्र बाहर हैं। उनके आने के बाद तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –**अरुण कुमार सिंह**, सीओ मोहम्मदी

बंगाल से लाई गई थी और दिव्यांग थी। छविनाथ शराब का आदी है। उसके तीन पुत्र करन, अर्जुन और जयकिशन हैं। विवाद और पिटाई होने पर सुजाता और उसकी बेटी गोशाला से बाहर निकल आए थे। घटना स्थल गोशाला और दिलावर नगर के बीच का है।

### आसपास के लोगों की मदद से पकड़ा आरोपी

पसगवां। दिव्यांग पत्नी पर शराब के नशे में ताबड़तोड़ वार करने के बाद आरोपी ने फरार होने की कोशिश तो की, लेकिन आसपास के लोगों ने उसे उलझाए रखा और कहा कि अभी यह जिंदा है, इसे अस्पताल ले जाने दो, वहां ठीक हो जाएगी। इसी बीच पुलिस आ गई और वह गिरफ्त में आ गया। गरीबी में सिकंदराबाद से यहां आकर मजदूरी करना, विवाह की चाह को बंगाल से लाकर पूरा करना और शराब की लत जीवन की उस हताशा की ओर इशारा करता है। जहां सवर्ण समाज को निर्धन हीन मानकर इतिश्री कर ली गई है। लोगों का कहना है कि यदि छविनाथ को उसकी गरीबी के आधार पर कुछ सरकारी सहायताएं मिली होतीं तो शायद एक घर बर्बाद होने से बच जाता।

## त्रिवटीनाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर का निर्माण पूरा

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में मां भवानी का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर सेवा समिति की ओर से नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 16 से 20 फरवरी तक भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। मंदिर का निर्माण आधुनिक शिल्प शैली और गुलाबी जयपुरी पत्थरों से किया गया है। मंदिर की नक्काशी में अयोध्या के श्री राममंदिर की पत्थर कारी की झलक दिखाई देती है। मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि शिवालय में पूर्व से विराजित नवदुर्गा स्वरूपों को अब इस नवनिर्मित मंदिर में स्थापित किया जा रहा है। यहां मां भवानी का सिंह वाहिनी स्वरूप भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा। साथ ही, परिसर को महाकाल स्वरूपों, शिव बरात, राम दरबार और राधा-कृष्ण की कलात्मक म्यूरल आकृतियों से सजाकर एक दिव्य धार्मिक अनुभव देने का प्रयास किया गया है। मंदिर सेवा समिति के मंत्री प्रताप चंद्र सेठ के नेतृत्व में 12 माह में निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। महोत्सव में 16 से 19 फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पूजन, जबकि 20 फरवरी को मुख्य प्राण प्रतिष्ठा और महाआरती का आयोजन होगा।

# यात्रियों के गुम 56 मोबाइल जीआरपी ने किए बरामद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहली सैलरी से खरीदा चोरी हुआ मोबाइल पाकर जोमैटो ब्वाय बसंत की लौटी मुस्कान
- सीओ ने बताया 8.50 लाख कीमत के फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाया गया

**अमृत विचार** : जीआरपी थाना पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में गुम हुए 56 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिया गया है। गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल पाकर मालिकों के चेहरे पर खुशी से खिल गए। इसमें लाल फाटक इलाके में जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय बसंत सिंह का मामला सबसे चर्चा में रहा। जीआरपी सीओ के मुताबिक गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी के लिए एक महीने से विशेष अभियान चलाया जा रहा था।

लाल फाटक निवासी बसंत सिंह जोमैटो में डिलीवरी बॉय का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि 21 मई 2025 को पहली सैलरी मिली थी। काम की जरूरत को देखते हुए सैलरी मिलते ही 12 हजार रुपये का स्मार्टफोन खरीदा, जो उसके काम-ऑनलाइन ऑर्डर और डिलीवरी के लिए बेहद जरूरी था, लेकिन उसी दिन प्लेटफॉर्म पर डिलीवरी के दौरान फोन चोरी हो गया। बसंत ने बताया कि फोन चोरी होते ही वह बेहद टूट गया क्योंकि यह उसके काम का आधार था। बसंत ने भावुक होकर कहा कि, मेरा पूरा काम मोबाइल से ही चलता है, सैलरी के पैसों से फोन लिया और उसी दिन चोरी होने पर लगा जैसे सब लुट गया। जीआरपी की मदद से आज फोन वापस पाकर उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे।

जीआरपी सीओ अनिल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि बरामद 56 एंड्रॉयड फोन की बाजार कीमत लगभग 8.50 लाख रुपये है। इनमें विभिन्न कंपनियों और मॉडल के मोबाइल शामिल हैं। इन मोबाइलों का पता लगाने के लिए जीआरपी ने बरेली के अलावा बदायूं, शाहजहांपुर, पीलीभीत और अंबेडकर नगर तक के इलाके शामिल करते हुए सीसीटीवी फुटेज और ट्रैकिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। चोरी या गुम हुए सभी फोन के असली मालिकों को पहचानकर मालिकों को उनके मोबाइल फोन सौंप दिए गए। टीम में जीआरपी थाना प्रभारी सुशील कुमार वर्मा, उप निरीक्षक अनुराग प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल तेजप्रकाश सिंह, मुख्तार आलम, मोहित शुक्ला, कपिल कुमार, अक्षय कुमार, संदीप कुमार, मो. आलम आदि शामिल रहे।


**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण, बदायूं**

पत्रांक: 101/मत्स्य आखेट/नीलामी/2025-26 दिनांक: 13.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या:1/2019/33/1-2 -2019 (रिट)/2018 दिनांक: 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97 (1)/सत्रह - म -/1- 2024 दिनांक: 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील दातागंज (बदायूँ) के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के पाँच खण्डों तथा रामगंगा नदी के खण्ड सं0 - 5,6 तथा खण्ड सं0-7 में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में दिनांक: 20.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सभागार दातागंज (बदायूँ) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक शुक्रवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियाँ जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमन्त्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 किमी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू0 56250.00 मत्स्य आखेट समिति दातागंज के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिए कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं0-325, विकास भवन बदायूँ (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य / सचिव, मत्स्य आखेट समिति तहसील दातागंज जनपद-बदायूं


## समर्थ पोर्टल से होंगी विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक व आंतरिक परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार** : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि व ऑनर्स एवं एमएससी कृषि के विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक, आंतरिक और मिड-टर्म परीक्षाओं के संचालन को लेकर निर्देश शुक्रवार को जारी कर दिए। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी परीक्षाएं 14 फरवरी से 1 मार्च के बीच संपन्न कराई जाएंगी।

परीक्षाओं की निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार के अंक ऑनलाइन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी परीक्षाओं के अंक केवल समर्थ व विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से ही अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक संकाय को अंकपत्र की दो प्रतियां रखने के साथ चुनौती मूल्यांकन से संबंधित उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित संधारण अनिवार्य किया गया है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा का संचालन पूर्ववत नियमों के अनुसार होगा।

# सर्दी में गर्म खून के जानवरों ने जमकर बनाया शिकार

कार्यालय संवाददाता बरेली

- जिला अस्पताल एवं 300 बेड अस्पताल में रैबीज का इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे 300 से ज्यादा लोग
- पालतू बिल्ली-डॉग की बाइट से रैबीज की दहशत, वैक्सीन लगाने को लग रही लाइन

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल और 300 बेड अस्पताल में रैबीज की वैक्सीन लगाने वाले शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों से तो लोग आ ही रहे हैं, लेकिन जिन लोगों ने अपने घरों में कुत्ते, बिल्ली और चूहे पाले हुए हैं वह भी अपने पालतू की बाइट का शिकार होकर बड़ी संख्या में एंटी रैबीज वैक्सीनेशन के लिए पहुंच रहे हैं।

रैबीज की वैक्सीन लगाने के लिए तीन सौ बेड अस्पताल के बाद जिला अस्पताल में भी कुछ समय पहले स्टाफ को तैनात किया गया है। यहां पर रोजना 100 से 150 लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। इतने ही लोग 300 बेड अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीनेशन लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि जिले में स्ट्रीट डॉग के साथ-साथ चूहा, बिल्ली, नेवले और सियार के भी शिकार होते हैं। इसके साथ ही रोजाना तमाम लोग अपने ही घर में पालतू जानवर की बाइट का शिकार हो जाते हैं। ऐसे लोग भी एहतिहात के तौर पर एंटी रैबीज वैक्सीन के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं। उन्हें अपने ही पालतू पशु पर भरोसा नहीं होता है, जबकि वह उसका नियमित वैक्सीनेशन का दावा करते हैं।

### पालतू सफेद चूहे ने चबा दी मासूम की अंगुली

दो माह के बच्चे को निकाह में लेकर गई महिला के बच्चे को वहां पल रहे पालतू सफेद चूहे ने ही अपना शिकार बना लिया। रात में सोते समय चूहा मासूम बच्चे की अंगुली को चबा गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर मां को इसकी जानकारी हुई। शुक्रवार को उसे रैबीज की वैक्सीन लगाई गई है।

> रैबीज की वैक्सीन लगाने के लिए रोज 100 से 150 लोग जिला अस्पताल में आ रहे है। उनका वैक्सीनेशन किया जा रहा है। इसमें पहली वैक्सीन से लेकर पांचवीं वैक्सीन लेने वाले लोग शामिल हैं। वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने वाले आधे लोग अपने पालतू जानवर का शिकार होते हैं। –**मिथलेश कुमार**, नर्सिंग ऑफिसर

### गर्मी के बराबर ही है सर्दी का आंकड़ा

आमतौर पर कहा जाता है कि गर्मी में स्ट्रीट डॉग अधिक लोगों को शिकार बनाते हैं, लेकिन आंकड़ों में यह बात सही नहीं पाई गई। जिला अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि जितने लोग गर्मी में जानवरों के काटने का शिकार होते हैं, लगभग उतने ही लोग सर्दियों में भी वैक्सीनेशन के लिए अस्पताल में आ रहे हैं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)

पत्रांक : 680/न.पा.परि.आ./2025-26 दिनांक : 11.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद आंवला/पब्लिक सेक्टर/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां.वि.आ. अन-टाईड अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक 14.02.2026 से 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली पी.डब्लू.डी. रोड से शराफत के मकान तक व दीवार के पास से आरिफ के मकान होते हुये कलीम के मकान तक नई बस्ती बजीरगंज रोड वार्ड सं. 01 | 1112997 | 22300 | 1200+216 | 3 माह |
| 2. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली होली चौक मोहल्ला विलायतगंज वार्ड सं. 01 | 1191893 | 23900 | 1200+216 | 3 माह |
| 3. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली बलि हसन के मकान से कमल हसन के मकान तक व मुजाजिद के मकान से सहीद के मकान होते हुये नासिर के मकान तक गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 264996 | 5300 | 300+54 | 3 माह |
| 4. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली आलम के मकान से रोजी के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 134516 | 2700 | 150+27 | 3 माह |
| 5. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली सरताज के मकान के पास व जाबिर के मकान वाली गली मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 203944 | 4100 | 250+45 | 3 माह |
| 6. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली रामलाल के मकान से गीता देवी के मकान तक मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 05 | 190292 | 3850 | 200+36 | 3 माह |
| 7. | निर्माण इं.ला. रोड व नाली अकमल के मकान से नईम के मकान तक व मोबिन के मकान से सलीम के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 254821 | 5100 | 300+54 | 3 माह |
| 8. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली कूड़ा घर के पास से देवेन्द्र की चक्की के पास पुलिया तक बख्शी वार्ड सं. 09 | 710837 | 14250 | 750+135 | 3 माह |
| 9. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली चेतराम के मकान से यादराम के मकान तक व लालमन वाली गली मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 15 | 1066821 | 21350 | 1100+198 | 3 माह |
| 10. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली वर्मा जी के मकान से धारा सिंह के गोदाम के पास तक का कार्य मुन्सिफ कोर्ट के सामने वार्ड सं. 16 | 381760 | 7650 | 400+72 | 3 माह |
| 11. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली सफीक अहमद के मकान तक नासीर के मकान तक का कार्य मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 20 | 1217219 | 24500 | 1250+225 | 3 माह |
| 12. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली रामप्रसाद के मकान से मास्टर बनवारी के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 421825 | 8450 | 450+81 | 3 माह |
| 13. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली शंकर के मकान से छोटेलाल के मकान तक व बृन्दावन के मकान से भोले के मकान तक तथा सोमपाल के मकान से राजकुमार के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 359313 | 7200 | 400+72 | 3 माह |
| 14. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली संजय के मकान से तेजपाल के मकान तक तथा सर्वेश के मकान से दीपचन्द्र के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 248353 | 5000 | 300+54 | 3 माह |
| 15. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली लक्ष्मी नर्सिंग होम के पास से महेश के मकान होते हुये भूपराम के मकान तक मोहल्ला किशन टोला वार्ड सं. 25 | 454395 | 9100 | 500+90 | 3 माह |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली) — **अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)


## संपत्ति और भवन कर नहीं चुकाने पर 20 इमारतें सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जोन-1 से 4 तक चला वसूली अभियान, नगर निगम कोष में ढाई लाख जमा
- मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने चेताया, आगे भी जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

**अमृत विचार** : नगर निगम ने बकाया संपत्ति कर की वसूली को लेकर फिर सख्ती शुरू कर दी है। संपत्ति कर विभाग ने शुक्रवार को शहर के चारों जोन में सीलिंग की कार्रवाई की। कई नोटिस देने के बाद भी निर्धारित समयावधि में बकाया कर जमा न करने वाले 20 भवन व व्यवसायिक स्वामियों की संपत्तियों को सील किया गया। अभियान के दौरान ढाई लाख रुपये टैक्स की वसूली भी की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि जोन-1 में गुलाब नगर के हामिद हुसैन, मोहम्मद रजा खान, इंग्लिशगंज के महबूब हुसैन, रईस अहमद, मलूकपुर की मुमताज बेगम, कुंवरपुर के नसीर अहमद, सरनियां के शाहिद, शहर के ईशाक चौधरी, शाईस्ता बेगम की संपत्तियों को सील किया गया। इसी तरह जोन-2 के फाल्तूनगंज में वशीर अहमद की दो संपत्तियों को सील किया गया, जबकि जोन-3 में नई बस्ती के नईम उल्ला, कांकर टोल के हिमायत उल्ला, एजाज नगर गौटिया की खुशनुमा, कांकर टोल की शमीम बानो, शाहजहां बेगम की संपत्तियों को भी सील किया गया।

उन्होंने बताया कि जोन-4 में कार्रवाई का दायरा और भी कड़ा रहा, जहां प्रेमनगर के भूड़ की रामकली देवी, गांधीपुरा के राजकुमार और डायमंड टायर्स शोरूम को सील किया गया। उन्होंने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि अभियान निरंतर और सख्ती के साथ जारी रहेगा। सभी भवन और संपत्ति मालिकों से अपील की वे कार्रवाई से बचने के लिए तुरंत अपना बकाया संपत्ति कर जमा कराएं।

## महाशिवरात्रि पर शहर में नहीं घुसेंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डायवर्जन शनिवार रात नौ बजे से रविवार रात नौ बजे तक प्रभावी

**अमृत विचार** : महाशिवरात्रि पर नाथनगरी स्थित प्रमुख शिव मन्दिरों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक कर पूजा अर्चना करेंगे। इसे देखते हुए एसपी ट्रैफिक ने शनिवार की शाम 9 बजे से रविवार की शाम 9 बजे तक शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। आमजन की सुविधा के लिए रूट डायवर्जन किया गया है। जो रविवार की शाम नौ बजे तक प्रभावी रहेगा।

एसपी ट्रैफिक ने बताया कि परसाखेड़ा रोड नम्बर-एक, बिलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झादा, ट्रांसपोर्टनगर, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ से कोई भी भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगा। वहीं, दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें जिनको बदायूं की तरफ जाना है, झुमका तिराहे से बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे। नैनीताल की तरफ से आने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें जिन्हें बदायूं जाना है। वह बिलवा, विलयधाम, बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे। पीलीभीत की तरफ से आने वाले भारी वाहन जिनको बदायूं जाना है, वह विलयधाम, बड़ा बाईपास से नवदिया झादा से फरीदपुर से फतेहगंज पूर्वी से दातागंज से देवचरा से भमौरा होते हुए जा सकेंगे।

एसपी ट्रैफिक के अनुसार दिल्ली व रामपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन और रोडवेज बसें जिन्हें लखनऊ जाना है वह बड़ा बाईपास से झुमका, बिलवा, विलयधाम, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी होकर जा सकेंगे।

# कांग्रेसियों ने निकाली मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मनरेगा में बदलावों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी
- बदायूं रोड से शुरू हुई पदयात्रा का चौकी चौराहे पर समापन

**अमृत विचार** : महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में किए गए कथित बदलावों के विरोध में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को शहर में मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेसियों ने मनरेगा के समर्थन में नारे लगाए।

जिलाध्यक्ष अशफाक सकलैनी ने कहा कि भाजपा गांधीजी के नाम और उनके मूल्यों को हाशिये पर डालने की कोशिश कर रही है, जो देशहित में नहीं है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि जिन महात्मा गांधी को पूरा विश्व सम्मान देता है, यदि उसी देश में उन्हें आवश्यक सम्मान न मिले तो यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। पदयात्रा के पर्यवेक्षक ओमकार सिंह ने चेतावनी दी कि अगर सरकार का रवैया नहीं बदला तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका जवाब देगी और सरकार को परिणाम भुगतने होंगे। कांग्रेस का यह आयोजन मनरेगा के समर्थन और उसकी मौलिक भावना की रक्षा के लिए चल रही व्यापक मुहिम का हिस्सा है, जिसमें देशभर में पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ता सक्रिय हैं। यह पदयात्रा बदायूं रोड स्थित पराग डेरी से आरंभ हुई, जो करगैना बाजार, जागृति नगर व सुभाष नगर होते हुए चौकी चौराहा स्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान प्रेम प्रकाश अग्रवाल, केबी त्रिपाठी, पंडित राज शर्मा, सुबोध जौहरी, पूनम दीप, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद कुमार, जितेंद्र नजमी, जोया खान, राजीव सिंह, बाबू, सुरेश वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, सुरजीत सिंह, साहिब सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, रमेश श्रीवास्तव, मयंक आदि मौजूद रहे।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
लोहे/स्टील के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की जिसको लोहा खरीदने, बेचने, बिल बनाने, स्टाक रजिस्टर बनाने का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
श्रीवर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेम नगर, बरेली
9411011666

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# युवक ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या

**जलालाबाद, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम याकूबपुर में शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे एक हृदयविदारक घटना से सनसनी फैल गई। ग्राम निवासी सुखपाल सिंह का पुत्र गोविंद उर्फ विकास घर लौटने के बाद अपने कमरे में बंद हो गया और तमंचे से खुद के सीने पर गोली मार ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि गोविंद उर्फ विकास अपनी मामी का एक्सरे कराने गया था। दोपहर में घर लौटने के बाद वह सीधे अपने कमरे में चला गया और अंदर से कुंडी बंद कर ली। कुछ देर बाद अचानक गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही पिता सुखपाल सिंह घबराकर कमरे की ओर दौड़े। दरवाजा अंदर से बंद था, जिस पर परिजनों ने खिड़की तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। विकास सीने में गोली लगने से जमीन पर लहूलुहान पड़ा था। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय उप जिलाधिकारी, गोला गोकर्णनाथ-खीरी

पत्रांक– /मत्स्य पा0 पट्टा–10 वर्षीय/नीलामी–शिविर/विज्ञापन/आर0के0 दिनांकः–09.02.2026

**विज्ञप्ति**

तहसील गोला गोकरननाथ जनपद लखीमपुर खीरी में मत्स्य पालन हेतु उपयुक्त तालाबों का आवंटन नीलामी पद्धति से किये जाने हेतु तहसील मुख्यालय पर शिविर का आयोजन किया जायेगा। उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 यथा संशोधित 2015 की धारा 61 के नियम 57 व 58 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्बन्धित ग्राम पंचायत के निवासी इच्छुक व पात्र व्यक्ति तथा इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समिति जो मत्स्य विभाग द्वारा पंजीकृत हों। नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु आवेदित समितियों को समिति का रजिस्ट्रेशन, बायलाज व कार्य क्षेत्र से सम्बन्धित अभिलेख की स्वप्रमाणित प्रतियां आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।

**नीलामी स्थल–तहसील गोलागोकर्णनाथ,सभागार,नीलामी का समय–दोपहर 12बजे से 2बजे तक नीलामी हेतु तालाबों का विवरण**

| क्र0सं0 | ग्राम का नाम जहाँ तालाब स्थित है | परगना | तालाब/पोखर मीनाशय एवं जल प्रणालियो का विवरण | | जमानत राशि (आरक्षित बोली धनराशि का 10%) | नीलामी हेतु नियत तिथि | नीलामी अधिकारी का पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | खसरा सं0 | क्षेत्रफल (हे0में) | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | अढौरा | पैला | 66ख | 0.433 | 217 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 2 | अढौरा | पैला | 67 | 0.926 | 463 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 3 | अढौरा | पैला | 89 | 0.320 | 160 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 4 | अढौरा | पैला | 242 | 0.616 | 308 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 5 | अहमदनगर | हैदराबाद | 1057 | 2.448 | 2448 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 6 | अहमदनगर | हैदराबाद | 191 | 2.744 | 2744 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 7 | मढिया | हैदराबाद | 214 | 0.364 | 182 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 8 | देवरिया | हैदराबाद | 270 | 2.023 | 2023 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 9 | देवरिया | हैदराबाद | 272च | 5.975 | 5975 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 10 | देवरिया | हैदराबाद | 272न | 7.160 | 7160 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 11 | सुहेला | हैदराबाद | 131क | 5.322 | 5322 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 12 | मिर्जापुर ग्रन्ट | हैदराबाद | 387मि | 0.458 | 229 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 13 | कंजा | हैदराबाद | 18 | 0.910 | 455 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 14 | गोलाबाहर | हैदराबाद | 2164 | 0.336 | 168 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 15 | रायपुर | हैदराबाद | 325क | 0.482 | 241 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 16 | रायपुर | हैदराबाद | 325ग | 1.295 | 648 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 17 | ककलापुर | हैदराबाद | 26 | 0.680 | 340 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 18 | बस्तौली | मगदापुर | 352क | 0.239 | 120 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 19 | बस्तौली | मगदापुर | 372क | 0.304 | 152 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 20 | परसपुर | मगदापुर | 166 | 0.304 | 152 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 21 | परसपुर | मगदापुर | 70 | 0.247 | 124 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 22 | संसारपुर | कुकरा | 2056 | 0.316 | 158 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 23 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 2868 | 0.227 | 114 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 24 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 4255 | 0.644 | 322 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 25 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 1186 | 0.300 | 150 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 26 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 6263 | 0.300 | 150 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 27 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 5521 | 0.243 | 122 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 28 | ग्रन्ट नं011 | कुकरा | 1697क | 0.210 | 105 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 29 | जटपुरा | कुकरा | 267 | 0.312 | 156 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 30 | जटपुरा | कुकरा | 737 | 0.535 | 268 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 31 | महुरेना | कुकरा | 734 | 0.422 | 211 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 32 | पुनर्भूग्रन्ट | कुकरा | 262क | 1.270 | 635 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 33 | रोशननगर | कुकरा | 591 | 1.614 | 807 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 34 | रामपुर ग्रन्ट नं018 | कुकरा | 1651 | 0.360 | 180 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 35 | रामपुर ग्रन्ट नं018 | कुकरा | 2068 | 0.221 | 111 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 36 | असौवा | कुकरा | 498 | 1.060 | 530 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, कुकरा |
| 37 | लखहा भूड़ | भूड़ | 135 | 0.287 | 144 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 38 | लखहा भूड़ | भूड़ | 142 | 0.579 | 290 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 39 | वसलीपुर ग्रन्ट | भूड़ | 938 | 0.360 | 180 | 11.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 40 | वसलीपुर ग्रन्ट | भूड़ | 1056 | 0.340 | 170 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 41 | बस्तौली | भूड़ | 70 | 0.206 | 103 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 42 | अलियापुर | भूड़ | 703 | 0.438 | 219 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 43 | अलियापुर | भूड़ | 197/793 | 0.231 | 116 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 44 | तेन्दुआ | भूड़ | 394 | 0.202 | 101 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 45 | तेन्दुआ | भूड़ | 459 | 0.829 | 415 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 46 | पड़रिया तिलकापुर | भूड़ | 503 | 0.235 | 118 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 47 | पड़रिया तिलकापुर | भूड़ | 831 | 0.579 | 290 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 48 | गोविन्दापुर | भूड़ | 507 | 0.821 | 411 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 49 | रमुवापुर | भूड़ | 144 | 0.300 | 150 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 50 | पड़रिया तुला | भूड़ | 332क | 0.397 | 199 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 51 | पड़रिया तुला | भूड़ | 180 | 0.470 | 235 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 52 | अलीगंज | भूड़ | 421 | 2.072 | 2072 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 53 | गोपालापुर | भूड़ | 995 | 0.441 | 221 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 54 | गोपालापुर | भूड़ | 989 | 0.525 | 263 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 55 | दरियाबाद | भूड़ | 1249 | 0.397 | 199 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 56 | मूड़खुर्द | भूड़ | 721 | 0.243 | 122 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 57 | सहसपुर | भूड़ | 520 | 0.227 | 114 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 58 | सोनपीपर | भूड़ | 428 | 0.364 | 182 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 59 | अम्बारा | भूड़ | 788 | 0.328 | 164 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 60 | अम्बारा | भूड़ | 546 | 0.332 | 166 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 61 | अम्बारा | भूड़ | 504 | 0.332 | 166 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 62 | अम्बारा | भूड़ | 339 | 0.243 | 122 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 63 | अम्बारा | भूड़ | 198 | 0.627 | 314 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 64 | अम्बारा | भूड़ | 751 | 0.308 | 154 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 65 | फुटहा | भूड़ | 1 | 0.235 | 118 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 66 | बाबरपुर | भूड़ | 407 | 0.259 | 130 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 67 | गोंधिया | भूड़ | 105 | 0.336 | 168 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 68 | महेशापुर | भूड़ | 454 | 0.263 | 132 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 69 | महेशापुर | भूड़ | 232 | 0.486 | 243 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 70 | कॉकरकुइंया | भूड़ | 33 | 0.287 | 144 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 71 | छैरासी | भूड़ | 108 | 0.320 | 160 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 72 | लखरावा | भूड़ | 1219 | 0.579 | 290 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 73 | बेलवा मलूकापुर | भूड़ | 634 | 0.478 | 239 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 74 | डिमरौल | भूड़ | 700ग | 0.559 | 280 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 75 | रसूलपनाह | भूड़ | 587 | 0.534 | 267 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 76 | रसूलपनाह | भूड़ | 620 | 0.300 | 150 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 77 | बघौडा | भूड़ | 188 | 0.218 | 109 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| 78 | बघौडा | भूड़ | 227 | 0.583 | 292 | 12.03.2026 | नायब तहसीलदार, भूड |
| | | | | **59.770** | | | |

**नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की पात्रता एवं शर्तेः–**

1 नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्तें शासनादेश (यथा संशोधित) संख्या–3736/1–2–95 रा–2 दिनांक 17.10.1995 व राजस्व संहिता 2006 की धारा 61के अनुरूप होगी जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद के वेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।

2 राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित 2015)के नियम 57 व 58 की धारा 61 के अनुसार 2 हे0 तक के तालाब पट्टा नीलामी की न्यूनतम धनराशि मु0 5,000/–प्रति हे0 तथा 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल के तालाबों की न्यूनतम धनराशि 10000/–प्रतिवर्ष निर्धारित की गयी है।

3 नीलामी मे बोली बोलने के इच्छुक व्यक्ति को जमानत धनराशि बोली बोलने से पूर्व जमा करनी होगी तथा नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलाम ग्रहीता को सर्वोच्च बोली की धनराशि जो तय होगी उसकी प्रथम किश्त अर्थात 1 वर्ष का लगान तत्काल जमा करना होगा तथा सर्वोच्च बोली की धनराशि प्रतिवर्ष लगान के रूप में जमा करना होगा।

4 सर्वोच्च बोलीदाता द्वारा बोली समाप्त होने के पश्चात सर्वोच्च बोली की धनराशि यदि तत्काल नहीं जमा की जाती है तो उसके द्वारा जमा की गयी जमानत धनराशि राज्य सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी।

5 विज्ञापन में तालाबो का आवंटन किसी व्यक्ति के नाम पूर्व से है तो वह नीलामी तिथि से पूर्व जमा लगान व अन्य अभिलेख के साथ कार्यालय को सूचित कर सकता है।

6 नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति अपना जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की स्वप्रमाणित प्रति व नवीनतम फोटो दावा के साथ संलग्न करे जो छः माह से अधिक पुराना न हो।

7 पट्टे की शर्तों एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी भी जानकारी हेतु रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय तहसील गोला मे किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

8 नीलामी कार्यवाही स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

UP - 245905 दिनांक: 12/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

उप जिलाधिकारी
गोला गोकर्णनाथ-खीरी


# फोरेंसिक विशेषज्ञों की निगरानी में होगा पोस्टमार्टम

## सरकार ने पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किया बड़ा बदलाव, सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर इससे मुक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में पोस्टमार्टम (शव-विच्छेदन) प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पोस्टमार्टम मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेजों के फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों द्वारा कराए जाएंगे। दिशा निर्देश के बाद सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर शव विच्छेदन प्रक्रिया से मुक्त कर दिए गए हैं।

राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में फोरेंसिक विभाग के चिकित्सकों को निर्धारित शर्तों के तहत पोस्टमार्टम प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। यूपी शरीर रचना परीक्षण अधिनियम-1956 के तहत लावारिस शवों का पोस्टमार्टम निजी मेडिकल कॉलेजों में होगा। लेकिन, अपराध या मेडिकल बोर्ड से जुड़े मामलों को निजी संस्थानों को नहीं सौंपा जाएगा। राज्य सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और विधिसम्मत है।

### उच्च चिकित्सा संस्थानों में ही होंगे पोस्टमार्टम

किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान और उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय समेत राज्य सरकार के अधीन मेडिकल विश्वविद्यालयों में फोरेंसिक विभाग होने पर पोस्टमार्टम वहीं कराए जाएंगे। इसी प्रकार बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान गोरखपुर जैसे केंद्रीय संस्थानों में भी यह व्यवस्था लागू होगी।

### ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर की सेवाएं नहीं होंगी प्रभावित

पोस्टमार्टम प्रक्रिया में किए गए बदलाव का सकारात्मक असर सरकारी अस्पतालों पर पड़ने की उम्मीद है। अब फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञों की निगरानी में शव-विच्छेदन होने से स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में तैनात सर्जन व अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को पोस्टमार्टम ड्यूटी से राहत मिलेगी। इससे उनकी ओपीडी और ऑपरेशन थिएटर (ओटी) की सेवाएं प्रभावित नहीं होंगी और मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा।


## कार्यलय ग्रा.प. लक्ष्मीपुर विकास खंड आसफपुर बदायूं

पत्रांक : निविदा/विज्ञप्ति/2025-26 12.02.2026

**अल्पकालीन निविदा**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, टीन, पेन्ट, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा, राज्य वित्त, खाद एवं रसद विभाग योजना, केन्द्र वित्त योजना (2025-26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर विकास खण्ड आसफपुर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 16.02.2026 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें व इसी दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 01 | कमरुद्दीन के घर से कमालुद्दीन के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 02 | अबरार के घर से जमीउल के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 03 | आरिफ के घर से नबी अहमद कुरैशी के घर तक सीसी नाली निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 04 | पूरन के घर से मुंशी के घर तक नाली सीसी निर्माण कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 05 | मेंन रोड से मुस्तकीम के घर तक नाली सीसी नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 06 | मेंन रोड से आशिक के घर तक नाली सीसी नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 07 | छोटे दयालू के घर से इमरान के घर तक नाली सीसी नि.कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 08 | कपिला के घर से लियाकत के घर तक सीसी नाली नि. कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 09 | ग्राम पंचायत में नाला नाली मरम्मत ,व सफाई कार्य | प्रा. के अनुसार |
| 10 | शम्मी की दुकान से तालिब के घर तक मिट्टी भराव कार्य | प्रा. के अनुसार |

**सचिव** **प्रधान**


# कांग्रेस ने निकाली मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा

- केंद्र सरकार पर साधा निशाना
- नीतियों के विरोध में लगाए नारे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकाली। जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त नेतृत्व में मनरेगा के नाम परिवर्तन के प्रस्तावित प्रयास के विरोध में कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा की शुरुआत राजीव भवन कार्यालय से हुई, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पदयात्रा निकाली और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में नारे लगाए। मनरेगा बचाओ, भाजपा भगाओ तथा मजदूर विरोधी सरकार हाय-हाय के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल से प्रारंभ होकर स्टेट बैंक रोड, सदर बाज़ार,बहादुरगंज, मशीनरी मार्केट,घंटाघर,आंख वाला अस्पताल, कच्चा कटरा, छोटा चौक, बड़ा चौक, चार खंभा, अब्दुल्लागंज, राजघाट गांधी पार्क में पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान जिले की मनरेगा ऑब्जर्वर आशा राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों मजदूरों और ग्रामीण परिवारों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार मनरेगा के नाम और स्वरूप में बदलाव कर इसकी मूल भावना को कमजोर करना चाहती है।

जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां मजदूरों, युवाओं और किसानों के हित में नहीं हैं। महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खां ने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र और राज्य सरकार के हर जनविरोधी कदम का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। पदयात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर रुक कर नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। समापन सभा में संगठन को मजबूत करने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।


**सम्मन अपील**
**न्यायालय श्रीमान बन्दोबस्त अधिकारी, चकबन्दी, बरेली।**
**अपील संख्या–20245412130000876**

शिव देई बनाम श्रीमती सुशीला देवी धारा–11 सी. एच.एक्ट ग्राम रावल कलां खुर्द तह. फरीदपुर जिला बरेली। 1. श्रीमती सुशीला दवी पत्नी जमुना प्रसाद, निवासी ग्राम उमेदपुर भुता तहसील फरीदपुर जिला बरेली हाल नि. हरूनगला तहसील व जिला बरेली 2. गांव सभा रावल कलां खुर्द तहसील फरीदपुर बरेली द्वारा प्रधान

चूंकि शिव देई पत्नी श्रीराम निवासी ग्राम रावल कलां खुर्द तहसील फरीदपुर जिला बरेली हाल ग्राम उमेदपुर भुता, बरेली तहसील फरीदपुर जिला बरेली ने आपके नाम एक नालिश वास्ते अपील खिलाफ सहायक चकबन्दी अधिकारी वाद संख्या–23 आदेश दिनांक 14.5.2022 धारा–9क(क) सी. एच. एक्ट खाता संख्या–028 सरकार बनाम सुशीला देवी आदि को निरस्त कराने हेतु दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म दिया जाता है कि आप बतारीख 28.02.26 को असालतन मार्फत किसी अधिवक्ता के जो मुकदमा हाजा से बखूबी वाकिफ है और मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके। मय कागजात मुतलका हाजिर हो। वर्ना आपकी गैर मौजूदगी में मुकदमा हाजा फैसला कर दिया जायेगा। आज दिनांक 13.02.26 को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**न्यायालय श्रीमान बन्दोबस्त अधिकारी, चकबन्दी, बरेली**



**न्यायालय श्रीमान् अपर आयुक्त (प्रा.)**
**बरेली मण्डल, बरेली**

अपील सं. सी–202212000000399 वर्ष 2022
1. नत्थू लाल 2. रामपाल पुत्रगण उदल 3. सत्यपाल 4. रामवरण 5. राजकुमार 6. धर्मेन्द्र पुत्रगण कल्याण 7. जशोदा विधवा पत्नी कल्याण समस्त निवासीगण ग्राम अमानाबाद मजरा मुझियाना परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं **अपीलकर्ता**

**बनाम** 1. राजदुलारी पत्नी चमनलाल 2. अर्जुन 3. शिवओम 4. राघव पुत्रगण हरिशंकर 5. श्रीमती शिवी पुत्री हरिशंकर 6. नरेश चन्द्र पुत्र रामअवतार 7. रामदेवी पत्नी रोशन लाल 8. नन्हीं देवी पत्नी रामकिशोर 9. रोशन 10. रामकिशोर पुत्रगण गोकरण समस्त निवासीगण ग्राम अमानाबाद मजरा मुझियाना परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं 11. गांव सभा ग्राम मुंझियाना परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं द्वारा प्रधान **विपक्षीगण**

आपको सूचना दी जाती है कि निर्णय एवं आदेश दिनांक 25.05.2022 परगना अधिकारी दातागंज द्वारा वाद 09684/2019 कम्प. वाद सं. टी–20191270309684 नत्थू लाल आदि वनाम राजदुलारी आदि अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 सम्बन्धित भूमि गाटा सं. 570 मि. रक्वा 2.728 है. व गाटा सं. 570 मि. रक्वा 0.342 हे. स्थित ग्राम मुझियाना परगना सलेमपुर तहसील दातागंज जिला बदायूं द्वारा पारित किया गया है के विरूद्ध अपील नत्थू लाल व 6 अन्य द्वारा योजित की गई है और इस न्यायालय में सुनवाई हेतु दिनांक 26.02.2026 नियत की गई है।

इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उप संजात नहीं होगा तो अपील आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी।

यह आज तारीख 11.02.2025 मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

**पेशकार**
**न्यायालय अपर आयुक्त (न्यायिक)**
**जनपद-बदायूं**


# घायल व्यक्ति की 15वें दिन अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मारपीट के घायल में व्यक्ति की 15वें दिन बरेली के एक अस्पताल में मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया लाइखेड़ा निवासी भीकम सिंह (45) 26 जनवरी की सुबह आठ बजे पड़ोसी महेश कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दुर्वेश सिँह आदि से झगड़ा हो गया था। पड़ोसी दुर्वेश सिंह, भूपेन्द्र सिंह, महेश शराब के नशे में उसके दरबाजे पर आए और गाली गलौज करने लगे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने भीकम सिँह को पीटकर घायल कर दिया था। घायल को सीएचसी पर लाया गया था। डाक्टर ने घायल को रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां शुक्रवार की सुबह चार बजे उसकी मौत हो गयी।

# मंदिर से पीतल के घंटे चोरी, चोरों की हुई पहचान

**बितरोई, अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव चंदौरा के मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। दो चोर बाइक से आए थे। उन्होंने मंदिर में लगे पीतल के भारी घंटे चोरी कर लिए और भाग गए। पुलिस को तहरीर दी गई है। गांव निवासी बदन सिंह पुत्र मुंशीलाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव के दक्षिणी दिशा में एक प्राचीन मंदिर है। जहां ग्रामीण रोज पूजा करते हैं। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे मंदिर में कोई नहीं था। एक बाइक से दो युवक पहुंचे और मंदिर से चोरी कर ली। उन्हें घंटे लेकर बाइक से भागते देखा गया है। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन वह भाग निकले।


## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## सिंचाई कार्य मण्डल, सीतापुर

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02/अधी0अभि0/2025–26

पत्रांकः– 779 /सिं0का0मं0/निविदा 2025–26, दिनांकः–10.02.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से इस मण्डल के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता, शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in/ के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन, टेक्निक्लबिड एवं फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांकः–16.02.2026 की अपरान्ह–12.00 बजे से दिनांकः–25.02.2026 को अपरान्ह–12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनॉकः–25.02.2026 को अपरान्ह–14.00 बजे मुख्य अभियन्ता (शारदा) द्वारा गठित समिति के माध्यम से ऑनलाइन खोली जायेंगी। प्री–क्वालीफिकेशन एवं टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्शियल बिड, खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर, नोटिस बोर्ड/ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा।

| क्र0 स0 | लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 स्टेशनरी चार्ज सहित) (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 01 | जनपद–शाहजहॉपुर में खन्नौत नदी के किनारे लोधीपुर पुल के नीचे घाट संरक्षण/सौन्दर्यीकरण का कार्य। | 675.73 | 13.52 | 12 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'एए' | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |

यह ई–निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

UP - 245981 दिनांक: 12/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल,
सीतापुर



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बरेली वृत,लो0नि0वि0,बरेली

पत्रांक : 748/413सी0(ई0टेण्डर)–3/25–26 दिनांक 27.01.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1–महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से मदवार दरों पर स्वीकृति की प्रत्याशा में ई–निविदा दिनांक 16.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 25.02.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन–लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0लाख) | कुल लागत (रू0लाख) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत जनपद बरेली में जुबैदा जुबैदी से विलासनगर भुता (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बरेली | 3125.70 | 78.14 | 3203.84 | 48.10 | 15 माह | 2725.00 | ए (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 245966 दिनांक: 12/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(भगत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड ,लो0नि0वि0,बरेली

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।

पत्रांक. 1530/ग्रा0अभि0वि0/निविदा पत्रा0–1/2025–26, दिनांक. 03.02.2026

निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी के अर्न्तगत निम्न कार्यो हेतु उ0प्र0 ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में ए,बी,सी, डी0 एवं इ श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत दरों में अधोलिखित कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत लाख में | 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि लाख में | निविदा पत्रक का मूल्य (समस्तकरों सहित रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | सांसद निधि | | | | |
| 1 | बेहजम | जनपद लखीमपुर खीरी में विकास खण्ड बेहजम में विभिन्न स्थानों पर 05 नग सेमी हाईमास्ट लाइट (6वे) का अधिष्ठापन कार्य। | 7.890 | 0.400 | 856.00 | 2 माह |
| | | विधायक निधि | | | | |
| 2 | लखीमपुर | जनपद के कलेक्ट्रट परिसर (सिविल कोर्ट) में वादियों एवं अधिवक्ताओं के पेयजल की सुविधा के लिए वाटर कूलर एवं आर0ओ0 का अधिष्ठापन कार्य। न0पा0 लखीमपुर | 3.724 | 0.190 | 767.00 | 2 माह |

1–निविदा ब्रिकी की तिथि– 01.03.2026 से 08.03.2026 (समय 11.00 बजे दोपहर से 4.00 बजे सायं तक कार्य दिवसों में)
2–निविदा डालने की तिथि– 09.03.2026 दोपहर 12.00 बजे तक, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,विकास भवन द्वितीय तल लखीमपुर ,कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,परिमण्डल–लखनऊ इन्द्रानगर, ,कलेक्ट्रेट लखीमपुर (कार्या0जिलाधिकारी ,खीरी)
3–निविदा खुलने की तिथि– 09.03.2026 दोपहर 12.30 बजे।
4–निविदा सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवसों में अधिशासी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड– खीरी स्थित विकास भवन द्वितीय तल के कार्यालय से की जा सकती है ।

UP - 245923 दिनांक: 12/02/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(हेमंत सक्सेना)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–लखीमपुर खीरी।

अमृत विचार



विधानसभा की कार्यवाही

## शंकराचार्य की परंपरा मर्यादा से चलती है, मनमर्जी से नहीं: मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर पहली बार पूरी मजबूती से सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने सनातन परंपरा की मर्यादाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि शंकराचार्य का पद भारत की सनातन परंपरा में सर्वोच्च और अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह कोई सामान्य उपाधि नहीं है, जिसे कोई भी व्यक्ति स्वयं ग्रहण कर ले। सवाल उठाया कि यदि संबंधित व्यक्ति वास्तव में शंकराचार्य थे, तो उन पर सपा सरकार में लाठीचार्ज और एफआईआर क्यों हुई? योगी ने कहा कि नैतिकता की बात करने वालों को पहले परंपरा और व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए। माघ मेला में मौनी अमावस्या के अवसर पर साढ़े चार करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे अवसरों पर कड़ी व्यवस्था लागू करनी होती है। प्रवेश और निकास मार्ग निर्धारित होते हैं और उनका पालन सभी के लिए अनिवार्य है। नियमों की अनदेखी भगदड़ जैसी स्थिति पैदा कर सकती है, जिससे श्रद्धालुओं की जान खतरे में पड़ सकती है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि कानून सबके लिए समान है। मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकार कानून के शासन में विश्वास करती है और मर्यादा व व्यवस्था बनाए रखना उसकी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मर्यादित लोग हैं, कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून के शासन का पालन करना भी जानते हैं, पालन करवाना भी जानते हैं। दोनों चीजों को एक साथ लागू करवाना जानते हैं, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए।

- **कहा-कानून सबके लिए समान, मुख्यमंत्री का पद भी कानून से ऊपर नहीं**

**झूठ को मुद्दा बनाना विपक्ष की प्रवृत्ति :** मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह बार-बार एक ही बात को दोहराकर उसे मुद्दा बनाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि जो विषय वास्तविक मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर विवाद का रूप दिया गया। सदन में तथ्यात्मक चर्चा होनी चाहिए, न कि भ्रम फैलाने का प्रयास।

## सामाजिक पेंशन बढ़ेगी, सोमवार तक होगी घोषणा : मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सदन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि लाभार्थियों की सामाजिक पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बजट में इसके लिए आवश्यक धनराशि का प्रावधान कर दिया गया है, हालांकि औपचारिक घोषणा अभी नहीं की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमवार तक पेंशन वृद्धि की घोषणा कर दी जाएगी। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये पेंशन दी जा रही है, यानी सालाना 12,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलती है। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार सामाजिक सुरक्षा के दायरे को और मजबूत करते हुए इन सभी वर्गों के लिए पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने जा रही है। सरकार का उद्देश्य कमजोर, असहाय और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक संबल देकर सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है। पेंशन वृद्धि से लाभार्थियों को बढ़ती महंगाई के बीच सीधी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## सतीश महाना भाजपा विधायक केतकी पर भड़के, हेड फोन फेंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक रागिनी सोनकर के सवाल पर भाजपा विधायक केतकी सिंह के टोकने से स्पीकर सतीश महाना नाराज होकर सदन से बाहर चले गए। 10 मिनट बाद लौटने पर माहौल खुशनुमा हो गया। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा की तारीफ और सपा



विधायक कमल अख्तर की शायरी ने सदन में ठहाके गूंजा दिए, जिससे तनाव खत्म हो गया। सपा विधायक रागिनी सोनकर लोक सेवा आयोग से जुड़ी भर्तियों पर सवाल उठा रही थीं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया, लेकिन रागिनी के दोबारा सवाल पूछने पर भाजपा विधायकों ने टोका-टोकी की। इस दौरान भाजपा विधायक केतकी सिंह को रोकने के बाद भी टोका-टाकी करने से स्पीकर सतीश महाना नाराज हो गए और भाजपा विधायक केतकी सिंह पर भड़कते हुए कहा कि ''क्या आप हाउस चलाएंगी? सदन चलाना मेरा काम है।'' गुस्से में उन्होंने हेडफोन/माइक फेंका और सदन से बाहर चले गए, जिससे कार्यवाही प्रभावित हुई। 10 मिनट तक सदन की कार्यवाही प्रभावित रही। 10 मिनट बाद स्पीकर महाना सदन में लौटे, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल चुका था... खुशनुमा और हल्का-फुल्का। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने स्पीकर की तारीफ की और कहा कि ''आप मुस्कुराते हैं तो पूरा सदन मुस्कुरा उठता है।'' उन्होंने वित्त मंत्री से शायरी सुनाने की अपील की। तभी सपा विधायक कमल अख्तर ने रोमांटिक अंदाज में शायरी सुनाई... ''तुम रूठा न करो, सबकी जान चली जाती है। तुम हंसते रहते हो तो बिजली-सी चमक जाती है।'' वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया, ''महबूबा वाली शायरी न सुनाया करो।'' इस पूरे सीन से सदन में ठहाके गूंज उठे और तनाव हंसी-मजाक में बदल गया।

# गरीबी रेखा से बाहर आए छह करोड़ लोगों को सभी सुविधाएं पूर्ववत

## नेता प्रतिपक्ष ने पूछा था सवाल, योगी बोले- यूपी बना भारत के विकास का इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचारः** राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में विस्तृत जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से छह करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि उनसे सरकारी सुविधाएं छीनी जाएंगी। योगी ने कहा कि भारत के विकास का इंजन यूपी बना है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, स्वास्थ्य व टेक्नोलॉजी में बड़ी छलांग लगाई है। साइबर अपराधियों को नापने के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद ने सुविधाएं छीनने, साइबर अपराध आदि सवाल पूछे थे। योगी ने नीति आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि गरीबी रेखा से बाहर आए लोगों को राशन, आवास, स्वास्थ्य, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की सभी योजनाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था और पुलिस सुधारों पर जोर देते हुए कहा कि 2017 से पहले पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता तीन हजार से भी कम थी, जबकि आज 60 हजार से अधिक चयनित अभ्यर्थियों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिला पुलिसकर्मियों की संख्या 10 हजार से बढ़कर 44 हजार हो चुकी है। साइबर अपराध से निपटने के लिए सभी 75 जिलों में साइबर थाने और हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। फॉरेंसिक साइंस इकोसिस्टम को मजबूत कर जांच को अधिक वैज्ञानिक बनाया गया है।

आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत हुआ है, जो विचार से व्यवस्था और व्यवस्था से विकास की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले केंद्र सरकार की योजनाओं का सबसे बड़ा बॉटलनेक उत्तर प्रदेश माना जाता था, लेकिन आज यूपी उन्हीं योजनाओं को गति देने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। प्रदेश अब देश की टॉप-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और 13 लाख करोड़ से बढ़कर अर्थव्यवस्था 36 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गई है, वह भी बिना कोई नया टैक्स लगाए। इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश के 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर), देश की पहली रैपिड रेल, इनलैंड वाटरवे, रोपवे और सबसे अधिक मेट्रो सिटीज यूपी की पहचान बन चुकी हैं। ईस्टर्न-वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर और मल्टीमॉडल टर्मिनल से लॉजिस्टिक्स को नई ताकत मिलेगी।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर किसानों को कर्जदाता बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्पष्ट कृषि नीति के कारण आज कम लागत, अधिक उत्पादन और डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान सुनिश्चित हुआ है।

### सपा पर मुख्यमंत्री के तीखे हमले

- सपा पर आरोप : किसानों को उत्पादक से कर्जदाता बनाने का पाप
- कांग्रेस-सपा शासन में अन्नदाता कर्ज, पलायन और एमएसएमई बंदी का शिकार
- माफिया और अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप, राजू पाल-उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र
- तुष्टिकरण के नाम पर आक्रांताओं का महिमामंडन करने का आरोप
- समाजवाद अब त्याग नहीं, संपत्ति और संतति का प्रतीक बन गया
- जातीय वैमनस्यता फैलाने का आरोप, कहा- देश की गुलामी भी इसी कारण हुई
- गोमती रिवर फ्रंट, जेपीएनआईसी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे में भ्रष्टाचार गिनाया
- आउटसोर्सिंग की "डकैती" में सपा से जुड़े लोगों की भूमिका का आरोप

# अफसरों पर भ्रष्टाचार की रिपोर्ट सदन में रखे सरकार: माता प्रसाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में उठाया लोकायुक्त की रिपोर्ट का मुद्दा**
- **कार्यवाहक डीजीपी पर उठाए सवाल, एनकाउंटर और रोजगार पर विपक्ष ने सरकार को घेरा**



नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय

**अमृत विचारः** विधानसभा सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सरकार को कई मोर्चों पर घेरा। उन्होंने भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, एनकाउंटर नीति और रोजगार जैसे अहम मुद्दों पर सरकार से जवाब मांगते हुए कहा कि चार आईएएस अधिकारियों समेत विभिन्न विभागों पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी लोकायुक्त की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सदन में भ्रष्टाचार जैसे गंभीर विषय पर कोई ठोस चर्चा नहीं हुई, जबकि आम जनता सबसे ज्यादा इसी समस्या से परेशान है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच के कई मामले लोकायुक्त के पास लंबित हैं। इसके अलावा जिला पंचायत, नगर पंचायत, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें भी दर्ज हैं, लेकिन सरकार ने इन मामलों की वर्तमान स्थिति पर सदन को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि यदि लोकायुक्त की सिफारिशों और रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाता, तो सभी सदस्य उसकी समीक्षा कर सकते थे। उन्होंने सदन में एक आईएएस अधिकारी, लखनऊ के जिला समाज कल्याण अधिकारी तथा संभल की नगर पंचायत की अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी का नाम भी लिया। उन्होंने कहा कि अन्य आईएएस अधिकारियों के नाम भी लिए जा सकते हैं, लेकिन इससे सरकार को असुविधा होगी। उन्होंने लोकायुक्त के कार्यकाल पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि लोकायुक्त का कार्यकाल कब तक है। लोकायुक्त पिछले आठ वर्षों से पद पर हैं, ऐसे में सरकार को इस विषय पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

कानून-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हाल के दिनों में आपराधिक घटनाओं में पुलिसकर्मियों के नाम सामने आना बेहद चिंताजनक है।

# शिक्षा व्यवस्था और स्कूल बंदी पर सदन में हंगामा, सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शुक्रवार को नियम-105 के तहत प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों के उत्पीड़न और स्कूल मर्जर का मुद्दा गरमा गया। सपा सदस्यों में डॉ.मान सिंह यादव ने आरोप लगाया कि बीते 7 वर्षों में मर्जर के नाम पर करीब 36 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद कर दिए गए, जिससे ग्रामीण और गरीब छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई है। बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच सपा सदस्यों ने बहिर्गमन किया।

सपा के ही आशुतोष सिन्हा ने प्रदेश में 1.20 लाख शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती न होने का आरोप लगाया।

### राज्यपाल के अभिभाषण पर भी टकराव

दोपहर में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान भाजपा और सपा के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा के विजय बहादुर पाठक समेत अन्य सदस्यों ने कानून व्यवस्था को बेहतर बताया, जबकि सपा के राजेंद्र चौधरी ने भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। अंत में सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

- **बजट सत्र के पांचवें दिन नियम 105 के तहत सदन में सत्ता पक्ष व विपक्ष में हुई तीखी बहस**

कहा, बिना गुरू बने ही, विश्वगुरू बनने की दिशा में भाजपा अग्रसर है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि शिक्षकों को कैशलेस इलाज सहित कई सुविधाएं दी जा रही हैं। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम थी, उनका मर्जर किया गया है। छात्र संख्या बढ़ने पर विद्यालय बहाल भी किए गए हैं और मर्ज किए गए भवनों में बाल वाटिका संचालित है।

विधान परिषद

# शिक्षक के निलंबन का मामला गूंजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद के बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को बदायूं में शिक्षक दिवस (5 सितंबर 2023) के दिन एक शिक्षक के निलंबन का मामला जोरदार ढंग से उठाया गया। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने यह मुद्दा उठाया और निलंबन की कार्रवाई के औचित्य पर सवाल खड़े किए।

मामले में राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने तत्कालीन बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि कार्रवाई में किसी तरह का अगर-मगर नहीं चलेगा। पूरे प्रदेश में जो भी अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करेगा, उसके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

- **शिक्षक नेता ने निलंबन पर सवाल खड़े किए, बीएसए पर कार्रवाई के निर्देश**

बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने सदन को बताया कि 5 सितंबर 2023 को बदायूं के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार शर्मा को बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित पाए जाने, पिछले तीन दिनों से मिड डे मील वितरण न होने, बिना अनुमति बीएसए कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने और अवांछनीय आचरण के आरोप में निलंबित किया गया था। हालांकि 19 सितंबर को जांच रिपोर्ट के आधार पर उन्हें सवेतन बहाल कर दिया गया और समस्त अनुशासनिक कार्रवाई समाप्त कर दी गई।

इस पर शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने गलत तथ्यों के आधार पर निलंबन करने वाले बीएसए अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। नेता सदन एवं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुजनों का सम्मान करती है और किसी भी शिक्षक का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सभापति ने संबंधित बीएसए के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी दौरान सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा के प्रश्न के उत्तर में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने बताया कि वित्त विभाग की सहमति से अग्निशमन तथा आपात सेवा विभाग की सेवा नियमावली तैयार हो चुकी है और जल्द जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार माह में स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## भाजपा ने नए माफिया पैदा किए : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर प्रदेश में "नए-नए माफिया" पैदा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने "एनकाउंटर माफिया, कफ सिरप माफिया, नीट माफिया और स्कैम माफिया" जैसे नए संस्करण तैयार किए हैं। कानपुर में मीडिया से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि बीते 9 वर्षों में बिजली उत्पादन नहीं बढ़ा और वर्तमान आपूर्ति पूर्ववर्ती सपा सरकार की परियोजनाओं पर निर्भर है। कानपुर में निवेश न आने के लिए आधारभूत संरचना की कमी को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि भाजपा कमजोर पड़ने पर सांप्रदायिक राजनीति करती है।

## सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास 21 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश को देश के सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में 21 फरवरी को एक बड़ा कदम उठाया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र के सेक्टर-28 में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास होगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। 48 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली यह इकाई केंद्र सरकार के सेमीकंडक्टर मिशन और उप्र. सरकार के सहयोग से विकसित की जा रही है। यह देश की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट ओसैट सुविधा होगी, जहां चिप्स की उन्नत पैकेजिंग, असेंबली और परीक्षण किया जाएगा। परियोजना से देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 45,000 करोड़ रुपये के संभावित योगदान का अनुमान है।



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली के दौरान कतार में बैठे अभ्यर्थी। अमृत विचार

## अग्निवीर बनने को 794 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भर्ती कार्यालय लखनऊ द्वारा छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में आठवें दिन शुक्रवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती रैली कराई गई। हमीरपुर जिले के अंतर्गत हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा तथा उन्नाव के अंतर्गत सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसील के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

इस रैली में कुल 1083 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 794 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया और दमखम दिखाया। देर रात से ही पहुंचे अभ्यर्थियों में काफी उत्साह रहा। सुबह दौड़, कूद व अन्य शारीरिक परीक्षण की परीक्षा दी। इसी तरह 14 फरवरी को अग्निवीर जनरल ड्यूटी श्रेणी के लिए भर्ती कार्यालय, लखनऊ के तहत गोंडा जिले के अंतर्गत गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज तथा बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी।

पहल | डेटा सेंटर और रोबोटिक्स मिशन से डिजिटल अर्थव्यवस्था को रफ्तार

# नई तकनीकों से प्रशिक्षित होंगे 25 लाख युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृक विचारः** प्रदेश की युवा आबादी को भविष्य की उन्नत तकनीक आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। इसी दिशा में 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख युवाओं और छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऑगमेंटेड रिएलिटी (एआर), वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रिएलिटी (एक्सआर) जैसी उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा।

योगी सरकार का लक्ष्य उद्देश्य पारंपरिक डिग्री आधारित शिक्षा से आगे बढ़कर कौशल आधारित दक्षता विकसित करना है, ताकि प्रदेश का युवा वैश्विक वर्कफोर्स का हिस्सा बन सके। इसके साथ ही लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर में विश्वस्तरीय 'यू-हब' की स्थापना कर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जाएगा। डिजिटल अवसंरचना को गति देने के लिए बजट में महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए गए हैं। 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 डेटा सेंटर क्लस्टर स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश की डेटा सेंटर क्षमता लगभग 1.6 गीगावाट है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा को रोबोटिक्स हब के रूप में विकसित करने के लिए 100 करोड़ रुपये के उत्तर प्रदेश रोबोटिक्स मिशन की शुरुआत की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना से 16 हजार को मिलेगा रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना और पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत बड़े प्रावधान किए हैं। खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अंतर्गत 800 नई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है, जिसके माध्यम से प्रदेश में करीब 16,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना के तहत 40 करोड़ रुपये के बैंक ऋण के माध्यम से लघु, कुटीर और ग्रामोद्योग आधारित इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

## दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 की तिथि 18 तक बढ़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने की पहल को विस्तार देते हुए "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" की अवधि 18 फरवरी तक बढ़ा दी है। यह जानकारी व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि पहले यह अभियान 6 से 13 फरवरी 2026 तक संचालित होना था, लेकिन अधिकाधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इसकी तिथि बढ़ाई गई है। कौशल विकास मंत्री ने शुक्रवार को कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है।


# 3069 करोड़ की 15 परियोजनाएं मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण ने लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद और अलीगढ़ में 15 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है। इनमें में 3,923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग की इकाइयों में फ्लैट, विला, प्लॉट और व्यावसायिक दुकानें बनाकर बिक्री की जाएंगी। इन परियोजनाओं पर 3,069.10 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

शुक्रवार को न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में 195वीं प्राधिकरण बैठक हुई। इस दौरान प्रमोटरों ने अपनी परियोजनाओं के प्रस्ताव रखे। इसमें लखनऊ की 414 इकाई वाली दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। जो 328.04 करोड़ से विकसित की जाएंगी। गौतमबुद्ध नगर को सर्वाधिक चार परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। इनमें 396 इकाइयों की दो आवासीय व 433 इकाइयों की दो व्यावसायिक परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। चारों परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 1,092.19 करोड़ है। आगरा में 133.17 करोड़ की लागत से एक मिश्रित उपयोग परियोजना को मंजूरी दी गई है, जिसमें 432 इकाइयां शामिल हैं। गाजियाबाद में तीन आवासीय परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल अनुमानित लागत 1,119.22 करोड़ है और इनमें 1,193 आवासीय इकाइयां विकसित की जाएंगी। अलीगढ़ में 243.62 करोड़ की लागत से एक आवासीय परियोजना को स्वीकृति मिली है, जिसमें 512 इकाइयों का विकास प्रस्तावित है। मथुरा में 40.61 करोड़ की लागत से एक आवासीय एवं एक व्यावसायिक परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें 347 इकाइयां विकसित की जाएंगी। वहीं, मुरादाबाद में 112.25 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें 196 इकाइयों का विकास किया जाएगा।

- **लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद व अलीगढ़ जिलों में मिली स्वीकृति**
- **विकसित की जाएंगी 3923 आवासीय, व्यावसायिक एवं मिश्रित उपयोग इकाइयां**



सपने वो नहीं हैं, जो आप नींद में देखते हैं। सपने वो होते हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
**-एपीजे अब्दुल कलाम**, पूर्व राष्ट्रपति

## बहुप्रतीक्षित निर्णय

रक्षा खरीद परिषद द्वारा 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी से वायुसेना की क्षमता में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उम्मीद है कि अगले तीन साल के भीतर ही हमें शुरुआती तौर पर विमानों की आपूर्ति होने लगे और सात साल के भीतर ही हम देश में ही 60 फीसद स्वदेशी कल पुर्जों से राफेल विमान बनाने भी लगें। ऐसे में यह सौदा हमारी हवाई शक्ति को पुनर्स्थापित करने के साथ स्वदेशी रक्षा उद्योग को भी गति देगा। रक्षा आधुनिकीकरण, तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला यह कदम वैश्विक सुरक्षा संरचना में भारत की भूमिका को मजबूत करने, फ्रांस के साथ रणनीतिक सहयोग गहराने के अलावा सामरिक संतुलन और वैश्विक रक्षा साझेदारियों के पर भी सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इससे सैन्य क्षमता में ही नहीं भारत की रक्षा-उद्योग प्रतिष्ठा और क्षेत्रीय शक्ति संतुलन पर भी असर पड़ेगा।

सौदे में राफेल के अलावा 6 पी-8आई समुद्री टोही विमान, तकनीकी हस्तांतरण सहित रूसी आईएल-76एमडी-90ए परिवहन विमान, टी-72 टैंक, एयरशिप हाई एल्टीट्यूड सूडो सेटेलाइट, एंटी-टैंक माइंस और डोर्नियर विमान भी शामिल हैं। ये सेना की लॉजिस्टिक, टोही एवं युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे, विशेषकर लद्दाख जैसे दुर्गम क्षेत्रों में। कुल मिलाकर तीनों सेनाओं का एकीकरण बढ़ेगा तथा आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा। ठीक है कि सौदा अब सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति के समक्ष जाएगा, जिसकी राष्ट्रीय सुरक्षा से सीधे जुड़े मामलों पर स्वीकृति प्रक्रिया अपेक्षाकृत तेज़ रहती है पर आमतौर पर तकनीकी-वित्तीय समीक्षाएं और विस्तृत वार्ता कुछ माह का समय लेती ही हैं, पर इस बार देरी की आशंका कम है, क्योंकि एक तो उसके अध्यक्ष खुद प्रधानमंत्री हैं, दूसरे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भी दो दिन बाद ही आने वाले हैं, जो इस पर हस्ताक्षर करेंगे, हालांकि इस श्रेणी के युद्धक विमानों की खरीद का प्रस्ताव 13 साल पहले दिया गया था, पर वित्तीय और नीति निर्णयों में इतनी जटिलता थी कि कई दौर की समीक्षा और लागत-लाभ गहन विचार के बावजूद बात सिरे नहीं चढ़ सकी थी। कभी मेक-इन-इंडिया और तकनीकी हस्तांतरण पर विवाद तो कभी कोविड के दौर और उसके बाद वैश्विक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियां, रक्षा क्षेत्र की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में देरी ने इस सौदे को लंबित रखा, जबकि स्क्वाड्रन संख्या की कमी लंबे समय से वायुसेना के लिए लगातार चिंता का विषय थी। 2016 में हुई 36 विमानों की खरीद वाली पहली राफेल डील के बावजूद भारत की वायु सेना 42 स्क्वाड्रनों की अधिकृत ताकत के मुकाबले लगभग 29 स्क्वाड्रनों के स्तर पर काम कर रही है।

इस सौदे के बाद वायु सेना की एयर सुपीरियोरिटी और 'स्टैंड-ऑफ' स्ट्राइक क्षमता में इज़ाफा होगा, समुद्री निगरानी और समुद्र में सामरिक क्षमता को बल मिलेगा। अलग-अलग सैन्य क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण से समग्र शक्ति में वृद्धि होगी। विमान निर्माण में 60 फीसदी ऐसे स्थानीय सामग्री और स्वदेशी कल पुर्जे के इस्तेमाल जिनकी गुणवत्ता अंतर्राष्ट्रीय मानकों और फ्रांसीसी तकनीक-प्रशिक्षण नियंत्रणों के तहत सुनिश्चित होगी, दूरगामी निर्णय है। इससे भारत के रक्षा क्षेत्र में नवीनतम तकनीकी क्षमता विकसित होगी।

### प्रसंगवश

## मदनोत्सव को विस्मृत कर दिया वेलेंटाइन डे ने

बीते कुछ वर्षों में मदनोत्सव की परंपरा पर विस्मृति की परत कुछ ऐसी जमीं कि करीब दो दशक पूर्व रोम से आकर वेलेंटाइन बाबा प्रेम का संदेश देने लगे हैं। वैलेंटाइन डे को पैसा बरसाने का माध्यम बना दिया है। यानी प्यार आज एक बाजार का रूप ले चुका है। इसमें दोष बाबा वेलेंटाइन का तो कतई नहीं है। दोष उन उर्वर दिमागों का है, जिन्हें बाजारवाद के मौजूदा दौर में यह भली-भांति पता है कि दिल का सौदा सिर्फ लेन-देन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसकी बदौलत चोखा मुनाफा कमाया जा सकता है।

कहते हैं प्यार दिलों को जोड़ता है, पर बिकता भी यही है। शायद संत वेलेंटाइन का दिल इस बात को सुनकर टूट जाए, पर बाकी लोगों को इससे क्या, वे तो पूरा मजा ले रहे हैं। 14 फरवरी, वेलेंटाइन डे का जिक्र आते ही युवा दिलों की धड़कनें बढ़ जाती हैं। दिलो-दिमाग में कल्पनाओं को नए पंख मिल जाते हैं और



दीपक नौगांई
लेखक

मन प्रणय की नई उड़ान भरने लगता है। शोशेबाजी में डूबीं इस नई पीढ़ी का झुकाव दिखावे की तरफ देखकर ही व्यापारियों ने मध्ययुगीन पश्चिमी परंपरा को प्यार के देसी कारोबार में तब्दील कर दिया है। प्रेम तो किसी से भी, कैसे भी और कभी भी हो सकता है। प्रेमी अपने दिल की बात आसानी से कह सके, इसलिए प्रणय निवेदन का एक खास दिन नियत किया गया होगा।

हमारे देश में बसंत के मौसम में मदनोत्सव हुआ करता था। बसंत को ऋतुओं का राजा माना जाता है। मदन का अर्थ है काम का देवता। महोत्सव प्रेमियों के चरम उत्कर्ष की परिणिति हुआ करता था, क्योंकि अपनी परंपराओं को भुला दिया गया, इसलिए 90 के दशक में उदारीकरण के नाम पर बाजारवाद को मुख्य दरवाजे से बुलाया गया, तो खिड़की से बाजारू प्रवृत्तियों ने वेलेंटाइन बाबा को भी बुला लिया, इसलिए मदनोत्सव की परंपरा तो अब पहले जैसी दिखती नहीं, लेकिन वेलेंटाइन डे जरूर अपने पूरे यौवन के साथ फल-फूल रहा है।

वेलेंटाइन बाबा का प्रेम संदेश पूरी मानव जाति के लिए था और उसे केवल दो प्रेमियों के प्रणय के मध्य सीमित नहीं किया जा सकता, इसलिए वेलेंटाइन डे को बहुत सादगी से मनाया जाना और सभी को प्रेम संदेश देना ही प्रेम के उस मसीहा का सम्मान करना माना जाता है। 14 फरवरी का प्रेम पर्व बाबा वेलेंटाइन तथा देशी मदनोत्सव को जानने और मनाने का भी है।

यह बहुत ही सादगी पूर्ण और प्यारा सा त्यौहार है। इसे संत वेलेंटाइन को याद कर मनाया जाना चाहिए, जिन्होंने प्यार के सम्मान के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, लेकिन इसके विपरीत हमारे यहां वेलेंटाइन डे की पवित्रता का मजाक उड़ाया जाता है। इसकी वजह सिर्फ दुस्साहसी प्यार का बढ़ता चलन ही नहीं है, देसी बाजार की समझ रखने वाले बड़े माहिर अंदाज में वेलेंटाइन डे को भुनाने लगे हैं। सच्चे प्यार का अर्थ उपहारों या प्रतीकों के आदान-प्रदान तक सीमित होकर रह गया है और वेलेंटाइन की फिजा पूरी मदहोशी के साथ सोशल मीडिया, टीवी और उपहारों की दुकानों में नजर आती है।

प्यार ने जब बाजार का रूप ले लिया है, तो लोगों में यह भावना पैदा हो रही है कि प्रेम का इजहार करने के लिए महंगे उपहारों की जरूरत होती है। साथ में यह भावना भी कि यदि आपका प्रेमी आपको कीमती उपहार नहीं दे सकता, तो उसे छोड़कर दूसरा प्रेमी चुन लीजिए। इस तरह का संदेश हमारी सामाजिक मान्यताओं को तो चोट पहुंचा ही रहा है, लोगों को बाजारवाद की दौड़ में शामिल होने के लिए आकर्षित भी कर रहा है।

## आस्था से तर्क की ओर बढ़ती दुनिया





राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व में नास्तिकता अथवा अनीश्वरवाद का प्रसार अब केवल बौद्धिक या दार्शनिक विमर्श का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह आधुनिक समाजों में हो रहे गहरे सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का संकेतक बन चुका है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक, अज्ञेयवादी या किसी संगठित धर्म से असंबद्ध बताने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ी है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे शिक्षा का विस्तार, वैज्ञानिक चेतना, तकनीकी विकास, शहरीकरण और धार्मिक संस्थाओं के प्रति घटता विश्वास जैसे कई कारण रहे हैं।

आंकड़े इस प्रवृत्ति को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। अमेरिका में इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, जहां लगभग छठा हिस्सा आबादी का स्वयं को किसी धर्म से असंबद्ध बताता था, वहीं हाल के वर्षों में यह अनुपात लगभग एक तिहाई तक पहुंच गया है। यूरोप के कई देशों में स्थिति इससे भी आगे निकल चुकी है। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों में नियमित धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने वालों की संख्या लगातार घट रही है और बड़ी आबादी ईश्वर के अस्तित्व को अपने जीवन के लिए आवश्यक नहीं मानती। स्कैंडिनेवियाई देशों में तो लगभग आधी आबादी स्वयं को नास्तिक या धर्मनिरपेक्ष मानवतावादी दृष्टिकोण से जोड़ती है।

बीसवीं सदी के उत्तरार्ध से लेकर इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक तक आते-आते अनेक देशों में ईश्वर में पारंपरिक आस्था कमजोर पड़ी है और स्वयं को नास्तिक बताने वालों की संख्या लगातार बढ़ी है।

इन देशों की तुलना में भारत की स्थिति बिल्कुल भिन्न दिखाई देती है। भारत को प्रायः एक गहरे धार्मिक समाज के रूप में देखा जाता है, जहां धर्म केवल व्यक्तिगत आस्था नहीं, बल्कि सामाजिक पहचान, सांस्कृतिक परंपरा और सामूहिक जीवन का आधार है। यहां विवाह, जन्म, मृत्यु और पर्व-त्योहार सभी धार्मिक रीति रिवाजों से जुड़े होते हैं। इसके बावजूद आधुनिक भारत में भी नास्तिकता और धार्मिक असंबद्धता की प्रवृत्ति धीरे-धीरे उभर रही है।

उत्तरी यूरोप के देशों में, जहां नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को धर्म से अलग करके देखा जाता है, वहीं भारत में नैतिकता को अक्सर धार्मिक मूल्यों से जोड़ दिया जाता है। यह अंतर नास्तिकता की स्वीकार्यता को भी प्रभावित करता है। स्वीडन या डेनमार्क जैसे देशों में नास्तिक होना सामाजिक रूप से सामान्य और स्वीकार्य है, जबकि भारत में नास्तिकता अब भी संदेह या सामाजिक दूरी का कारण बन सकती है। इसके बावजूद शहरी और शिक्षित वर्गों में ईश्वर और धर्म को लेकर प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति पहले की तुलना में कहीं अधिक बढ़ी है।

पूर्वी एशिया के देशों के साथ भारत की तुलना भी रोचक है। चीन में बड़ी आबादी स्वयं को किसी धर्म से नहीं जोड़ती, क्योंकि वहां लंबे समय से राज्य व्यवस्था और सामाजिक ढांचे में संगठित धर्म की भूमिका सीमित रही है। जापान में धार्मिक परंपराएं सांस्कृतिक रूप में मौजूद हैं, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर ईश्वर में विश्वास अपेक्षाकृत कमजोर है। भारत में इसके विपरीत धार्मिक आस्था व्यक्तिगत और सामाजिक दोनों स्तरों पर गहराई से जुड़ी है, हालांकि नई पीढ़ी इस संबंध को पुनः परिभाषित कर रही है।

वैश्विक सामाजिक सर्वेक्षण यह संकेत देते हैं कि युवा पीढ़ी अपने माता-पिता की तुलना में अधिक धर्मनिरपेक्ष या नास्तिक विचारों वाली है। यह प्रवृत्ति भारत में भी दिखाई देने लगी है। विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और महानगरों में रहने वाले युवाओं के बीच संगठित धर्मों से दूरी बढ़ रही है। वे स्वयं को धार्मिक कहने के बजाय तर्कवादी, वैज्ञानिक सोच वाला या केवल सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा हुआ मानना अधिक सहज समझते हैं, हालांकि सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण यह दूरी अक्सर सार्वजनिक पहचान का रूप नहीं ले पाती।

वहीं भारत की एक विशिष्टता यह भी है कि यहां नास्तिकता कोई विदेशी या आधुनिक अवधारणा नहीं है। प्राचीन भारतीय दर्शन में चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक मौजूद रहे हैं, जिन्होंने ईश्वर और परलोक की अवधारणाओं को अस्वीकार किया। बौद्ध और जैन दर्शन में भी सर्वशक्तिमान ईश्वर की केंद्रीय भूमिका नहीं मिलती। इसके बावजूद आधुनिक भारत में नास्तिकता को प्रायः पश्चिमी प्रभाव के रूप में देखा जाता है, जिससे इसकी सामाजिक स्वीकार्यता सीमित रह जाती है।

शिक्षा का प्रभाव इस तुलना को और स्पष्ट करता है। पश्चिमी देशों में जैसे-जैसे शिक्षा और वैज्ञानिक प्रशिक्षण का स्तर बढ़ा, वैसे-वैसे धार्मिक आस्था में गिरावट आई। भारत में शिक्षा के विस्तार के बावजूद यह गिरावट उतनी तेज नहीं रही। यहां विज्ञान और धर्म अक्सर साथ-साथ चलते दिखाई देते हैं। एक ही व्यक्ति वैज्ञानिक सोच में विश्वास भी रखता है और धार्मिक अनुष्ठानों में भी भाग लेता है। यह द्वैत भारतीय समाज की जटिलता और बहुस्तरीय चरित्र को दर्शाता है।

तकनीक और इंटरनेट ने भारत में नास्तिकता और तर्कवाद को नई आवाज दी है। सामाजिक माध्यमों और डिजिटल मंचों के माध्यम से धार्मिक मान्यताओं पर खुली बहस संभव हो पाई है। पहले जो प्रश्न सीमित बौद्धिक दायरों में रहते थे, वे अब आम लोगों तक पहुंच रहे हैं। इसके बावजूद सामाजिक संरचना और पारिवारिक अपेक्षाएं अब भी इतनी मजबूत हैं कि नास्तिकता को खुली पहचान के रूप में अपनाना आसान नहीं है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि नास्तिकता के बढ़ने का अर्थ नैतिकता या सामाजिक जिम्मेदारी का क्षरण नहीं है। कई कम धार्मिक समाजों में सामाजिक सुरक्षा, कानून का पालन और नागरिक सहयोग का स्तर ऊंचा पाया गया है। भारत के लिए यह अनुभव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां अक्सर नैतिक मूल्यों को धर्म से जोड़कर देखा जाता है। बदलते समय में यह समझ विकसित हो रही है कि नैतिकता का आधार केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना, शिक्षा और सामाजिक संस्थाएं भी हो सकती हैं।

### आमने सामने



हरियाणा में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर पेंशन डबल की जाएगी। भाजपा सरकार न केवल लगातार बुजुर्गों की पेंशन काट रही है, बल्कि नवंबर से अब तक बढ़ी हुई पेंशन भी नहीं दी गई है। अभी तक एक लाख से अधिक लोगों की पेंशन काटी जा चुकी है।
**-अभय सिंह चौटाला**
राष्ट्रीय अध्यक्ष, इनेलो

जब उनकी सरकार आएगी तब वे अपने वादे पूरे कर लें। अभी तो हालात ऐसे हैं कि 'न नौ मण तेल होगा और न राधा नाचेगी'। यानी फिलहाल यह केवल बयान के अलावा और कुछ नहीं है।
**-कृष्ण बेदी**
काबीना मंत्री
हरियाणा सरकार



## चंबल के दस्यु जैसे ही हैं डिजिटल डकैत



अजय दयाल
हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में साइबर ठगी के जरिए लूटी गई रकम के आपराधिक कृत्य को यूं ही डकैती नहीं करार दिया। किसी का घर बैठे उसके मेहनत की बड़ी कमाई लुट जाना वाकई डकैती ही है। आज भले दृश्य चंबल के डाकुओं जैसा न हो पर डिजिटल दुनिया के नये डाकू आपराधिक कृत्य ठीक वैसा ही कर रहे हैं। फर्क इतना ही है कि घर में दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, हथियार के बल पर धमका कर आबरू, गहना, दौलत लूटना या मर्डर नहीं कर रहे, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि किसी को डिजिटल अरेस्ट कर, वही सब कुछ अनैतिक, आपराधिक कर रहे हैं, जैसा कि चंबल के दस्यु किया करते थे।

अब वीडियो कॉल पर किसी स्त्री-पुरुष का चारित्रिक हनन करने के नाम वसूली क्या है? अब तो डिजिटल रेप की भी शब्दावली आम होती जा रही है। वहीं, डिजिटली बंधक बनाकर किसी की जमा-पूंजी लूट लेना क्या है? और जिसका यह सब कुछ लुट जाए उसकी सदमे से मृत्यु हो जाना अथवा उसका सुसाइड कर लेना क्या हत्या नहीं? दरअसल, साइबर ठगी किसी व्यक्ति या परिवार को केवल आर्थिक रूप से ही चोट नहीं पहुंचाती, बल्कि इस कारण उसे मानसिक आघात भी पहुंचता है और सामाजिक दुर्गति हो जाती है। यहां तक कि ऐसे कारणों से उसकी मृत्यु तक हो जाना वाकई गंभीर और दुखदायी है।

डिजिटल ठगी करने वाले दुनिया के नए डकैत हैं। बस वो घर का दरवाजा तोड़ कर नहीं घुस रहे, लेकिन डिजिटल अरेस्ट कर चंबल के दस्यु जैसा ही काम कर रहे हैं।

यानी ऐसी वारदातों के चलते जीवन भर की जमा-पूंजी, रिटायरमेंट फंड या बच्चों की शिक्षा के लिए रखे पैसे एक झटके में चले जाते हैं, जिससे परिवार कर्ज में डूब जाता है। पीड़ित शख्स और उसके परिजन अक्सर गहरे सदमे, अवसाद में चले जाते हैं, आत्म-दोष महसूस करते हैं। इतना ही नहीं, तमाम मामलों में पीड़ित परिवार आपसी झगड़ों और अलगाव का शिकार बन जाते हैं। डिजिटल क्राइम के शिकार का समाज में मजाक बनने लगता है, उसे लोग मूर्ख तक करार देने लगते हैं। यही कारण है कि इस भय से कई लोग इसकी पुलिसिया रिपोर्ट तक कराने की हिम्मत नहीं जुटाते कि बात सार्वजनिक होगी और लोग मजाक बनाएंगे। वास्तव में यह स्थिति भुक्तभोगी को अंदर से खोखला कर देती है।

एक रिपोर्ट बताती है कि डिजिटल डकैतों ने हमारे देश में बीते साढ़े चार सालों में साइबर ठगी के जरिए 50 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की रकम लूटी है। यह आंकड़ा इतना बड़ा है कि देश के कई छोटे राज्यों का वार्षिक बजट भी इसके मुकाबले कम है। स्वाभाविक है, सुप्रीम कोर्ट ने इसी भयावह स्थिति पर चिंता प्रकट की और साफ शब्दों में कहा कि यह कृत्य महज धोखाधड़ी नहीं, बल्कि 'खुलेआम डकैती' है।

अदालत ने बैंकों की भी कार्यशैली पर कटाक्ष किया। कहा कि डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर जो ग्राहक बड़े लेन-देन कर देते हैं, उसके लिए बैंक भी जिम्मेदार हैं। कायदे से बैंकों को एक ऐसा तंत्र विकसित करना चाहिए कि बड़ा लेनदेन समय रहते तत्काल चिन्हित हो सके। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल अरेस्ट के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने के मामले में एक व्यावहारिक और उदार नजरिया अपनाया जाना चाहिए।

कोर्ट ने बैंकों की कार्यप्रणाली पर कटाक्ष भी पूरे होमवर्क के साथ किया। मुख्य न्यायाधीश के मुताबिक, अगर कोई बड़ी व्यापारिक कंपनी करोड़ों का लेन-देन करती है, तो यह सामान्य प्रक्रिया हो सकती है और माना जा सकता है कि बैंक की व्यवस्था उस पर संदेह न करे, लेकिन जब कोई आम ग्राहक, जो आमतौर पर केवल 10 हजार या 20 हजार रुपये निकालता है, अचानक 25 लाख या 50 लाख रुपये का लेन-देन करने लगे, तो ऐसे में बैंकों को 'अलर्ट' जारी करना चाहिए। ऐसा अलर्ट जारी करने में बैंकों में लगे एआई टूल्स कब काम आएंगे।

ग्राहकों को सतर्क, सावधान करने संबधी संदेश बैंकों और केंद्र की सुरक्षा इकाईयों के माध्यम से चलते रहते हैं। बस इन जागरूकता फैलाने वाले संदेशों को अमल में भी लाने की आवश्यकता है। जैसे कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना है, ओटीपी, पासवर्ड या पिन किसी के साथ शेयर नहीं करना है, संदेह होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करना है या फिर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करानी है वगैरह-वगैरह। यही नहीं अगर आप या आपका परिचित ऐसे किसी घटनाक्रम का शिकार होकर डिप्रेशन में जा रहा है, तो हेल्पलाइन–निमहांस (एनआईएमएचएएनएस) जैसे संसाधनों से सहायता भी ली जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से आरबीआई, बैंकों और दूरसंचार विभाग जैसी इकाईयों के साथ मिलकर ऐसे मामलों से निपटने के लिए एक 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (एसओपी) बनाने को कह दिया है। पिछले साल दिसंबर में, सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अपराधियों द्वारा देश से बाहर भेजी जा रही भारी-भरकम धनराशि पर भी चिंता प्रकट की थी। उस वक्त भी अदालत ने केंद्र सरकार से 'एमिकस क्यूरी' (अदालती मित्र) द्वारा पीड़ितों को मुआवजा सुनिश्चित करने के सुझावों पर विचार करने को कहा था।

### सोशल फोरम

## बलेसरा काहें बिकाला

जैसे कोई नरम और मीठी ऊंख हो। एक गुल्ला छीलिए तो पोर खुल जाए। कुछ वैसे ही मीठी, नरम और फोफर आवाज बलेसरा की है। अपनी गमक, माटी की महक और एक खास ठसक लिए हुए। बलेसरा मतलब बालेश्वर। आठवीं तक पढ़े बालेश्वर का नाम आज की तारीख में भोजपुरी लोक गायकी में शिखर पर है। उनकी गायकी में ही कहें तो, 'आज बलेसरा बिकाला।' इसी बलेसरा से जब पूछा कि 'तू गायक नाईं होत न का होत?' तो वह बोले, खेती-मजूरी करतीं और का होतीं? दरअसल तथ्य भी यही है कि बलेसरा की लोक गायकी की यात्रा सुविचारित तो नहीं है। वह छूटते ही कहते हैं, 'कोई गुरु नहीं।'



दयानंद पांडेय
ब्लॉगर

तो सीखा कैसे? -बस गाते गाते। और शिष्य? -शिष्य मानता ही नहीं किसी को।' फिर भी हमारे गाने बहुत लोग गाते हैं।

बलेसरा ने बचपन में गायकी की यात्रा शुरू की नकल कर-कर के। वह कहते हैं, 'गांव में शादी ब्याह में, रामलीला, नौटंकी में गाना शुरू किए। कलाकारों की कॉपी करना शुरू किया।'

किन कलाकारों की?

-भोजपुरी लोक गायकों की। जैसे वलीउल्लाह थे, जयश्री थे। हमने न सिर्फ़ इनकी कॉपी की, बल्कि कोशिश की कि इन की टीम में आ जाऊं। पर इन लोगों ने अपनी टीम में हमें नहीं लिया। गावों के मंचों पर चंग बजा-बजा कर अकेले ही गाना शुरू किया। पैसे कुछ भी नहीं मिलते थे। खाली वाहवाही मिलती थी।' जिला पोस्ट मधुबन गांव बदनपुर में पहली जनवरी, 1942 में जनमे बालेश्वर वाहवाही से ही खुश थे कि उन का नाम होने लगा था।

लखनऊ आ कर काफी भटका। मैंने लखनऊ में ही गली-चौराहों पर भटकना ठीक समझा। इधर-उधर घूम-घाम गाता रहा। 1965 में आकाशवाणी लखनऊ में गाने के लिए इम्तेहान दिया, लेकिन फेल हो गया। अनुभव नहीं था। मेरी परेशानी बढ़ती गई। तभी एक छोटी सी नौकरी कर ली। गाना फिर भी नहीं छोड़ा। बाद में सूचना विभाग के केबी चंद्रा ने बताया कि आकाशवाणी का इम्तहान कैसे दूं। फिर दस बरस बाद दोबारा आकाशवाणी लखनऊ में इम्तहान दिया तो पास हो गया। आकाशवाणी पर हमारी बुलंद आवाज़ जब छा गई तो कई और लोग भी मौका देने को तैयार हो गए। हरवंश जायसवाल ने सरकारी प्रोग्राम में हम से चार साल तक कार्यक्रम करवाया। अब कार्यक्रमों से पैसा तो मिलने लगा था, नाम-मात्र का ही सही पर वाहवाही खूब मिलती थी और मैं खुश था। **-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' से भारतीय भी प्रभावित

जितना स्क्रीन टाइम, उतना बड़ा नुकसान, लेकिन चिकित्सा से जुड़ी नई रिसर्च रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े कर दिए हैं। रिसर्च बताती है कि मोबाइल या स्क्रीन का अत्याधिक प्रयोग ने नाना प्रकार की स्वास्थ्य बीमारियों को परोसना आरंभ कर दिया है, जिससे दृष्टि हानि, मांसपेशियों और हड्डियों से संबंधित विकार, अजीब किस्म के कैंसर लक्षण और मोटापा जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के होने का पता चला है। 10 मुल्क इस समस्या से ज्यादा प्रभावित हैं, जिसमें भारत भी शामिल है।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट में स्मार्टफोन को सिरहाने रखकर सोने को सबसे अधिक खतरनाक बताया गया है, जिन्हें अक्सर ऐसा महसूस होता है कि जेब में रखा फोन वाइब्रेट कर रहा है या बज रहा है, पर चेक करने पर न कोई कॉल और न कोई मैसेज होता है। अगर ऐसा किसी भी मोबाइल धारक को एहसास होता है, तो सावधान हो जाना चाहिए। ये सिर्फ वहम नहीं, बल्कि एक नई मानसिक बीमारी की दस्तक है। इसे 'फोन फोबिया' या 'फैंटम वाइब्रेशन सिंड्रोम' कहते हैं। इससे भारत में काफी बड़ी आबादी प्रभावित है, जिनमें नाबालिग, जिनकी उम्र 14 से 17 के बीच है, ज्यादा हैं। कामकाजी लोगों को छोड़कर स्कूल-कॉलेज बच्चे और युवा पीढ़ी इस समस्या में सर्वाधिक फंसा है। रिपोर्ट की मानें तो ये खतरनाक मानसिक संकट भविष्य के लिए किसी चुनौती से कम नहीं? सेलफोन विकिरण से लोगों की ग्रैनुलोसा कोशिकाएं सूखने लगी हैं। गर्भवती महिलाओं में भ्रूण के आसपास पानी की मात्रा में कमी और एएलटी-एएसटी का स्तर बढ़ना भी रिपोर्ट में बताया गया है।



डॉ. रमेश ठाकुर
लेखक

डब्ल्यूएचओं की मानें तो पिछले चार वर्षों में विभिन्न प्रकार के कैंसर इंसानों में पाए जाने लगे हैं, क्या उनका संबंध मोबाइल से है? इसकी खोज और पड़ताल के लिए दुनिया भर में बड़े स्तर पर अध्ययन किए जा रहे हैं। मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो फ्रीक्वेंसी तरंगें ब्रेन ट्यूमर और कैंसर का कारण भी बनने लगी हैं। सालाना छह लाख से ज्यादा मोबाइल फोबिया के शिकार मरीज देशभर के अस्पतालों में भर्ती होते हैं। विश्व का आंकड़ा करोड़ों में है। बढ़ती समस्या के बाद नौबत ऐसी आ चुकी है कि विभिन्न प्रदेशों के मुखिया अपने प्रदेश वासियों से कम मोबाइल इस्तेमाल और सर्तकता बरतने का आह्वान करने लगे हैं। जिला अस्पताल की इस रिपोर्ट के बाद ही बीते दिनों देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को युवाओं के नाम एक सार्वजनिक खत लिखना पड़ा। जागरूकता फैलाने के लिए बकायदा अखबारों में इश्तेहार भी सरकार को देने पड़े।

गाजियाबाद जिला अस्पताल की ओर से यह सर्वे बीते माह जनवरी में करवाया गया था, जिसमें 70-75 फीसदी युवाओं ने माना कि वो प्रत्येक चार या पांच मिनट में अपना मोबाइल देखते हैं, जिसमें 40 फीसदी ने यह भी स्वीकारा कि ज्यादा देर तक मोबाइल नहीं देखने पर उन्हें बेचैनी, अनिद्रा और चिड़चिड़ेपन का एहसास होने लगता है।

मनोवैज्ञानिकों और काउंसलरों की सलाह है कि अगर मोबाइल फोबिया से खुद को बचाना है, तो मोबाइल के प्रयोग का वक्त तय करें, सोने से पहले फोन का इस्तेमाल कतई न करें और गैरजरूरी नोटिफिकेशन को इग्नोर करते रहें। इसके अलावा ट्रैकर का उपयोग करना चाहिए। अलार्म के लिए फोन की जगह घड़ी का उपयोग किया जाए। एक्टिविटी जरूर बढ़ाएं, खाली समय में किताबें पढ़ें, व्यायाम करें या मित्रों-परिजनों से बात करें। लत अगर बहुत अधिक है, तो बिना देर किए किसी एक्सपर्ट से सलाह लेने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। विशेषज्ञों की मानें तो वयस्कों के लिए दो से तीन घंटे और बच्चों-किशोरों के लिए दो घंटे तक ही एक दिन में मोबाइल चलाना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।





आसमान का रंग बदला और धरती खिलखिला उठी। ऋतु ने अंगड़ाई ली, प्रकृति मुस्कुराई। धूप थोड़ी तपी तो ढेरों फूल खिले। कूक-कूक कर हूक उठाती कोयल की पंचम तान प्राणों को सुलगाती अंग-अंग में आग जगाने लगी। दबी आग किस अनुराग से जगती है यह बसंत को पता है। बाग-बगीचों में, दूर सुदूर खेतों में, नदी तालाब के कूल कछारों में, हरे-हरे पत्तों, डालियों और रंग-बिरंगे फूलों की नरम-नरम पंखुड़ियों पर कोमल मुलायम मखमली आग तैरने लगी -
तन मन यौवन जल रहा,जले फाग की आग।
जमकर आज दिगंत में, गुंजे आग का राग।।'



संजय पंकज
वरिष्ठ लेखक

# आग राग गाता मदमाता आया फागुन

दिग्वधुओं ने अपने घूंघट उठा लिए। लाज के अंदाज बदल गए। पेड़ों ने साज संभाला। लताओं ने पाजेब पहन ली। जीवंतता से भर गया जर्रा जर्रा। जड़ में चैतन्य क्या उतरा कि कंकड़ कंकड़ में शिवशंकर नाच उठे। भूत-प्रेत-बैताल भी साज सज्जा में सुसज्जित हो रंग गुलाल उड़ाने लगे। बाबा बौड़म अघोरेश्वर देवाधिदेव महादेव आशुतोष भूत भावन भोलेनाथ बारात लेकर निकल पड़े। वसंत का राग-अनुराग शिव की बारात में रंग-गंध की तरंग लिए जा घुसा। रागी-विरागी योगेश्वर शिव लय के आरोह-अवरोह से पोर-पोर झंकृत हुए, तो उनके पांवों में थिरकन उतर आई और वे उमंग में लगे नाचने। वसंत ने अनंत शिव में असीम ऊर्जा का संचार किया तो वे नटराज हो गए और जब वसंत ने उन्हें मदन-रूप में उन्मत्त करना चाहा तो रौद्र रूद्र बनकर, उन्होंने प्रलयंकारी तांडव का धमाल मचाया। वसंत छंद बनकर कंठहार होता है, तो बेतरतीब होकर अंगार भर रह जाता है। लास्य और तांडव का संतुलन है वसंत। सलीके से वसंत को संभाल लेने का उन्नत अवसर महाशिवरात्रि है। महाशिवरात्रि शिव-शक्ति के महामिलन का विराट आध्यात्मिक पर्व है।

वसंत फागुन की अगवानी करता हर दिशा में दमक रहा है। रंग-तरंगों पर मंद-मंद लहराती मलय बयार, टेसू के फूलों से फूटती लाल-लाल बौछार, पिक पंचम की उल्लसित ज्वार। ऐसे में भला कैसे न झरना हुआ मन सागर हो जाए। पूरा का पूरा वासंती परिवेश है। खुशबू से भरी झूमती हवाएं, बहकती हुई दिशाएं। आम पर बौर लद गए, पीपल के पत्तों में चमक बढ़ गई। गेहूं की बालियां निखरने लगीं, महुए की मादकता बिखरने लगीं। बलखाती लहराती नदियों को सूरज की किरणों ने चूमा तो वह लहर-लहर पर चमक उछालती कौंधने लगीं। अपने आप ही सबकी चाल बहकी, हर गाल बिना गुलाल मले ही गुलाबी हो गए, अनजाने ही मद में पद डगमग-डगमग होने लगे। आसमान मदहोश मुस्कुराहटों से धरती को निहारने लगा तो धरती भी निहाल हुई और सरसों के पीले फूलों की पिचकारियां मारने लगी। उड़ने लगी बहुरंगी तितलियां, मचलने लगे भौंरे, गाने लगी चिड़ियां। अंग अंग में तैरने लगा सुरीला नशा, पूरे वातावरण में फैल गया सुरूर और मृदुल गुदगुदाहटों से मादक हो उठा अंतरिक्ष। आक्षितिज आलोड़ित होने लगा अनकहे आस्वाद का अद्भुत आलोक। ऐसा आलोक जिसमें अदृश्य है रंग ही रंग, गंध ही गंध, संगीत ही संगीत। कुछ भी अछूता नहीं रहा। जड़ चेतन सब स्पंदित उद्वेलित हो उठे। लय की लहरियों पर तरंगित होता हुआ प्रेम पुलकित पैंगें मारता फागुन आ गया। -

'फागुन ने अंकित किया,प्यार प्यार बस प्यार।
प्यार नाम है जिंदगी, प्यार धरा का हार।।'



शिव-शक्ति को संयोजित करता वसंत रंग गंध की पालकी उठाए फागुन का अलख जगाने लगा। 'नव गति नव लय ताल छंद नव' पर जब सब मदहोश होने लगे तो फागुन ने कोयल-स्वर में मधुर शोर मचाना शुरू किया। तब भी मदहोशी नहीं टूटी, तो फागुन ने पेड़ों पर मंजरियों की आग जला दी। टेसू और पलाश के फूल दहक उठे। फागुन ने आग की लपटें उठाई तो आकुल आह्लाद के उन्मादी स्फुलिंग उड़ने लगे। फागुन के अग्नि-अंक में समाहित होने लगा अस्तित्व। कुटिलता की होलिका जलकर राख हो गई और आह्लाद का प्रह्लाद अलौकिक रंग-गंध में डूबकर उबर आया। आह्लाद, आनंद और आत्मीयता का फागुनोत्सव परम सत्ता को भी ऐसा छू गया कि दिगंबर शिव मसान में ही मगन मस्त हो खेलने लगे होली। वसंत की मादकता और फागुनी उल्लास से उन्मादित हुआ कामदेव तो उसने दिगंबर शिव पर ही संधान कर दिया अपना मदन-बाण। काम के बाण से विद्ध हो शिव उन्मत्त नहीं हुए उद्धत हुए और लगे क्रोध में नाचने। ब्रह्मांड के सबसे बड़े प्रेमी शिव। उन्होंने अपने प्रेम की अक्षुण्णता और अखंडता के लिए काम को भस्म कर दिया। एक दूसरे में अंतर्भुक्त शिव और शक्ति काम रहित कामजित हैं। वसंत और फागुन कामोद्वेलन के समस्त द्वंद्वों से परे कामोद्दीपक अलौकिक ऊर्जा हैं। फागुन की मस्ती होली के रूप में व्यक्त होती है। भारतीय समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा में योगीराज शिव और योगेश्वर कृष्ण में सन्निहित फागुनोत्सव के असीम प्रवाह और अनंत उल्लास के दर्शन हमारे चित्त की निर्मलता और भाव के औदात्य के परिचायक हैं। शिव और कृष्ण दोनों प्रेमी हैं। असीम, अनंत, अटूट, अखंड, अछोर और अनीह है दोनों का प्रेम। प्रेम की पराकाष्ठा और दिव्यता में डूबे शिव और कृष्ण शाश्वत हैं। शाश्वत है वसंत और शाश्वत है फागुन भी। -

' प्रेम अनोखा रंग है , प्रेम अनोखा छंद।
फागुन ने चिल्ला कहा,इसको दिया अनंत।।

अहर्निश अनंत राग गाता अंबर और धरती के बीच अनुराग से भरा हुआ जो शून्य है वह अनछुआ, अनदेखा, अनकहा और अलौकिक है। जाने कब से सौंदर्य का अदृश्य सागर लगातार लहरा रहा है धरती और अंबर के बीच। धरती और अंबर के बीच ही जीवन और मरण का महारास चलता रहता है। यह शून्य ही ब्रह्म और जीव का सम्मोहक क्रीडा स्थल है। माया का खेल चल रहा है निरंतर। रंग और गंध का आनंद उत्सव मनाता आग राग गाता मदमाता फागुन आया है। फागुन के आते ही आए हैं अनेकानेक भाव विभाव अनुभाव। आई हैं अंतश्चेतना में अनंत अनुभूतियां।

वसंत और फागुन को अंतर में समाहित कर हम प्रार्थना करें कि इन अनुभूतियों की आग में असीम करुणा समाहित हो और राग अनुराग की ऐसी लय संपूर्ण विश्व में फैल जाए, जिसमें सब रंग-गंध के प्रेमपुलक में डूब एकरस एकतान हो जाएं। कोई किसी से विलग नहीं हो और फाग-आग के राग में ऐसे लहराएं कि एक दूसरे के अस्तित्व को कोई विलग भी नहीं कर सके। फागुन का संदेश है कि हम शुद्धआत्मा प्रबुद्ध बनें और हर युद्ध के विरुद्ध करुणा का ध्वजारोहण करें।

'होली में सबको मिले, हंसी-खुशी सौगात।
सराबोर दिन रंग में, गंध भरी हो रात।।

सक्सेस स्टोरी

# कल्पना सरोज : झोपड़ी से उद्योगपति तक

कल्पना सरोज भारत की एक प्रेरणादायक महिला उद्यमी और सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने गरीबी, जातिगत भेदभाव और व्यक्तिगत संघर्षों से उबरकर एक सफल व्यवसाय साम्राज्य स्थापित किया है। वे कमानी ट्यूब्स की चेयरपर्सन हैं और उनकी कुल संपत्ति लगभग 112 मिलियन डॉलर आंकी जाती है। उनकी कहानी को अक्सर 'स्लमडॉग मिलियनेयर' की वास्तविक संस्करण के रूप में वर्णित किया जाता है।



## प्रारंभिक जीवन

कल्पना सरोज का जन्म 1960 के दशक की शुरुआत में महाराष्ट्र के एक छोटे से गांव रोपरखेड़ा में एक दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस कांस्टेबल थे और परिवार गरीबी और जातिगत भेदभाव से जूझता था। गांव में लड़कियों की शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन उनके पिता ने उन्हें स्थानीय स्कूल में दाखिला दिलाया, जहां वे पढ़ाई में उत्कृष्ट रहीं। हालांकि, दलित होने के कारण उन्हें स्कूल में भेदभाव का सामना करना पड़ाकृवे स्कूल के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकती थीं, और अन्य बच्चों के माता-पिता उन्हें अलग रखते थे।



रूफिया खान
शिक्षिका

## विवाह और शुरुआती संघर्ष

उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह आम था, और लड़कियों को परिवार का बोझ माना जाता था। मात्र 12 वर्ष की उम्र में कल्पना का विवाह कर दिया गया। वे मुंबई के एक स्लम में पति और ससुराल वालों के साथ रहने लगीं, जहां उन्हें शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ीं। वे भूखी रखी जातीं, पीटी जातीं और नौकरानी से भी बदतर व्यवहार किया जाता। छह महीने बाद, उनके पिता ने उन्हें पहचानकर वापस घर ले आए और विवाह समाप्त कर दिया। लेकिन गांव में वापस आने पर उन्हें और उनके परिवार को ताने और अपमान सहने पड़े। हताश होकर उन्होंने तीन बोतल कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया, लेकिन परिवार ने उन्हें बचा लिया।

## मुंबई में नई शुरुआत

गांव में नौकरी के अवसर न होने पर, कल्पना ने माता-पिता को मनाकर मुंबई में चाचा के घर जाने की अनुमति ली। वहां उन्होंने एक गारमेंट फैक्ट्री में काम शुरू किया, जहां उन्हें महीने में 60 रुपये मिलते थे। वे सीनियर टेलर बन गईं और अतिरिक्त सिलाई से 100 रुपये और कमातीं। जब उनके पिता की नौकरी चली गई, तो वे परिवार की एकमात्र कमाने वाली बनीं। उन्होंने 40 रुपये में एक कमरा किराए पर लिया और परिवार को मुंबई बुला लिया। एक दुखद घटना में उनकी छोटी बहन की बीमारी से मौत हो गई, क्योंकि इलाज के पैसे नहीं थे। इसने उन्हें धन कमाने की प्रेरणा दी और वे 16 घंटे काम करने लगीं, एक आदत जो आज भी जारी है।

## व्यावसायिक यात्रा

1975 में महात्मा ज्योतिबा फुले योजना के तहत 50,000 रुपये का लोन लेकर उन्होंने एक बुटीक खोला और फर्नीचर का रीसेलिंग बिजनेस शुरू किया। वे उल्हासनगर से सस्ते फर्नीचर खरीदकर बेचतीं। व्यवसाय स्थिर होने पर, उन्होंने बेरोजगारों की मदद के लिए एक एसोसिएशन बनाई। 1995 में, उन्होंने एक विवादित जमीन ख़रीदी, जिस पर दो साल मुकदमा चला, लेकिन जीत हासिल की। फिर एक बिल्डर के साथ साझेदारी में 35 प्रतिशत लाभ पर विकास किया, और रियल एस्टेट में प्रवेश किया। 1998 तक, उनका रियल एस्टेट टर्नओवर 4 करोड़ रुपये पहुंच गया। उन्होंने गन्ने की फैक्ट्री में निवेश किया और कई कंपनियां स्थापित कीं, जैसे कमानी स्टील री-रोलिंग मिल्स, कमानी ट्यूब्स, कल्पना सरोज एंड एसोसिएट्स, कल्पना बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, सैकृपा शुगर फैक्ट्री, और केएस क्रिएशन्स फिल्म प्रोडक्शन। उनके कुल बिजनेस टर्नओवर हजारों करोड़ रुपये है।

## कमानी ट्यूब्स का पुनरुद्धार

2000 में, कल्पना के पास व्यक्तिगत संघर्ष, उद्यमिता और ब्लू-कॉलर वर्कर्स की फाइनेंस का अनुभव था। 2001 में, दिवालिया कमानी ट्यूब्स के वर्कर्स ने उनकी एनजीओ से मदद मांगी। कंपनी पर 116 करोड़ रुपये का कर्ज था, 140 मुकदमे थे, और उपयोगिताएं बंद थीं। कल्पना ने सीईओ बनकर कर्ज चुकाए, मशीनरी बदली, उत्पादन शुरू किया, और कंपनी को लाभदायक बनाया। यह भारत की पहली कंपनी थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मालिकाना हक वर्कर्स यूनियन को सौंपा था। आज कंपनी 750 करोड़ रुपये की है।

## सामाजिक कार्य

कल्पना ने एक छोटी एनजीओ शुरू की, जो वंचितों को सरकारी लोन और योजनाओं की जानकारी देती है। उन्होंने कल्पना सरोज फाउंडेशन स्थापित किया, जो सामाजिक कल्याण कार्य करता है। वे दलित समुदाय की मदद करती हैं, बेरोजगारों को सहायता प्रदान करती हैं, और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देती हैं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर भी रहीं। वे भारतीय महिला बैंक के बोर्ड मेंबर रहीं और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में शामिल हैं। एक बौद्ध अनुयायी के रूप में, वे डॉ. भीमराव अंबेडकर से प्रेरित हैं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर ज़ोर देती हैं।

## पुरस्कार और सम्मान


2013 में, उन्हें ट्रेड एंड इंडस्ट्री के क्षेत्र में पद्म श्री से सम्मानित किया गया। वे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त उद्यमी हैं, और भारत सरकार ने उन्हें भारतीय महिला बैंक के बोर्ड में नियुक्त किया।

## वर्तमान स्थिति

आज 60 के दशक में होते हुए भी, कल्पना सक्रिय रूप से अपने व्यवसायों का नेतृत्व करती हैं। उनकी कहानी साबित करती है कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका दर्शन है, ''कड़ी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। जो आप चाहते हैं, वह आपको मिलेगा अगर आप पूरे मन से काम करें और एकाग्रचित्त होकर लक्ष्य की ओर बढ़ें।'' कल्पना सरोज की जीवन गाथा लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जो दिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों से उबरकर सफलता कैसे पाई जा सकती है।

# एक खत के जरिए छलका पलायन का दर्द

प्रिय भाई, मैं आशा करती हूं कि तुम अपने परिवार के साथ दिल्ली में कुशलता से और प्रसन्न होगे। पिछले दिनों धुमाकोट के पड़ोसियों से पता चला कि मां जी और बाबूजी दोनों का स्वास्थ्य इन दिनों ठीक नहीं चल रहा है। आसपास के लोग यथासंभव उनकी देखभाल कर रहे हैं। मैं पीरुमदारा में रहते हुए भी बराबर उनका हाल-चाल लेती रहती हूं, फिर भी मन आशंकित रहता है। तुम्हें भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए और समय निकालकर उनसे फोन पर बात किया करो। यह बात मैं पहले भी कह चुकी हूं। इस वर्ष पहाड़ों में अधिक वर्षा के कारण मौसम कुछ ज्यादा ठंडा हो गया है और आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी। पिताजी को कफ की शिकायत रहती है, खासकर जाड़े के दिनों में, जिससे उनका अस्थमा बढ़ जाता है। वहीं वात रोग के कारण मां जी के दाहिने घुटने में सूजन आ गई है। मेरा मन नहीं माना और मैं उन्हें देखने गांव पहुंच गई। मुझे देखकर मां जी और बाबूजी की आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा, "बेटी, तुम हमारा कितना ख्याल रखती हो। भावेश दिल्ली जाकर बस गया है, अब हमारा हाल-चाल भी नहीं लेता।" यह सुनकर मेरा हृदय बहुत व्यथित हो उठा। तुम्हारा दूसरा भाई सुनील निजी कंपनी में काम करने के कारण नोएडा में अत्यधिक व्यस्त रहता है। पिछले वर्ष गांव में पूजा के अवसर पर वह बहुत कम समय के लिए ही आ पाया था। आज सबसे बड़ी समस्या यह है कि गांव में मां-बाबूजी की देखभाल कैसे हो और कौन करे। इस विषय पर मैं लगातार सोचती रहती हूं। मैंने जीजा जी से बात की तो उन्होंने सुझाव दिया कि मैं मां-बाबूजी को पीरुमदारा ले आऊं, पर बात इतनी सरल नहीं है। गांव में हमारा पुश्तैनी मकान और दो नाली जमीन है। मैंने कई बार मां-बाबूजी से कहा कि वे मेरे साथ पीरुमदारा चलकर रहें। एक बार बहुत समझाने पर उन्हें यहां ले भी आई, लेकिन उनका मन नहीं लगा और वे वापस गांव लौट गए। अब स्थिति पहले जैसी नहीं रही। दोनों ही कमजोर हो चुके हैं। उनके स्वास्थ्य, खान-पान और दवाइयों का नियमित ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है। यह लिखते हुए मेरा मन बहुत भावुक हो रहा है कि तीन संतानों के माता-पिता बुढ़ापे में आज अकेले जीवन काट रहे हैं। पड़ोस की सरुली ताई बताती हैं कि वे रामनगर की ओर से आने वाली हर बस को उम्मीद भरी निगाहों से देखते हैं, शायद भावेश या सुनील आ रहे हों। तुम जानते हो कि मेरी शादी को बारह वर्ष हो चुके हैं और मैं अपने परिवार व बच्चों की जिम्मेदारियों में भी बंधी हूँ। कोविड काल में सासू मां के निधन के बाद मेरे ससुर जी अकेले पड़ गए हैं। उन्हें शुगर और बीपी की समस्या है। इसके बावजूद उन्होंने स्वयं कहा कि मैं धुमाकोट जाकर अपने माता-पिता के साथ कुछ दिन रह आऊं। मैं केवल यही चाहती हूं कि अम्मा-बाबूजी का शेष जीवन सम्मान और सुकून के साथ बीते। तुम आर्थिक रूप से सक्षम हो और माता-पिता के त्याग व संघर्ष को भली-भांति समझते हो। उन्होंने कभी बेटा-बेटी में भेद नहीं किया। इसलिए गांव में लोग कहते हैं कि "राधिका पटवाल जी का तीसरा बेटा है।" इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार करना और मेरे इस पत्र का उत्तर देना।






संतोष कुमार तिवारी
नैनीताल

जॉब का पहला दिन

# जिम्मेदारी की दहलीज पर पहला कदम

20 दिसंबर 2010 का दिन था, जब मुझे पहली बार स्थायी तौर पर अपनी प्रथम नियुक्ति के विद्यालय प्राथमिक विद्यालय जाहिदपुर, शाहबाद, रामपुर में जाना था। मेरा जन्मदिन 24 दिसंबर को होता है। इस प्रकार से दिसंबर में सरकारी सेवा में आना एक प्रकार से जन्मदिन के पूर्व उपहार जैसा था। मैंने जीवन में कभी कोई ट्यूशन तक नहीं पढ़ाई थी। बस बीएड और विशिष्ट बीटीसी के प्रशिक्षण के दौरान, जो शिक्षण अनुभव था वही था। ऐसे में जब पहली बार विद्यालय पहुंचा, तो वास्तविक परिस्थितियां किताबी ज्ञान से अलग और चुनौतीपूर्ण थीं।



इन परिस्थितियों ने मुझे जहां जीवन की सच्चाइयों से रूबरू करवाया, मुझे तपाया वहीं मुझे मजबूत भी किया। विद्यालय में बिताया गया हर एक पल मेरे अनुभव को पुख्ता कर रहा था। मैं धीरे-धीरे इन चुनौतियों से लड़ना और मुस्कराकर हर समस्या का हल ढूंढना सीख गया। परिषदीय विद्यालयों में होने वाली दैनिक प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधे' ने मुझे बहुत हिम्मत प्रदान करी। जब इस प्रार्थना को प्रतिदिन सुनता था। तब मन में एक ही बात आती थी कि 'हम दीन दुखी निबलों विकलों के सेवक बन संताप हरे' क्योंकि इस राह पर चलेंगे तभी तो 'उनको तारें खुद तर जावें' वाली पंक्ति सत्य सिद्ध होगी। पदोन्नति के बाद 2016 में बरेली में स्थानांतरण भी हो गया। 2016 से अब तक मैं उच्च प्राथमिक विद्यालय रहटुइया, मझगवां, बरेली में कार्यरत हूं। रामपुर में मैं कक्षा 1- 5 तक के बच्चों को पढ़ाता था, तो यहां कक्षा 6 से 8 के बच्चों को शिक्षित करने लगा और इनमें प्रतियोगिता की भावना का संचार किया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023 और 2025 में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति जैसी कठिन प्रतियोगिता में विद्यालय से छात्र सफल हुए और 2026 में भी दो छात्रों के सफल होने की संभावना है। विद्यालय और बच्चों से मुझे इतना प्रेम है कि 2024 में 'भूतिया मास्साब' नाम का उपन्यास लिखा है जिसमें एक ऐसे अध्यापक की कहानी है जो मृत्यु के बाद भी भूत के रूप में अपने बच्चों की सहायता करते रहते हैं। हिन्दी फंतासी जो लगभग अछूता क्षेत्र है उसमें मैं 'हाथिस्तान' नाम की श्रृंखला लिख रहा हूं।



प्रांजल सक्सेना
शिक्षक, बरेली

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.76 | 25,471.10 |
| गिरावट | 1,048.1 | 336.10 |
| प्रतिशत में | 1.25 | 1.30 |

सोना 1,58,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
बरेली, शनिवार, 14 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2595, राजश्री 1900, फ़ॉर्चून कि. 2410, रविन्द्रा 2510, फॉर्चुन 13 किग्रा 2130, जय जवान 2110, सचिन 2190, सूरज 2110, अवसर 1940, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1960, क्लासिक (किग्रा) 2310, मोर 2305, चक्र टिन 2360, ब्लू 2200, आशीर्वाद मस्टर्ड 2400, स्वास्तिक 2550

**किराना :** महाराष्ट्र हल्दी 17300, जीरा 28000, लाल मिर्च 19000-21000, धनिया 11000-12000, अजवायान 14000-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 10000-20000, सोंठ 37000, (प्रतिकि.) लौंग 850-1000, बादाम 800-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 350-400, मखाना 950-1100

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8400, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा,5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8500, गौरी प्रीमियम 10200, सूमो 4000, गौरी रॉयल 8600, मंसूरी पनघट 4200,लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200-12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 10000, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी :** पीलीभीत 4420, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी


**चावल** शरबती 4400, बासमती 8200-9000, मसूरी 1200, परमल 2200-4000

**दाल दलहन :** काला चना 2600-3700, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5000, राजमा 9200-12000, दाल उड़द 7000, साबुत मसूर दाल 4000, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10200, काबुली चना 7400-10200, अरहर दाल 10300 -12200, लोबिया/करमानी 2000-4000

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए एफटीए का फायदा उठाना आवश्यक

## नीति आयोग की रिपोर्ट में रणनीतिक कलपुर्जों का विनिर्माण बढ़ाने पर जोर

**दुनिया में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का है इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार, भारत की हिस्सेदारी सिर्फ एक प्रतिशत, चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा**



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात बढ़ाने के लिए संरचनात्मक लागत संबंधी चुनौतियों का समाधान करना, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का बेहतर ढंग से फायदा उठाना और रणनीतिक कलपुर्जों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना होगा। नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया है।

आयोग की शुक्रवार को जारी 'ट्रेड वॉच क्वार्टरली' रिपोर्ट के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र का दुनियाभर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर का बाजार है, लेकिन 2024 में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत ही रही। कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले इंटीग्रेटेड सर्किट (आईसी) और सेमीकंडक्टर जैसे उच्च-प्रौद्योगिकी कलपुर्जों के बाजार पर चीन, हांगकांग और ताइवान का दबदबा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में कई देशों एवं समूहों के साथ हुए एफटीए से भारतीय उत्पादों की विदेशी बाजार तक पहुंच बेहतर हुई है, लेकिन अस्थिर भू-राजनीतिक माहौल में निवेश जुटाने के लिए घरेलू खरीद नीति में अनुमान लगा पाने की क्षमता, निर्यात वित्त और विनियामक सरलीकरण पर अधिक जोर देना होगा।

नीति आयोग ने सुझाव दिया कि भारत की रणनीति को असेंबली आधारित वृद्धि से आगे बढ़कर कलपुर्जा-आधारित विनिर्माण की ओर स्थानांतरित होना चाहिए। आपूर्ति पक्ष पर प्रोत्साहनों को घरेलू मूल्य संवर्धन, निरंतर शोध एवं विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने वाले एंकर निवेश से जोड़ा जाना चाहिए।

### भारतीय निर्यात में मोबाइल फोन का 52.5% हिस्सा

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात मुख्यत: अमेरिका, यूएई एवं नीदरलैंड को होते हैं और इनमें मोबाइल फोन की हिस्सेदारी 52.5 प्रतिशत है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स आयात में इंटीग्रेटेड सर्किट, मोबाइल फोन और डेटा प्रोसेसिंग मशीनों की बड़ी हिस्सेदारी है। सितंबर तिमाही में देश के कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात में लगभग 8.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जो आयात वृद्धि से अधिक रही। रिपोर्ट के मुताबिक, सीमापार ई-कॉमर्स 2030 तक निर्यात वृद्धि का प्रमुख माध्यम बन सकता है।

### अमेरिका ने ताइवान पर लगे प्रतिबंध कम करने के लिए किया समझौता

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के साथ एक व्यापार समझौता किया है जिसके तहत ताइवान अपने 99 प्रतिशत टैरिफ अवरोधों को हटाने या कम करने पर सहमत हुआ है। अमेरिका कंप्यूटर चिप के उत्पादन के लिए ताइवान पर काफी हद तक निर्भर है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीने में चिप निर्यात के कारण दोनों देशों के बीच करीब 127 अरब डॉलर का व्यापार घाटा दर्ज किया गया। अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के मुताबिक ताइवान से अमेरिका आने वाले निर्यात पर 15 प्रतिशत शुल्क या अमेरिकी सरकार की सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र दर लागू होगी। यह 15 प्रतिशत दर एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अन्य अमेरिकी व्यापार साझेदारों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया पर लागू दर के समान है।

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में 13 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

**नई दिल्ली।** घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 4,49,616 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 3,99,386 इकाई रही थी। जनवरी में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 26 प्रतिशत बढ़कर 19,25,603 इकाई हो गई जबकि पिछले साल जनवरी में यह 15,26,218 इकाई थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को बयान में कहा कि स्कूटर की बिक्री जनवरी में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 7,50,580 इकाई हो गई जबकि मोटरसाइकिल की थोक बिक्री 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 11,26,416 इकाई रही।

बयान के अनुसार, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 30 प्रतिशत बढ़कर 75,725 इकाई हो गई जबकि जनवरी 2025 में यह 58,167 इकाई रही थी।

# रिलायंस को वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिला

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। इस अनुमति से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनिंग कंपनी आरआईएल रियायती दर पर उपलब्ध भारी कच्चे तेल का आयात कर सकेगी।

वेनेजुएला का कच्चा तेल गुजरात के जामनगर स्थित रिलायंस रिफाइनरी की संरचना के अनुकूल है और उसके रिफाइनिंग मार्जिन को बेहतर बना सकता है। जनवरी के अंत में अमेरिका ने कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की सामान्य अनुमति दी। इससे पहले अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण वेनेजुएला से सीधे तेल खरीद पर रोक लगी हुई थी और तेल की आपूर्ति कारोबारियों के



- रियायती दर पर भारी कच्चे तेल के आयात का रास्ता साफ

माध्यम से हो रही थी।

पिछले महीने अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को बंदी बनाकर अमेरिकी जेल में भेज दिए जाने के बाद से ही वेनेजुएला के कच्चे तेल की सीधी खरीद शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही थी। उसके बाद से अमेरिका ने अपने प्रतिबंधों को शिथिल भी कर दिया है। हालांकि वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदने का अमेरिकी लाइसेंस मिलने के बारे में रिलायंस इंडस्ट्रीज की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं की गई।

# विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटा



**स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की भारी गिरावट**

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 14.208 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट के कारण 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.711 अरब डॉलर घटकर 717.064 अरब डॉलर रह गया। इससे पहले 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14.361 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 723.774 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 6 फरवरी को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 14.208 अरब डॉलर घटकर 123.476 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार में उतार-चढ़ाव की मुख्य वजह सोने की कीमतों में बदलाव है।

आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा रखने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 7.661 अरब डॉलर बढ़कर 570.053 अरब डॉलर पर पहुंच गई। अब इसमें गिरावट आई है।

## आरबीआई ने जारी किया अग्रणी बैंक योजना में संशोधन प्रस्ताव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अग्रणी बैंक योजना (एलबीएस) के परिचालन ढांचे को सुव्यवस्थित करने और कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए संशोधित दिशानिर्देश प्रस्तावित किए। यह योजना 1969 में जिला स्तर पर विकास गतिविधियों के समन्वय के लिए शुरू की गई थी।

एलबीएस का उद्देश्य बैंकों, सरकार और अन्य विकास एजेंसियों की गतिविधियों का समन्वय कर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना और वित्तीय समावेश को मजबूती देना है। प्रस्तावित दिशानिर्देशों में योजना के उद्देश्यों को परिष्कृत करने, विभिन्न मंचों की संरचना, सदस्यता एवं कार्यसूची को स्पष्ट करने, प्रमुख पदाधिकारियों की भूमिकाओं एवं जिम्मेदारियों को निर्धारित करने और राज्य-स्तरीय बैंकर समिति और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालयों को मजबूत बनाने के प्रावधान शामिल हैं।

# 25 लाख टन गेहूं के निर्यात को मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने शुक्रवार को घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए गेहूं का 25 लाख टन निर्यात करने की मंजूरी दे दी। इसके साथ पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी मंजूरी दी गई है।

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निजी इकाइयों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का भंडारण उपलब्ध है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल,



- सरकार ने पांच-पांच लाख टन गेहूं उत्पाद और चीनी के अतिरिक्त निर्यात को भी दी मंजूरी

2026 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्रीय भंडार में गेहूं की कुल उपलब्धता लगभग 182 लाख टन होने का अनुमान है। इससे निर्यात अनुमति से घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

रबी 2026 में गेहूं की खेती का रकबा भी बढ़कर लगभग 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया जो पिछले वर्ष 328.04 लाख हेक्टेयर था।

मंत्रालय ने कहा कि अधिक भंडार, कीमतों में गिरावट, उम्मीद से ज्यादा उत्पादन और फसल की बड़ी आवक के दौरान मजबूरी में बिक्री रोकने की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सरकार का यह निर्णय घरेलू कीमतें स्थिर करने, बाजार में तरलता बढ़ाने, भंडारण का सही उपयोग सुनिश्चित करने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ किसानों की आय मजबूत करने में मदद करेगा।

चीनी निर्यात को सुगम बनाने के लिए सरकार ने चालू चीनी सत्र 2025-26 के दौरान इच्छुक चीनी मिलों द्वारा अतिरिक्त पांच लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति देने का निर्णय लिया है। इससे पहले, सरकार ने 14 नवंबर, 2025 के आदेश के माध्यम से चालू चीनी सत्र के दौरान 15 लाख टन चीनी के निर्यात की अनुमति दी थी।



# लोकसभा में पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर हंगामा, नहीं चला प्रश्नकाल


## बजट सत्र का पहला चरण पूरा, दोनों सदन नौ मार्च तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को कुख्यात यौन अपराधी जेफरी एप्स्टीन से संपर्कों को लेकर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। इसके चलते सदन की बैठक एक बार स्थगित करने के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को संसद में बजट सत्र का पहला चरण भी संपन्न हो गया जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा की बैठक को नौ मार्च के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका और सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद नौ मार्च सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई तो पीठासीन सभापति संध्या राय ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए और फिर 12 बजकर छह मिनट पर सभा की बैठक नौ मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सुबह बैठक शुरू होते ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पूर्व सांसद डॉ. भगवान दास राठौड़ के निधन की सूचना सदन को दी जिस पर सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सदस्य को श्रद्धांजलि दी।

इसके बाद जैसे ही पीठासीन सभापति ने प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य केंद्रीय मंत्री पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए नारे लगाने लगे और आसन के समीप आ गए। इस बीच कांग्रेस सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने अपना पूरक प्रश्न पूछा जिसका जवाब स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शोरशराबे के बीच ही दिया। पीठासीन सभापति संध्या राय ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने बैठक पांच मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।



**सरोजिनी नायडू को श्रद्धांजलि**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। बिरला के अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसद सदस्यों, पूर्व सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत कोकिला के नाम से जानी जाने वाली सरोजिनी नायडू प्रतिभाशाली वक्ता, सुविख्यात कवयित्री और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थीं।

### संसद को बाधित करने का बहाना तलाशते हैं राहुल गांधी: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा के बार-बार बाधित होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि राहुल सदन की कार्यवाही ठप करने के लिए नए-नए बहाने तलाशते हैं। बजट सत्र के हंगामेदार पहले चरण में अमेरिका से व्यापार समझौते और पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध की स्थिति बनी रही। प्रधान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, संसद को बाधित करने के लिए हर रोज नया बहाना गढ़ना अब कांग्रेस की पहचान बन चुकी है।

## पुरी का झूठ पकड़ा गया, फौरन इस्तीफा लें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एप्स्टीन मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के स्पष्टीकरण को सरासर झूठ करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि पुरी किसकी तरफ से जेफ्री एप्स्टीन से संपर्क में थे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने मंत्री से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए।

पुरी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा था कि वह कुछ मौकों पर एप्स्टीन से मिले थे, लेकिन इसका उसके अपराधों से कोई लेनादेना नहीं था। खेड़ा ने कहा, पुरी ने दावा किया है कि उनकी एप्स्टीन से ज्यादा बात नहीं हुई। ये सरासर झूठ है। यह भी झूठ है कि उन्होंने एप्स्टीन से मिलने का समय नहीं मांगा था। ईमेल से स्पष्ट है कि पुरी खुद एप्स्टीन से मिलने का आग्रह करते थे।

# तमिलनाडु में महिलाओं के खाते में पांच-पांच हजार रुपये

चेन्नई, एजेंसी

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सरकार ने कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना'' (कलैग्नार मगलिर उरिमाई थोगई थिट्टम) के तहत 1.31 करोड़ महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को पांच-पांच हजार रुपये जमा कर दिए। इस योजना के तहत महिलाओं को अब तक प्रतिमाह 1,000 रुपये दिए जा रहे थे।

राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले इसे एक बड़े राजनीतिक दांव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बिहार से संकेत लेते हुए शुक्रवार सुबह महिला लाभार्थियों के खाते

- आदर्श आचार संहिता लागू होने से ऐन पहले स्टालिन का दांव, विपक्ष हैरान

में पैसे डालने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इसकी सूचना दी, जिससे पूरा विपक्ष हैरान रह गया। विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की उम्मीद है और यह कदम चुनाव आयोग की ओर से चुनाव कार्यक्रम की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने से कुछ दिन पहले आया है। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, हमारी द्रविड़ मॉडल सरकार ने चुनाव के बहाने इस योजना के तहत वित्तीय सहायता रोकने की कोशिश को पहले ही भांप लिया और फरवरी, मार्च तथा अप्रैल के लिए कुल 3,000 रुपये का अग्रिम भुगतान प्रत्येक लाभार्थी के लिए 2,000 रुपये के विशेष ग्रीष्मकालीन भत्ते के साथ जमा कर दिया है।

स्टालिन ने सत्ता में लौटने पर इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि को वर्तमान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रतिमाह करने का वादा करते हुए कहा कि यह उनका बहनों को दिया गया वचन है, जिनके अटूट समर्थन से द्रविड़ मॉडल 2.0 निश्चित रूप से लगातार दूसरी बार सत्ता में आएगा। चूंकि यह घोषणा अचानक हुई, इसलिए विपक्ष दंग रह गया।

## बुलेट ट्रेन को एक लाख करोड़, बुंदेलखंड में रेलों को पांच फीसदी भी नहीं: रघु ठाकुर

**नई दिल्ली।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बुंदेलखंड जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और ग़रीबी दूर हो सकती है लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर सकती है लेकिन बुंदेलखंड को रेल लाइन के लिए पांच हजार करोड़ भी नहीं देना चाहती। सही नीति से इसे ठीक किया जा सकता है।

सुप्रसिद्ध सोशलिस्ट चिंतक व जननेता रघु ठाकुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय नागरिक संघर्ष मोर्चा के धरना में बोलते हुए यह बात कही। उन्होंने आह्वान किया कि सरकार की भेदभावपूर्ण नीति का प्रतीकात्मक विरोध आने वाली होली से शुरू किया जाए। इस धरने में शामिल होने व समर्थन देने बुंदेलखंड सहित छत्तीसगढ़ व विदर्भ से भी लोग आए थे। रघु ठाकुर की अगुवाई में साल 2009 से यह धरना हर साल जाड़ों में होता है। इस साल धरने के तहत भारतीय हॉकी के गौरव मेजर ध्यानचंद व सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक हरिसिंह गौर को भारतरत्न से अलंकृत करने, बुंदेलखंड को रेल सेवाओं से



- जंतर-मंतर पर बुंदेलखंड सर्वदलीय संघर्ष मोर्चा का धरना, होली पर करेंगे विरोध

जोड़ने व अंचल में पर्यटन परिपथ विकसित करने की मांग मुख्य रूप से शामिल है।

राज्यसभा सदस्य व आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने अपने भाषण में केन्द्र सरकार की नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लगातार जनविरोधी और किसान-विरोधी फैसले लिए जा रहे हैं। हाल का भारत-अमेरिका व्यापार समझौता इसका ताजा प्रमाण है जिसमें अमेरिका तो भारतीय माल पर मनमाना आयात कर लगा रहा है लेकिन भारत में अमेरिकी माल आने की पूरी छूट का इंतजाम कर दिया गया है। यह समझौता नहीं बल्कि किसानों के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत हैं।

## केरल में बच्ची के यौन शोषण में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

**त्रिशूर।** कोडुंगलूर में एक मंदिर के पुजारी को नाबालिग लड़की के यौन शोषण के आरोप में हिरासत में लिया गया है। आरोपी 48 वर्षीय शाजी कोडुंगलूर के पास एडविलांगु का निवासी है। पुलिस के अनुसार, शाजी ने एडविलांगु स्थित मंदिर में श्रद्धालुओं की निजी समस्याओं का समाधान करने के लिए अनुष्ठान किए। पिछले साल 14 वर्षीय पीड़िता के लिए अनुष्ठान करते समय आरोपी ने उसका यौन शोषण किया। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने शाजी के एक समारोह में शामिल होने से इन्कार करने के बाद अपने रिश्तेदार को शोषण की जानकारी दी। लड़की के माता-पिता की शिकायत के आधार पर कोडुंगलूर पुलिस ने बृहस्पतिवार को पॉक्सो के तहत पुजारी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## अमेरिका से समझौते के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आंदोलन हो

**नई दिल्ली।** कई किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का विरोध करने और किसानों व खेतिहर मजदूरों की आजीविका की रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़े आंदोलन की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

कांग्रेस के अनुसार संसद भवन परिसर में यह मुलाकात हुई। राहुल ने कहा कि इस समझौते ने कृषि आयात खोल दिया है और जल्द ही कई फसलें इसकी चपेट में आ सकती हैं। किसान संगठनों के नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध जताया और मक्का, सोयाबीन, कपास, फलों और मेवों की खेती करने वाले किसानों की आजीविका को लेकर गहरी चिंता जताई।

## दंपती ने 58 साल के वैवाहिक जीवन के बाद दी तलाक की अर्जी, खारिज

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद मामले में 58 वर्ष से साथ जीवन व्यतीत कर रहे दंपती के तलाक की याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि संपत्ति विवाद या सामान्य पारिवारिक मतभेद को तलाक का कारण नहीं माना जा सकता। करीब 78 वर्षीय पति की ओर से दायर इस याचिका में अपनी 75 वर्षीय पत्नी से तलाक की मांग की गई थी। पति ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद पत्नी ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज कराए और संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद पैदा किया। हाईकोर्ट ने कहा कि दंपती ने 1967 से 2013 तक करीब छह दशक तक सामान्य वैवाहिक जीवन बिताया। अब तलाक का अनुरोध असंवैधानिक और अनुचित है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी खींचतान, आपसी आरोप-प्रत्यारोप और दैनिक जीवन की सामान्य परेशानियों को क्रूरता या तलाक का आधार नहीं माना जा सकता।

- हाईकोर्ट ने कहा- सामान्य मतभेद नहीं बन सकते तलाक का कारण

## दिल्ली के पांच स्कूलों को दी बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए जिन्हें बाद में अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि धमकी भरे ईमेल में उकसाने वाली आपत्तिजनक सामग्री थी जिसमें दावा किया गया था, दिल्ली खालिस्तान बन जाएगा और स्कूलों में दोपहर 1.11 बजे बम विस्फोट होगा। यह भी कहा गया था कि दोपहर 2.11 बजे संसद के अंदर विस्फोट होगा, जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों के बीच सतर्कता बढ़ा दी गई और समन्वय स्थापित किया गया। डीएफएस के मुताबिक दिल्ली तमिल एजुकेशन एसोसिएशन (पूसा रोड), केंद्रीय विद्यालय (गोल मार्केट), हैप्पी पब्लिक स्कूल (दरियागंज), राबिया पब्लिक स्कूल (बल्लिमारान) और सीएल भल्ला डीएवी स्कूल (झंडेवालान) को धमकी भरे ऐसे ईमेल मिले। डीएफएस के अनुसार, व्यापक तलाशी अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

- ईमेल में दिल्ली को खालिस्तान बना देने का भी किया गया था दावा

## कर्नाटक : नेशनल हाईवे पर तीन वाहनों की टक्कर में सात की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु ग्रामीण जिले में होसकोटे तालुक के एम सत्यवारा गांव के पास शुक्रवार सुबह सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा एक कार, एक मोटरसाइकिल और एक कैंटर गाड़ी की टक्कर की वजह से हुआ। यह हादसा होसकोटे-डबसपेटे राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। बताया गया कि पहले एक कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। इसके बाद कार एक कैंटर गाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों और मोटरसाइकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। कार तेज रफ्तार में चल रही थी। पीछे से बाइक को टक्कर मारने के बाद उसका संतुलन बिगड़ गया और वह फिर कैंटर से टकरा गई।

- तेज रफ्तार कार पहले एक बाइक से टकराई और फिर कैंटर से भिड़ी

# संयुक्त राष्ट्र ने एआई पर 40 सदस्यीय वैज्ञानिक पैनल के गठन को दी मंजूरी

- अमेरिका बोला- यह संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लघंन

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभाव और जोखिमों का आकलन करने के लिए 40 सदस्यीय वैश्विक वैज्ञानिक पैनल के गठन को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी, जबकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

इस पैनल का गठन करने वाले, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इसे एआई की वैश्विक वैज्ञानिक समझ की दिशा में एक बुनियादी कदम बताया। गुतारेस ने गुरुवार को कहा कि ऐसे समय में जब एआई तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह पैनल कठोर, स्वतंत्र वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा ताकि सभी सदस्य देश, भले ही उनकी प्रौद्योगिकी क्षमता जो भी हो, समान आधार पर भागीदारी कर सकें। उन्होंने इसे एआई के वास्तविक आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का आकलन करने के लिए पहला पूर्णतः स्वतंत्र वैश्विक वैज्ञानिक निकाय बताया। एआई पैनल के पक्ष में, 193 सदस्यीय महासभा में 117 देशों ने मतदान किया, जबकि दो ने विरोध में वोट डाला। अमेरिका और पराग्वे ने इसके विरोध में मतदान किया, जबकि ट्यूनीशिया और यूक्रेन ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। वहीं, अमेरिका के कई सहयोगियों ने रूस, चीन और कई विकासशील देशों के साथ प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी मिशन की काउंसलर लॉरेन लवलेस ने पैनल को संयुक्त राष्ट्र के अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन बताया और कहा कि एआई शासन संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्देशित किए जाने का विषय नहीं है। एआई क्षेत्र में अमेरिका नवाचार को तेजी से बढ़ाने और अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पीएम के दफ्तर का नया पता

भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 13 फरवरी 2026 की तारीख एक बड़े प्रशासनिक और वैचारिक बदलाव की साक्षी बनी। दशकों से सत्ता का केंद्र रहे ब्रिटिश काल के साउथ ब्लॉक से निकलकर अब देश का प्रधानमंत्री कार्यालय एक नए आधुनिक परिसर 'सेवा तीर्थ' में स्थानांतरित हो गया है। यह बदलाव केवल ईंट-पत्थरों की इमारत का नहीं, बल्कि शासन की उस संस्कृति का है, जहां सत्ता का स्थान 'सेवा' ने ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रधान सेवक की अवधारणा को संस्थागत रूप देने के लिए इस कार्यालय का नामकरण सेवा तीर्थ किया गया है, जिसका अर्थ है सेवा का पवित्र स्थान। नाम बदलने के पीछे का मूल तर्क औपनिवेशिक प्रतीकों को हटाना और भारतीय मूल्यों को शासन में समाहित करना है।

## अब सेवा तीर्थ




### क्या-क्या बदल गया

- एकीकृत कार्यप्रणाली : पहले पीएमओ, कैबिनेट सचिवालय और एनएससीएस अलग-अलग स्थानों पर थे। अब ये तीनों एक ही परिसर सेवा तीर्थ में हैं, जिससे फाइलों की आवाजाही और संचार की देरी खत्म होगी।
- खुला और पारदर्शी डिजाइन : पुराने साउथ ब्लॉक के बंद केबिनों के विपरीत, सेवा तीर्थ में ओपन फ्लोर डिजाइन और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है।
- डिजिटल एकीकरण : यह कार्यालय पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस कामकाज की दिशा में बड़ा कदम है, जहाँ फाइलों का निपटारा तेजी से होगा।

### सत्ता से सेवा का सफर

- औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति : साउथ ब्लॉक अंग्रेजों द्वारा बनाया गया सत्ता का केंद्र था। 'सेवा तीर्थ' नाम भारतीयता और सेवा भाव को दर्शाता है।
- नागरिक-केंद्रित शासन : नाम का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि यह कार्यालय आदेश देने के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए है।
- पारदर्शिता और जवाबदेही : 'तीर्थ' शब्द पवित्रता और निष्ठा का प्रतीक है, जो शासन में ईमानदारी और पारदर्शिता के संकल्प को दोहराता है।
- सांस्कृतिक पुनर्जागरण : यह बदलाव मोदी सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थाओं को भारतीय विरासत और मूल्यों से जोड़ा जा रहा है।
- संरचना : सेवा तीर्थ को तीन भागों में बांटा गया है। पहले में प्रधानमंत्री कार्यालय, दूसरे में कैबिनेट सचिवालय, तीसरे में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और एनएसए कार्यालय हैं।

### अत्याधुनिक सुविधाएं

- इंडिया हाउस : परिसर में इंडिया हाउस नाम का एक भव्य सम्मेलन केंद्र है। यहाँ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी।
- स्मार्ट सुरक्षा तंत्र : परिसर में उन्नत एआई-आधारित निगरानी प्रणाली, फेस रिकग्निशन और स्मार्ट एक्सेस कंट्रोल लगाए गए हैं।
- सतत विकास : यह भवन '4-स्टार गृह' मानकों पर बना है, जिसमें सौर ऊर्जा, जल संरक्षण और वेस्ट मैनेजमेंट की आधुनिक व्यवस्था है।
- पब्लिक इंटरफेस जोन : जनता और आधिकारिक आगंतुकों के लिए समर्पित क्षेत्र बनाए गए हैं ताकि प्रशासन-नागरिकों में संवाद सुगम हो।

**भविष्य :** साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक, जो दशकों तक भारत के सत्ता केंद्र रहे, उन्हें अब युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय में बदल दिया जाएगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### डॉ. उपेंद्र कौल को लाइफटाइम अवार्ड

**नई दिल्ली।** इंडियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल रिसर्च (आईएससीआर) के यहां 20वें वार्षिक सम्मेलन में हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर उपेंद्र कौल को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, कार्डियोलॉजी में चार दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रोफेसर कौल ने 400 से अधिक शोध प्रकाशनों का लेखन किया है। उनके योगदान ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कई राष्ट्रीय सम्मान दिलाए हैं, जिनमें आईसीएमआर शकुंतला अमीर चंद पुरस्कार, डॉ. बी.सी. रॉय पुरस्कार और पद्म श्री शामिल हैं।

### पशुपतिनाथ पहुंचेंगे आठ लाख श्रद्धालु

**काठमांडू।** पशुपतिनाथ मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर करीब आठ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनमें लगभग 30 प्रतिशत भारतीय होंगे। बागमती नदी के तट पर स्थित मंदिर को देश-विदेश, विशेषकर भारत से आने वाले हिंदू श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, कागज़ी झंडों, फूलों, मालाओं और बैनरों से सजाया गया है। मंदिर के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभालने वाले पशुपति क्षेत्र विकास ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक सुभाष जोशी ने गुरुवार को बताया कि आगामी पांच मार्च को होने वाले चुनाव के मद्देनज़र इस बार मंदिर की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

### मोरक्को में चार प्रांत आपदा क्षेत्र घोषित

**काहिरा।** मोरक्को सरकार ने बाढ़ के कारण देश के उत्तर-पश्चिम में स्थित चार प्रांतों, लाराचे, अल केनित्रा, सिदी कासेम और स्लीमेन को आपदा क्षेत्र घोषित किया है। मोरक्को मीडिया ने सरकार के हवाले से यह जानकारी दी है। हेस्प्रेस अखबार ने गुरुवार को कहा कि मोरक्को सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों के लिए तीन अरब मोरक्कन दिरहम का सहायता कार्यक्रम भी शुरू किया है। मोरक्को के अधिकारियों के अनुसार प्रभावित प्रांतों से लगभग 1.88 लाख निवासियों को निकाला गया है।

### मेक्सिकन नौसेना के दो पोत क्यूबा पहुंचे

**हवाना।** अमेरिकी नाकेबंदी से गहराते ऊर्जा संकट के बीच मेक्सिको की नौसेना के दो जहाज मानवीय सहायता सामग्री लेकर क्यूबा पहुंचे। ये पोत बृहस्पतिवार को ऐसे समय पर क्यूबा पहुंचे जब दो सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को तेल बेचने या उपलब्ध कराने वाले किसी भी देश पर शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

# नई सरकार के कार्यकाल में मजबूत होंगे भारत और बांग्लादेश के संबंध

## बीएनपी ने चुनाव परिणाम को मान्यता देने पर भारत को दिया धन्यवाद

- चुनाव में जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने देश के आम चुनाव के नतीजे को मान्यता देने के लिए भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को धन्यवाद देते हुए उम्मीद जताई कि नई सरकार के कार्यकाल में दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य और 2026 के चुनाव के मुख्य समन्वयक नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि पार्टी मोदी द्वारा जनादेश को मान्यता दिए जाने की सराहना करती है।

उन्होंने कहा कि हम हमारे नेता तारिक रहमान को बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हैं। किसी लोकतांत्रिक देश द्वारा जनता के फैसले को मान्यता दिया जाना अच्छी बात है और नरेन्द्र मोदी ने ऐसा किया है। हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। खान ने कहा कि हम अपनी पार्टी की ओर से भी उन्हें धन्यवाद देते हैं और हमारा विश्वास है कि हमारे नेता तारिक रहमान के नेतृत्व में इन दोनों देशों और उनके लोगों के बीच संबंध मजबूत होंगे। इससे पहले, मोदी ने बीएनपी के नेता तारिक रहमान की निर्णायक जीत पर शुक्रवार को उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह विकास के साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस जीत ने रहमान के नेतृत्व में जनता के भरोसे को दर्शाया है।



बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के दौरान राजधानी ढाका में एक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए बांग्लादेश बार्डर गार्ड के जवान।

### बीएनपी और जमात बनेगी एक अच्छी जोड़ी

**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक शीर्ष नेता ने शुक्रवार को कहा कि पूर्ण बहुमत वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और एक मजबूत विपक्षी जमात-ए-इस्लामी देश में अगले लोकतांत्रिक पथ के लिए एक बहुत अच्छी जोड़ी होगी। चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद बीएनपी सत्ता में वापसी करने के लिए तैयार है। 300 सीटों वाली संसद में 151 से अधिक सीटों के साथ, बीएनपी गुरुवार को हुए ऐतिहासिक संसदीय चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर है। खबरों के अनुसार, दोपहर के आसपास 11 दलों के गठबंधन का नेतृत्व कर रही जमात-ए-इस्लामी लगभग 75 सीटों पर आगे चल रही है या जीत हासिल करने के करीब है। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मौअज्जम हुसैन अलाल ने बताया कि यह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण कारक, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था।

### ढाका निर्वाचन क्षेत्र से हिंदू नेता की जीत

**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में शुक्रवार को अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के वरिष्ठ बीएनपी नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका सीट से जीत हासिल की। रॉय ने ढाका-3 सीट पर 99,163 मत हासिल कर जमात-ए-इस्लामी के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को हराया। देश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के कथित उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में पूर्व मंत्री की ढाका सीट से जीत हुई है। दिसंबर में युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद से इस समुदाय को कई हमलों का सामना करना पड़ा है। भारत बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर चिंता व्यक्त करता रहा है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी द्वारा उतारे गए एकमात्र हिंदू उम्मीदवार को खुलना-1 निर्वाचन क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा।

## बीएनपी ने शेख हसीना के प्रत्यर्पण पर दिया जोर

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनावों में शानदार जीत हासिल करने वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाने के लिए उनके भारत से प्रत्यर्पण की अपनी मांग दोहराई है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि विदेश मंत्री पहले ही उनके प्रत्यर्पण के पक्ष में तर्क दे चुके हैं, और हम भी इसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि हमनें हमेशा ही कानून के अनुसार उनके प्रत्यर्पण पर जोर दिया है। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों का मामला है। हमने भारत सरकार से भी उन्हें बांग्लादेश वापस भेजने का आग्रह किया है ताकि वह वहां मुकदमे का सामना करें।

अहमद ने इस बात पर जोर दिया कि भारत समेत सभी पड़ोसी देशों के साथ बांग्लादेश सामान्य संबंध चाहता है, लेकिन केवल बराबरी के आधार पर। हमें भारत समेत सभी देशों के साथ परस्पर सम्मान और समानता पर आधारित मैत्रीपूर्ण संबंध चाहिए। उनकी यह टिप्पणी आम चुनावों में बीएनपी की शानदार जीत के तुरंत बाद आई। अगस्त 2024 में हुए जन विद्रोह के बाद यह पहला चुनाव है। इस विद्रोह के चलते हसीना को बांग्लादेश से भारत आने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

# मेघालय खदान धमाके की जांच एसआईटी को

- नौ सदस्यीय दल को त्वरित जांच करने के दिए गए निर्देश

शिलांग, एजेंसी

मेघालय पुलिस ने ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में हुए अवैध कोयला खदान विस्फोट की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। डीजीपी इदाशिषा नोंगरांग ने शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए नौ सदस्यीय इस विशेष दल को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्वरित जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

यह भीषण हादसा पांच फरवरी की सुबह माइन्सगट-थांगस्को क्षेत्र में हुआ था और इसमें अब तक 30 श्रमिकों की जान जा चुकी है। डीजीपी के आदेश के अनुसार, इस एसआईटी का नेतृत्व पुलिस उप महानिरीक्षक (पूर्वी रेंज) विवेकानंद सिंह राठौर करेंगे। जांच दल का मुख्य उद्देश्य खनन स्थल पर हुए विस्फोट के कारणों और उन परिस्थितियों का पता लगाना है, जिनकी वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ। साथ ही, यह टीम अवैध खनन गतिविधियों के संबंध में न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की भी बारीकी से पहचान करेगी। डीजीपी नोंगरांग ने स्पष्ट किया है कि एसआईटी को जांच एक समय सीमा में पूरी करनी होगी ताकि मामले को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाया जा सके और न्याय सुनिश्चित किया जा सके। इससे पहले 9 फरवरी को मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी इस अवैध कोयला खनन त्रासदी की जांच के लिए एक न्यायिक जांच आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो हादसे की गहराई से जांच करेगा।

### विदेश में नौकरी तलाशने में नेपाली बरतें सावधानी

**शिलांग।** नई दिल्ली स्थित नेपाल दूतावास ने शुक्रवार को अपने नागरिकों से विदेश में रोजगार तलाशते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया। मेघालय में पिछले सप्ताह एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट में मारे गए 31 लोगों में नेपाल के नौ श्रमिक भी शामिल थे। दूतावास ने कहा कि कोयला खदान कथित तौर पर अवैध रूप से संचालित की जा रही थी और अनधिकृत कार्यस्थलों पर दुर्घटनाओं की स्थिति में बचाव सेवाएं, मुआवजा और अन्य सुविधाएं प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए, रोजगार में शामिल होने से पहले जांच लें।

## सरोगेसी केस में फर्टिलिटी डॉक्टर समेत दो गिरफ्तार

- तेलंगाना में धन शोधन के मामले में ईडी ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को बताया कि सरोगेसी गिरोह चलाने से जुड़े धनशोधन मामले में तेलंगाना स्थित एक फर्टिलिटी क्लिनिक की मालकिन एवं चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी के मुताबिक, चिकित्सक पर गरीब या किसी कारण संतानों को रखने में अक्षम माता-पिता से बच्चों को लेकर उन्हें सरोगेसी से जन्मे बच्चों के रूप में प्रस्तुत करने का आरोप है। ईडी ने बताया कि हैदराबाद स्थित यूनिवर्सल सृष्टि फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर की मालकिन डॉ. अथुलुरी नम्रता उर्फ पचीपल्ली नम्रता को गुरुवार को हिरासत में लिया गया, क्योंकि वह पूछताछ के दौरान टालमटोल कर रही थीं। संघीय एजेंसी ने कहा कि हैदराबाद के नामपल्ली स्थित अदालत ने आरोपी चिकित्सक को 26 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नम्रता के खिलाफ धनशोधन का मामला हैदराबाद के गोपालपुरम पुलिस थाना में दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें उस पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश, अवैध सरोगेसी और बाल तस्करी का आरोप लगाया गया है।

## चीनी प्रभुत्व को रोकने को मजबूत भारत जरूरी

**वाशिंगटन।** दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों पर अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री एस. पॉल कपूर ने घोषणा की है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व को रोकने के लिए एक मजबूत और स्वतंत्र भारत जरूरी है। मंत्री ने संसदीय सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। सुनवाई में दक्षिण और मध्य एशिया के रणनीतिक महत्व पर सहमति दिखाई दी, हालांकि चीन के बढ़ते प्रभाव व राजनीतिक उथल-पुथल वाले इस क्षेत्र में अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सांसद विभाजित नजर आए। कपूर ने कहा कि अमेरिका भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार मानता है। अमेरिकी नीति का उद्देश्य केवल चीन को रोकना नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र में संतुलन रखना है।

## पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव जेल से रिहा

- सच को झूठ से अलग करने के लिए कोर्ट का आभारी हूं : पप्पू

**पटना।** बिहार के पटना जिले की एक अदालत से जमानत मिलने के बाद निर्दलीय सांसद पप्पू यादव शुक्रवार को जेल से रिहा हो गए। यादव को तीन दशक पुराने एक मामले में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया था। पूर्णिया लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले यादव को वर्ष 1995 के एक जालसाजी मामले में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें हालांकि मंगलवार को ही जमानत मिल गई थी लेकिन दो अन्य मामलों के कारण अदालत ने उनकी रिहाई पर रोक लगा दी थी। जेल से बाहर आने के बाद यादव ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें मरवाने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के दौरान समर्थन देने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, तेज प्रताप यादव, दिग्विजय सिंह, मनोज झा, आनंद मोहन और असदुद्दीन ओवैसी समेत अन्य नेताओं का आभार जताया। यादव ने कहा, अगर आज मैं जीता हूं तो यह न्याय की जीत है। सच को झूठ से अलग करने के लिए मैं न्यायपालिका का आभारी हूं।

## एक और जंगी पोत पश्चिम एशिया भेज रहा अमेरिका

- ईरान की सैन्य घेरेबंदी को और सख्त कर रहे राष्ट्रपति ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर दबाव बनाने और संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इन योजनाओं से परिचित एक व्यक्ति ने गुरुवार को बताया कि इसी क्रम में अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना होने का आदेश दिया गया है।

सैन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड की इस गतिविधि की खबर सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी थी। इसके तहत दो विमानवाहक पोत और उनके साथ मौजूद युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हो जाएंगे। ट्रंप ईरान पर उसके परमाणु कार्यक्रम को लेकर समझौता करने का दबाव बढ़ा रहे हैं। यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत और तीन गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक पोत दो सप्ताह से अधिक समय पहले पश्चिम एशिया पहुंचे थे। यह यूएसएस फोर्ड के लिए एक त्वरित बदलाव का संकेत है जिसे ट्रंप ने पिछले अक्टूबर में भूमध्य सागर से कैरिबियन सागर में भेजा था और प्रशासन ने वहां विशाल सेना की तैनाती की थी तथा अचानक कार्रवाई कर वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया था।

## अमेरिकी विवि में गोलीबारी में दो लोगों की गई जान


**ऑरेंजबर्ग।** अमेरिका के साउथ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के एक आवासीय परिसर में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस घटना के चलते लगभग आठ घंटे का लॉकडाउन लगाया गया था, जिसे शुक्रवार सुबह हटा लिया गया। गुरुवार रात हुई गोलीबारी की घटना, चार अक्टूबर को एक समारोह के दौरान गोलीबारी की दो घटनाएं होने के चार महीने बाद हुई। उनमें से एक घटना में 19 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, गोलीबारी की दूसरी घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया था। विश्वविद्यालय ने कहा कि मारे गए लोगों की पहचान और घायल की जानकारी नहीं दी गई।

## आज का भविष्यफल

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 16.01 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- पूर्वाषाढ़ा 18.16 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। संतान के साथ अच्छा समय बिताएंगे। पिता के व्यवहार से आप व्यथित हो सकते हैं। दोस्तों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से यात्रा कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा।

**वृष** – आज आप से मिलने के लिए मित्र घर आ सकते हैं। अचानक कई तरह के खर्चे सामने आएंगे। जीवनसाथी से अपने संबंध बेहतर रखें। अनावश्यक कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सरकारी कार्यों में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**मिथुन** – आज दांपत्य संबंधों में सामंजस्य में प्रगाढ़ता का आनंद लेंगे। अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी होगी। नए कारोबार की शुरुआत करना उत्तम होगा। राजनीतिक लोगों को उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

**कर्क** – आज आर्थिक स्थिति की उठापटक दूर होगी। सभी काम व्यवस्थित ढंग से पूर्ण हो जाएंगे। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अधिकारी वर्ग आपकी हर संभव सहायता करने को तैयार रहेगा। किसी पर सहज विश्वास न करें।

**सिंह** – आज उलझे हुए मामलों को समझदारी से सुलझा लेंगे। अपनी प्रतिभा को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। महिलाएं अपने करियर को लेकर चिंतित हो सकती हैं। बच्चों की जरूरतों के लिए आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कन्या** – आज दिन की शुरुआत कमजोर हो सकती है। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें तो हितकर होगा। व्यापार में थोड़ी कमजोर स्थिति रहेगी। पैर में दर्द की समस्या से परेशान हो सकते हैं। प्रेम संबंधों की गलतफहमियां दूर करने के लिए समय उत्तम है।

**तुला** – आज व्यर्थ के विचारों से दूरी बनाकर रखें। कारोबार में इच्छानुसार परिवर्तन कर सकते हैं। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिल सकती है। उच्च प्रबंधन के पदों पर स्थित लोगों के ऊपर जिम्मेदारी बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – आज संपत्ति में निवेश के लिए दिन सुखद रहेगा। नया कारोबार शुरू करने में परेशानी हो सकती है। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। भविष्य को ध्यान में रखते हुए किसी योजना में निवेश करेंगे। परिवार के लोग आप से असंतिष्ट हो सकते हैं।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में अस्थिरता दूर रहेगी। यदि अस्वस्थ हैं, तो डॉक्टर से सलाह ले सकते हैं। विद्वान लोगों से संपर्क बढ़ेगा। नए व्यवसाय में धन निवेश कर सकते हैं। कुछ लोग आपके व्यक्तिगत कार्यों में हस्तक्षेप करेंगे। जीवनसाथी काफी रोमांटिक मूड में रहेगा।

**मकर** – आज घनिष्ठ लोगों से मनमुटाव होने की आशंका है। दवाइयों पर धन खर्च बढ़ सकता है। जीवनसाथी के साथ वैचारिक तालमेल कम रहेगा। विवादित मामलों में अपनी प्रतिक्रिया न दें। विदेश में रह रहे मित्रों से लंबी चर्चा होने की संभावना है।

**कुंभ** – आज दिन का शुरुआती भाग अत्यधिक शुभ रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तम भोजन का लाभ उठाएंगे। शत्रु वर्ग आपके विरुद्ध सक्रिय रहेगा, लेकिन कुछ नुकसान नहीं कर पाएगा। घर में बदलाव और सजावट संबंधी कार्य कर सकते हैं।

**मीन** – आज आप अपने सिद्धांतों में फेरबदल कर सकते हैं। परिजनों से शुभ सूचना मिल सकती है। किसी कानूनी मामले में आपको विजय मिलेगी। व्यापार में बड़ी बिक्री होने की संभावना है। माता-पिता के साथ संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |



पेट के संक्रमण से उबर रहे आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। वह अगला मैच खेल सकते हैं।

–वरुण चक्रवर्ती


# स्टेडियम

बरेली, शनिवार, 14 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| आयरलैंड–ओमान | पूर्वाह्न 11 बजे |
| स्कॉटलैंड–इंग्लैंड | दोपहर 3 बजे |
| न्यूजीलैंड–दक्षिण अफ्रीका | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### ग्रुप में बादशाहत बनाने के लिए उतरेंगे द. अफ्रीका-न्यूजीलैंड

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका का सुपर आठ में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को यहां जब दोनों टीम आमने–सामने होंगे तो उनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। इससे पहले सीफर्ट और फिन एलन के शानदार प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने यूएई को 10 विकेट से हराया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ चार विकेट पर 213 रन बनाए, जिसमें कप्तान एडन मार्क्रम ने 32 गेंदों में 59 रन, डेविड मिलर (नाबाद 39) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 34) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### स्कॉटलैंड पर जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता।** अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक–एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा।

### आयरलैंड के कप्तान स्टर्लिंग को करना होगा प्रेरणादायी प्रदर्शन

**कोलंबो।** आयरलैंड की लगातार दो हार के बाद सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं लेकिन शनिवार को यहां ओमान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में वह अपने कप्तान पॉल स्टर्लिंग से प्रेरणादायी प्रदर्शन की उम्मीद करके जीत हासिल करना चाहेगा। दोनों टीमों ने अब तक अपने दोनों मैच में हार का सामना किया है और वे टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के लिए बेताब होंगी। आयरलैंड को सह–मेजबान श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया से क्रमशः 20 और 67 रन से हार का सामना करना पड़ा, वहीं ओमान को जिम्बाब्वे ने आठ विकेट से और श्रीलंका ने 105 रन से करारी शिकस्त दी। बड़े टूर्नामेंटों में खेलने के अनुभव के आधार पर आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

# मैं अब बदल गया हूं, चौबीसों घंटे मजाक नहीं करता : ईशान किशन



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किशन ने पिछले महीने भारतीय टीम में वापसी के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने संजू सैमसन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुरुवार रात नामीबिया के खिलाफ 24 गेंदों में 61 रन बनाए और पावरप्ले में भारत को एक विकेट पर 86 रन तक पहुंचाया।

अभिषेक शर्मा की अनुपस्थिति में खेली गई इस तूफानी पारी के चलते भारत ने टी20 विश्व कप के इतिहास में पावरप्ले में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। भारत की जीत के बाद किशन ने पत्रकारों को बताया कि एक व्यक्ति और क्रिकेटर के रूप में उनमें क्या बदलाव आया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब वह पहले की तरह मजाक नहीं करते। अतीत में अपने व्यवहार के कारण उन्हें केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा था। किशन ने कहा सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं। किशन ने कहा मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।

बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने बड़े शॉट खेलने में अधिक निरंतरता हासिल कर ली है। गुरुवार को उन्होंने जेजे स्मिट के एक ओवर में चार छक्के जड़े। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनके बल्लेबाजी के तरीके में कोई बदलाव आया है जिससे उन्हें अधिक खुलकर बल्लेबाजी करने की छूट मिल रही है, तो किशन ने कहा कि वह कभी-कभी एक दो रन भी लेते हैं। उन्होंने कहा मैं एक दो रन भी लेता हूं और अच्छी गेंदों को पूरा सम्मान भी देता हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मैंने इसके लिए बहुत ज्यादा मेहनत की है। मैं पिच पर शांत रहने और गेंद पर नजर रखने की कोशिश कर रहा हूं। मैं उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जो मुझे पहले से आते हैं, लेकिन कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप उत्साहित हो जाते हैं और ऐसे शॉट खेल देते हैं। उन्होंने कहा इसलिए मैं सिर्फ अपने उन शॉट को खेलने की कोशिश कर रहा हूं जिनमें मैं माहिर हूं और जो उस विकेट पर उपयुक्त हैं।

### अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं : चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** भारत के रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी फिरकी का जादू चलाने के बाद कहा कि वह अपनी गेंदबाजी में और विविधता लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बिलकुल सटीक बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत के 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया की टीम एक समय 10वें ओवर में दो विकेट पर 86 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन चक्रवर्ती (दो ओवर में सात रन पर तीन विकेट) ने उसके मध्यक्रम की रीढ़ तोड़ दी और टीम 116 रन पर सिमट गई। चक्रवर्ती ने कहा कि उन्होंने अपनी गेंदबाजी में विविधता (वेरिएशन) लाने के अलावा मौजूदा गेंदों को बेहतर करने पर अधिक ध्यान दिया है।

## ब्रायन बेनेट की अर्धशतकीय पारी के बाद ब्लेसिंग मुजरबानी ने की घातक गेंदबाजी

# जिम्बाब्वे का बड़ा उलटफेर ऑस्ट्रेलिया को किया हतप्रभ

**टी-20 विश्व कप**

**कोलंबो, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते जिम्बाब्वे के खिलाड़ी। एजेंसी

सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया। विकेटों के पतन की कहानी यहीं पर नहीं रुकी तथा कार्यवाहक कप्तान ट्रैविस हेड (17) पांचवें ओवर में इवांस की गेंद को अपने विकेट पर खेल गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावर प्ले में चार विकेट पर 38 रन बनाए। रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासकादजा पर छक्का लगाकर अपने हाथ खोले जबकि रेनशॉ ने भी इसी गेंदबाज के अगले ओवर में छक्का और चौका लगाया। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने गेंद थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया को करारा झटका दिया। मार्कस स्टोइनिस (06) ने चौका जड़कर खाता खोला लेकिन मासकादजा ने उन्हें अगले ओवर में पवेलियन की राह दिखा दी। मुजरबानी ने इसके बाद रेनशॉ को मिड ऑफ पर कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की सही उम्मीद को भी समाप्त कर दिया।



04 विकेट

ब्लेसिंग मुजरबानी।

### यह अविश्वसनीय है : कप्तान रजा

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे के कार्यवाहक कप्तान सिकंदर रजा ने आस्ट्रेलिया पर 23 रन से मिली जीत को अविश्वसनीय करार देते हुए कहा कि टीम की एकजुटता, माहौल और संस्कृति ने इसे संभव कर दिखाया। जिम्बाब्वे ने आर प्रेमदासा स्टेडियम पर ग्रुप बी के मैच में आस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। रजा ने मैच के बाद कहा बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। रजा ने 13 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये और गेंदबाजी की शुरुआत की लेकिन नौवें ओवर में मांसपेशी में खिंचाव के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने कहा बाहर से देखकर बहुत अच्छा लगा कि टीम ने कैसे जीत हासिल की। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। बाहर से देखकर गर्व महसूस कर रहा था। यह अविश्वसनीय है।

### अमेरिका ने नीदरलैंड्स को 93 रनों से हराया

**चेन्नई।** साई तेजा एम (79) और शुभम रांजने (नाबाद 48) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद हरमीत सिंह (चार विकेट) और शैडली वान शाल्कविक (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत अमेरिका ने शुक्रवार को टी–20 विश्वकप के 21वें मुकाबले में नीदरलैंड्स को 93 रनों से शिकस्त दी। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीदरलैंड्स का कोई भी बल्लेबाज अमेरिकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका और उनकी पूरी टीम 15.5 ओवर में 103 के स्कोर पर सिमट गई। बास डे लीड ने सर्वाधिक (23) रन बनाए। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने (20), मैक्स ओ'डाउड (13) और रुलॉफ वैन डर मर्व 10 रन बनाकर आउट हुए। नीदरलैंड्स के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। अमेरिका के लिए हरमीत सिंह ने चार और शैडली वान शाल्कविक ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद मोहसिन को दो विकेट मिले।

# अर्शदीप की जगह कुलदीप को उतारे भारत : गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पाकिस्तान के खिलाफ मैच के लिए दिए सुझाव

भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर को उम्मीद है कि रविवार को कोलंबो में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप मैच में भारतीय टीम तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह लेग स्पिनर कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में शामिल करेगी।

नामीबिया के बल्लेबाजों ने गुरुवार को अर्शदीप की जमकर धुनाई की और उन्होंने अपने कोटे के चार ओवर भी पूरे नहीं किए। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा हमारे सभी गेंदबाजों ने विकेट लिए। अर्शदीप ने अपने चार ओवर पूरे नहीं किए, जबकि शिवम दुबे ने दो ओवर और हार्दिक ने अपना कोटा पूरा किया। इससे संकेत मिलता है कि कुलदीप यादव पाकिस्तान के खिलाफ मैच में अर्शदीप की जगह ले सकते हैं।

गावस्कर ने कहा कि भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच को ध्यान में रखते हुए ही अपनी गेंदबाजी में बदलाव किये। उन्होंने कहा हार्दिक ने पहला ओवर किया जिससे संकेत मिलता है कि अर्शदीप पाकिस्तान के खिलाफ शायद नहीं खेलेंगे। वरुण चक्रवर्ती ने केवल दो ओवर फेंके और अगर उन्होंने अपने पूरे चार ओवर फेंके होते तो वह पांच या छह विकेट ले लेते।'''' गावस्कर ने कहा वरुण की सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी उसे गेंदबाजी करने के लिए कहा जाता है, वह विकेट लेता है। अक्षर पटेल ने तीन ओवर में दो विकेट लिए, यह अच्छा संकेत है। गावस्कर ने इसके साथ ही कहा कि अस्वस्थ अभिषेक शर्मा की जगह अंतिम एकादश में बल्लेबाज के रूप में शामिल किए गए संजू सैमसन को क्रीज से काफी दूर जाकर खेलने में परेशानी हो रही है। सैमसन आठ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के शामिल थे। उन्होंने कहा संजू सैमसन की समस्या तकनीकी है। वह क्रीज में बहुत पीछे चले जाते हैं और फ्लिक शॉट खेलते हैं। उन्हें सुधार करने की जरूरत है, खासकर जब वह पारी की शुरुआत करते हैं।



श्रीलंका की पिचें स्पिनरों के लिए मददगार हैं और भारत का तीन स्पिनरों के साथ खेलने का इतिहास रहा है। मुझे उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में कुलदीप को अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा।

–सुनील गावस्कर



कोलंबो में भारत के खिलाफ मैच के पहले अभ्यास सत्र के दौरान टीम के साथियों के साथ पाकिस्तान के शादाब खान (बीच में)। एजेंसी

# कनाडा को 5 विकेट से हराकर यूएई ने दर्ज की पहली जीत

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

जुनैद सिद्दीकी के पांच विकेट के बाद आर्यांश शर्मा (53 गेंद में नाबाद 74) और शोएब खान (29 गेंद में 51 रन) की अर्धशतकीय पारियों से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को यहां कनाडा को पांच विकेट से हराकर पहली जीत दर्ज की।

प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके जिससे कनाडा की पारी सात विकेट पर 150 रन पर रूक गयी। यूएई ने दो गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 154 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। यह दोनों टीमों के बीच इस प्रारूप के दो मैचों में यूएई की दूसरी जीत है। आर्यांश ने 53 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाये जबकि शोएब ने 29 गेंद की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाकर लक्ष्य का पीछा करते समय दबाव हावी नहीं होने दिया। दोनों की साझेदारी उस समय शुरू हुई जब टीम 13वें ओवर में 66 रन पर चार विकेट गंवा कर मुश्किल में थी। इससे पहले दोनों टीमों को अपने पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। कनाडा को दक्षिण अफ्रीका से 57 रन से हार का सामना करना पड़ा था जबकि यूएई को न्यूजीलैंड ने 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।



अर्धशतकीय पारी के बाद जश्न मनाते यूएई के बल्लेबाज आर्यांश शर्मा। एजेंसी

- प्लेयर ऑफ द मैच सिद्दीकी ने चार ओवर में 35 रन देकर पांच झटके

**टी20 विश्व कप**

## पाकिस्तानी गेंदबाज का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा बल्लेबाजों को कर रही हैरान

# उस्मान तारिक का अनोखा एक्शन बना विवाद का विषय

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक का गेंद फेंकने के दौरान क्षणिक विराम और क्रीज पर मूर्ति जैसी मुद्रा ने टी20 विश्व कप के दौरान कई लोगों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया है। ऐसा लगता है कि वह बल्लेबाजों को भ्रम में डालने के लिए ऐसा करते हैं जिसको लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विवाद भी खड़ा हो गया है।

तारिक की रुक-रुक कर गेंद फेंकने की शैली को अवैध गेंद कहना या क्रिकेट की भाषा में कहें तो चकिंग कहना। उनके गेंदबाजी एक्शन की दो बार रिपोर्ट भी की गई लेकिन दोनों अवसरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनके एक्शन को सही करार दिया। इस 28 वर्षीय ऑफ स्पिनर के अपरंपरागत गेंदबाजी एक्शन ने पहले ही खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कुछ खिलाड़ियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। उन्होंने इस सप्ताह श्रीलंका में अपने पहले टी20 विश्व कप मैच में अमेरिका के खिलाफ तीन विकेट लिए थे। क्रिकेट के नियमों के अनुसार तारिक के एक्शन को अवैध ठहराना आसान भी नहीं है। किसी गेंदबाज के एक्शन को अवैध करार देने के लिए सबसे पहला कारण 15 डिग्री का नियम है। इस नियम के अनुसार गेंदबाज अपनी कोहनी को 15 डिग्री की सीमा से अधिक नहीं मोड़ सकता है जिसका मैदान पर मौजूद अंपायरों के लिए वास्तविक समय में सटीक आकलन करना लगभग असंभव है। ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज कुछ ऐसे उल्लेखनीय खिलाड़ी हैं जो तारिक के गेंदबाजी एक्शन से हैरान रह गए थे। नवंबर में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तारिक की दूसरी ही गेंद पर पावर हिटर ब्रेविस आउट हो गए।



### शीर्ष क्रिकेट तक आसान नहीं रहा सफर

पाकिस्तान के स्पिनर तारिक का शीर्ष स्तर के क्रिकेट तक का सफर आसान नहीं था। पिछले दो सत्र में देश के प्रमुख घरेलू टी20 टूर्नामेंट पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए उनके खिलाफ दो बार शिकायत दर्ज की गई, लेकिन दोनों ही मौकों पर लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में परीक्षण के बाद उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

**11** विकेट लिए हैं अब तक केवल चार टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 88 गेंदों पर

मेरी बांह में दो कोहनी हैं। मेरी बांह स्वाभाविक रूप से मुड़ती है। मैंने इसकी जांच करवाई है और रिपोर्ट में यह स्पष्ट है। हर कोई महसूस करता है कि मैं अपनी बांह मोड़ता हूं। मेरी मुड़ी हुई बांह एक जैविक समस्या है।

–उस्मान तारिक

### जब वह रुकें तो बल्लेबाज क्रीज से दूर हट जाएं : अश्विन

**नई दिल्ली।** दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म एक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है कि जब वह गेंद फेंकने से पहले रुके तो बस क्रीज से दूर हट जाएं। तीस वर्षीय तारिक की रुक–रुक कर गेंदबाजी करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम के इकॉनमी रेट से 11 विकेट लिए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले मैच में वह प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।